शोधशौर्यम्

Website : http://shisrrj.com

ISSN : 2581-6306

Peer Reviewed and Refereed International Journal

: Editor-In-Chief :

Dr. Raj Kumar




Volume 2, Issue 4, July-August-2019

# SHODHSHAURYAM INTERNATIONAL SCIENTIFIC REFEREED RESEARCH JOURNAL

Email: editor@shisrrj.com

Publisher Address :

3 & 4, Sterling Plaza,
Indira Circle, 150 Feet Ring Road,
Rajkot-360005, Gujarat, India

# शोधशौर्यम्

# Shodhshauryam

## International Scientific Refereed Research Journal

[ Frequency: Bimonthly ]

ISSN : 2581-6306

Volume 2, Issue 4, July-August-2019

International Peer Reviewed, Open Access Journal
Bimonthly Publication

Published By
Technoscience Academy

Website URL : www.technoscienceacademy.com

# Advisory/Editorial Board


**Editor-In-Chief**

- **Dr. Raj Kumar**
  SST, Palamu, Jharkhand, India

---

**Associate Editor**

- **Prof. Dr. H. M. Srivastava**
  Department of Mathematics and Statistics, University of Victoria, Victoria, British Columbia, Canada
- **Dr. Ashok Kumar Mishra**
  Assistant Professor (Vyakaran), S. D. Aadarsh Sanskrit College Ambala Cantt Haryana, India
- **Prof. Ajit Singh**
  Assistant Professor, Department of MCA, Patna Women's College, Patna, Bihar, India
- **Dr. Somanath Dash**
  Assistant Professor, Department of Research and Publications, National Sanskrit University, Tirupati, Andhra Pradesh, India
- **Dr. Raj Kumar Mishra**
  Assistant Professor, Department of Sahitya, Central Sanskrit University Vedavyas Campus Balahar Kangara Himachal Pradesh, India

---

**Executive Editor**

- **Dr. Sheshang D. Degadwala**
  Head of Computer Department, Sigma Institute of Engineering, Vadodara, Gujarat, India

---

**Editors**

- **Dr. Ekkurti Venkateswarlu**
  Assistant Professor in Education, Sri Lal bahadur Sashtri National Sanskrit University, ( Central University ), New Delhi, India
- **Rajesh Mondal**
  Research Scholar Department of Vyakarana, National Sanskrit University, Tirupati, Andhra Pradesh, India

---

**Assistant Editors**

- **Dr. Virendra Kumar Maurya**
  Assistant Professor- Sanskrit, Government P.G. College Alapur, Ambedkarnagar, Uttar Pradesh, India

---

**International Editorial Board**

- **Dr. Agus Purwanto, ST, MT**
  Assistant Professor, Pelita Harapan University Indonesia, Pelita Harapan University, Indonesia
- **Onu Peter**
  Asst. Professor, Mechanical Engineering, Kampala International University, Kampala, Uganda
- **Dr. Morve Roshan K**
  Lecturer, Teacher, Tutor, Volunteer, Haiku Poetess, Editor, Writer, and Translator Honorary Research Associate, Bangor University, United Kingdom
- **Dr. Raja Mohammad Latif**
  Assistant Professor, Department of Mathematics & Natural Sciences, Prince Mohammad Bin Fahd University, P.O. Box 1664 Al Jhobar 31952, Kingdom of Saudi Arabia

- **Robbi Rahim**
  Faculty of Computer Science, Universitas Pembangunan Panca Budi, Jl. Jend. Gatot Subroto Km. 4,5 Sei Sikambing, 20122, Medan, Sumatera Utara, Indonesia

- **Dr. Abul Salam**
  UAE University, Department of Geography and Urban Planning, UAE
  **Dr. Vaibhav Sundriyal**
  Department of Computer Engineering , Old Dominion University research Foundation, USA (Phd in Computer Engineering from Iowa State University, USA)

- **Dr. Katarzyna Pietrucha-Urbanik**
  Faculty of Civil and Environmental Engineering, Rzeszow University of Technology, Poland

- **Indrasen Poola**
  Data Scientist & Artificial Intelligence - Industry Consultant & Professional Researcher, Palo Alto Networks, Santa Clara, CA, USA

- **Dr. Mohd Muntjir**
  Information Technology Department, College of Computers and Information Technology, Taif University, Al-Hawiya, Taif, Kingdom of Saudi Arabia

- **Vaibhav Sundriyal**
  Research Scientist, Old Dominion University Research Foundation, USA

- **Dr. Elsadig Gamaleldeen**
  Assistant Professor, Omdurman Ahlia University, Sudan

- **Dr. Yasin Ozdemir**
  Ataturk Bahce Kulturleri Merkez Arastırma Enstitusu, Gıda Teknolojileri Bolumu - Yalova

- **Frank Angelo Pacala**
  Samar State University, Samahang Pisika ng Pilipinas

- **Thabani Nyoni**
  Department of Economics Employers Confederation of Zimbabwe (EMCOZ) , University of Zimbabwe, Zimbabwe

- **Dr. Yasin Ozdemir**
  Ataturk Central Horticultural Research Institute, Department of Food Technologies, Yalova, TURKEY

- **Dr. Moustafa Mohamed Sabry Bakry**
  Plant Protection Research Institute, A.R.C, Dokii, Giza, Egypt
- **Dr. Muhammad Akram**
  Assistant Professor, Department of Eastern Medicine, Directorate of Medical Sciences, Faculty of Science and Technology, Government College University, Faisalabad, Pakistan
- **Dr. Andie Siahaan**
  Computer Science, Universitas Pembangunan Panca Budi, Indonesia
- **AbdulGaniyu Abdu Yusuf**
  Computer Science, National Biotechnology Development Agency (NABDA), Abuja, Nigeria
- **Dr. M. A. Ashabrawy**
  Computer Science and Engineering, Prince Sattm bin Abdulaziz University, Kingdom Saudi Arabia(KSA), Saudi Arabia
- **Lusekelo Kibona**
  Department of Computer Science, Ruaha Catholic University (RUCU) , Iringa, Tanzania
- **Md. Amir Hossain**
  IBAIS University/Uttara University, Dhaka, Bangladesh
- **Mohammed Noaman Murad**
  Department of Computer Science, Cihan University Erbil, Kurdistan Region, Iraq
- **Sanusi Abdullahi**
  Department of Physics, Usmanu Danfodiyo University Sokoto, Dundaye, Wamakko LGA, Nigeria
  Email : abdullahi.sanusi@udusok.edu.ng
- **Mahasin Gad Alla Mohamed**
  Assistant Professor, Kingdom Saudi Arabia, Jazan University, Faculty of Education - Female Section, Sabya
- **SK. Saidhbi**
  Assistant Professor, Department of Information Systems, University of Gondar, Ethiopia

Editorial Board


- **Dr. Kanchan Tiwari**
  Assistant Professor, Department of Sahitya, Uttarakhand Sanskrit University Haridwar, Uttrakhand, India
- **Dr. Ganeshwar Nath Jha**
  H.O.D Vyakaran Central Sanskrit University, Ekalavya Campus, Radha Nagar, Agartala Tripura, India
- **Dr. Anita Sengupta**
  Associate Professor, Sanskrit Department, Iswar Saran PG College, University of Allahabad, Uttar Pradesh, India
- **Dr. Jitendra Tiwari**
  Assistant Professor, Sahitya, Rashtriya Sanskrit Sansthan, Eklavya Campus, Radhanagar, Agartala, Tripura, India
- **Dr. Sudheer Singh**
  Associate Professor, Amity School of Architecture And Planning, Amity University, Gwalior, Madhya Pradesh, India
- **Dr. Shilpa Shailesh Gite**
  Assistant Professor, Symbiosis Institute of Technology, Pune, Maharashtra, India
- **Dr. Shanti Lal Salvi**
  Assistant Professor, Department of Literature, Faculty of Sanskrit Studies, Banaras Hindu University, Varanasi, Uttar Pradesh, India
- **Dr. Ajay Kumar Dwivedi**
  Director, MIMT, N4/7 Karaundi Crossing , BHU, Varanasi, Uttar Pradesh, India
- **Dr. Arvind Bijalwan**
  Associate Professor (Agroforestry), College of Forestry, VCSG Uttarakhand University of Horticulture and Forestry, (A State Government Autonomous University), Ranichauri, Distt.-Tehri Garhwal, Uttarakhand, India
- **K. Jagadeesh**
  Assistant Professor , Noble Group of Institutions, Villupuram, Tamil Nadu, India
- **Rohit Kumar Verma**
  Researcher & Writer, Institute of Law, Jiwaji University, Gwalior, Madhya Pradesh, India

- **Dr. R. Reka**
  Professor & Head, Department of Computer Science & Engineering, Annai Mathammal Sheela Engineering College, Tamil Nadu, India
- **Dr. Nilamadhab Mishra**
  Post Graduate Teaching & Research Department, School of Computing, Debre Berhan University, Ethiopia, India
- **Dr. S. Ramkumar**
  Department of Computer Applications, Kalasalingam University, Krishnankoil, Sirivilliputhur, Palani, Dindugal, Tamil Nadu, India
- **Prof. Umesh Sehgal**
  Associate Professor, GNA University, Phagwara, Punjab, India
- **Dr. Ikvinderpal Singh**
  Department of Computer Science & Applications, Trai Shatabdi GGS Khalsa College,Amritsar, Punjab, India
- **Dr. Bhasker Mishra**
  Assistant Professor, Department of Political Science, H.N.B.Garhwal Central University, SRT Campus, Badshahithaul, Tehri, Uttarakhand, India
- **Dr. Nirajkumar C. Mehta**
  Associate Professor, Institute of Technology and Management Universe, Vadodara. Gujarat, India
- **Dr. Ranjana Rajnish**
  Assistant Professor, Amity Institute of Information Technology(AIIT), Amity University, Lucknow, Uttar Pradesh, India
- **Dr. Ramu Nagarajapillai**
  Associate Professor and UGC Research Awardee, Department of Commerce, Annamalai University , Annamalai Nagar, Chidambaram, Tamil Nadu, India

# CONTENT


| SR. NO | ARTICLE/PAPER | PAGE NO |
|---|---|---|
| 1 | **महापुराणों में भागवतपुराण एक संक्षिप्त परिचय**<br>हंसराज जोशी | 01-04 |
| 2 | **महात्मा गांधी के दृ्ष्टिकोण में शारीरिक एवं मानसिक रोग निवारण में पंचतत्व उपचार की प्रासंगिकता**<br>आरसी प्रसाद झा | 05-12 |
| 3 | **वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिन्दी दलित साहित्य**<br>डॉ. अखिलेश सिंह | 13-18 |
| 4 | **Studying water Quality of Tigris River within Baghdad City**<br>Eman A. Mohammed, Nadia M. Nassier, Safa N. Hassan | 19-22 |
| 5 | **वैदिक वाङ्मय में शिव की अवधारणा: एक अध्ययन**<br>दिनेश कुमार मौय | 23-28 |
| 6 | **पद्मभूषण आचार्य पं0 बलदेव उपाध्याय का जीवन परिचय**<br>महेन्द्र कुमार यादव | 29-31 |
| 7 | **शुक्रनीति का महत्व**<br>डॉ. अवनीश कुमार | 32-35 |
| 8 | **Dalit- Bahujan Politics in Uttar Pradesh : The Road Ahead**<br>Rupesh Ranjan | 36-44 |
| 9 | **Politics of Communalism in India**<br>Rupesh Kumar | 45-49 |
| 10 | **षट्कर्म के आलोक में धौतिकर्म की विधि एवं उसका लाभ**<br>मनमोहन कुमार | 50-62 |

| | | |
|---|---|---|
| **11** | **महिलाओं एवं बच्चों में कुपोषण: एक अध्ययन**<br>डॉ. रीता कुमारी | 63-66 |
| **12** | **रमानंद रेणु आ हुनक साहित्य**<br>विनीत कुमार लाल दास | 67-71 |
| **13** | **मैथिलीक प्रमुख कथाकारक कथामे दाम्पत्य-जीवन**<br>श्रवण कुमार | 72-78 |
| **14** | **गरीबी का स्वरूप, उद्देश्य, शोध विधि: एक अध्ययन**<br>डाॅ. मनमोहन प्रसाद पाण्डेय | 79-94 |
| **15** | **वैष्णव धर्म में दशावतार: एक अनुशीलन**<br>जितेन्द्र कुमार यादव | 95-104 |
| **16** | **बाल श्रम प्रतिषेेध अधिनियम का विश्लेषणात्मक अध्ययन**<br>डॉ. संदीप कुमार | 105-110 |
| **17** | **महात्मा बुद्ध की शिक्षा: वर्तमान परिवेश में कितनी प्रासंगिक?**<br>डॉ. पूनम सिंह | 111-115 |

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2019 SHISRRJ | Volume 2 | Issue 4 | ISSN : 2581- 6306

# “महापुराणों में भागवतपुराण एक संक्षिप्त परिचय”

हंसराज जोशी
(शोधार्थी), चलभाष

पुराण साहित्य में सर्वाधिक प्रचलित कृति भागवत-पुराण ही है। इस पर अनेक संस्कृत व्याख्याएं हुई हैं तथा अनेक भाषाओं में इसके रुपान्तर है। रामायण के समान इसका व्यापक प्रचार है। भक्तिरस का आधारग्रन्थ और धर्म का रसमय स्वरुप होने के कारण इसे अनुपम प्रसिध्दि प्राप्त है। अन्य पुराणों की अपेक्षा इसकी भाषाशैली अत्यधिक परिष्कृत,लालित्यपूर्ण,कवित्वमय व प्रौढ़ है। शिक्षित जनों के घर में वेद या अन्य पुराण भले ही न मिलें किन्तु भागवत पुराण अवश्य मिलेगा। विभिन्न अवसरों पर किसी फ़ल के उद्देश्य से इस पुराण का सप्ताह-परायण होता है। इसे सभी दर्शनों का सार(निगमकल्पतरोर्गलितं फलम्) तथा विद्वानों का परीक्षास्थल कह गया है,(विद्यावतां भागवते परीक्षा)।

इस पुराण का विभाजन १२ स्कन्धों में हुआ है। पूरे ग्रन्थ में ३३५ अध्याय तथा अठारह सहस्र श्लोक है। प्रथम स्कन्ध में इस पुराण की उत्पत्ति कथा विस्तृत रुप से दी गयी है जो कि परीक्षित को शुकदेव जी ने सुनायी थी , बाद में इसे नैमिषारण्य में सूत ने ऋषि-मण्डली के समक्ष सुनाया। द्वितीय स्कन्ध में विराट-पुरुष, देवताओं की सकामोपासना, सृष्टिक्रम तथा भागवत के दश लक्षणों का वर्णन है। तृतीय स्कन्ध में उध्दव का विदुर को कृष्ण लीलाओं का वर्णन सुनाना, वराहावतार की कथा, हिरण्याक्ष-वध, कपिल का जन्म और सांख्यदर्शन की उत्पत्ति आदि विषय है। चतुर्थ स्कन्ध में स्वायम्भूव मनु की कन्याओं की वंश परम्परा, दक्ष और शिव की कथा, ध्रुवराजा, वेनराजा, पृथु तथा पुरंजन के आख्यान एवं दस प्रचेताओं के वृत्त वर्णित है। पंचम स्कन्ध में गद्य का भी प्रयोग है, जिसमें प्रियव्रत आदि राजाओं के वृतान्त के अतिरिक्त भूगोल वर्णन है। षष्ठ स्कन्ध में अजामिल, दक्ष तथा उनकी सन्तति विश्वरुप तथा वृत्रासुर का वध एवं दिति-अदिति की कथाएं मुख्य रुप से आई हैं| सप्तम स्कन्ध में प्रहलाद की कथा दस अध्य्याओं में वर्णित है,शेष भाग में वर्णाश्रम-धर्म का विवेचन है। अष्टम स्कन्ध में विभिन्न मन्वन्तरों की कथाएं, गजेन्द्रमोक्ष,समुद्र-मंथन, बलि-वामन कथा एवं मत्स्यावतार

वर्णित है। नवमस्कन्ध में सूर्य तथा चन्द्रवंशों के राजाओं का वर्णन, भरत-वंश वर्णन,पांचाल,मगध आदि के राजाओं का वर्णन है। इस प्रसंग में हरिश्चन्द्र, राम, परशुराम आदि की कथाएं मुख्य हैं। दशम स्कन्ध इस पुराण का बृहत्तम भाग (९० अध्याय) है। सर्वाधिक लोकप्रिय यहीं भाग है। इसमें कृष्ण जन्म से लेकर उनकी पुरी जीवन कथा व लीलाओं का वर्णन है। एकादश स्कन्ध में यादवों के विनाश का तथा कृष्ण-उध्दव संवाद के अन्तर्गत अनेक धार्मिक -दार्शनिक विषयों का वर्णन है। अन्त में कृष्ण का स्वलीला संवरण(मृत्यु) वर्णित है। द्वादश स्कन्ध में कलियुग के राजाओं तथा इस युग के धर्म का वर्णन करके वेदों और पुराणों का विभाजन, भागवत पुराण की विषय वस्तु तथा अन्य पुराणों के श्लोकों की संख्या निर्दिष्ट है।

भागवत मानवमात्र का उपकारी ग्रन्थ है। मनुष्य जब तक भागवत को नहीं पढता और उसमें उसकी श्रध्दा नहीं होती तब तक वह समझ नहीं सकता कि यह ज्ञान और भक्ति का कितना विशाल समुद्र है। मनुष्यों में परस्पर प्रेम और प्राणिमात्र में दया का भाव जागृत करने के लिए भागवत से बढकर कोई दूसरा साधन नहीं है। भागवत के पढ़ने से मनुष्य को यह विमल ज्ञान होता है कि एक ही परमात्मा प्राणीमात्र में वर्तमान है। जब उसे यह ज्ञान हो जाता है  तब वह अधर्म नहीं करता क्योंकि उस समय दूसरों का बूरा करना अपना ही बूरा करना मालूम होने लगता है। इसमें भूगोल, खगोल, इतिहास, नीति, दर्शन, ज्ञान-विज्ञान, कला एवं अन्यान्य विषयों का मनोरंजक वर्णन है। साथ ही ईश्वरीय ज्ञान एवं प्रकृति के रहस्यों का उद्घाटन एवं अभ्युदय नि:श्रेयश मार्ग का सर्वोत्तम साधन है। इसमें आध्यात्मिक, आधिदैविक एवं आधिभौतिक विज्ञान का बड़ा ही हृदयग्राही वर्णन है। सबसे विलक्षण बात यह है कि इसमें भारत के बहाने वेदों का रहस्य खोला है। देखिए भागवत में व्यास जी ने कहा है- **“भारत्यपदेशेन हयाम्नायार्थश्च दर्शित:।१-४-२८**

वर्णन की दृष्टि से भागवत का विभाजन चार प्रकार से किया गया है।

**१.घटनात्मक वर्णन**

**२.उपदेशात्मक वर्णन**

**३.स्तुत्यात्मक वर्णन**

**४.गीतात्मक वर्णन**

**१.घटनात्मक वर्णन-**

घटनात्मकवर्णन में भगवान् की लीला और साधारण चरित्रों का वर्णन है। इसमें देव-दानव, मनुष्य, पशु-पक्षी आदि सब के चरित्र आ जाते है और मुक्ति का मार्ग बताने के लिए रुपक के द्वारा आध्यात्मिकतत्व का वर्णन भी आता है।जैसे भागवत के चतुर्थ स्कन्ध में पुरन्जनउपाख्यान एवं पंचमस्कन्ध में भवाटवी का वर्णन।

**२. उपदेशात्मक वर्णन-**

उपदेशात्मक वर्णन दो भागों में विभक्त हैं-

(क) साधारण।

(ख) विशेष।

**(क) साधारण -**

साधारण उपदेश में उन अशों को लेना चाहिए जिनमें साधु,महात्मा,मित्र, गुरुजन और सगे सम्बन्धियों ने उपदेश दिये हैं। श्रीमद् भागवत के प्रत्येक अध्याय और प्रत्येक संवाद में ऎसे उपदेश मिलते हैं जिनके अनुसार आचरण करने से जीव अपना परम कल्याण प्राप्त कर सकता है। सभी उपदेशों  का सार है कि “विषयों की आसक्ति को छोड़कर अपने कर्तव्य-कर्म का अनुष्ठान करते हुए भगवान् को स्मरण करते रहना।”

**(ख) विशेष-**

विशेष उपदेश के रूप में उध्दव के प्रति भगवान् के उपदेश, ध्रुव के प्रति नारद के उपदेश आदि आते हैं।

**३. स्तुत्यात्मक-**

स्तुत्यात्मक प्रश्न जगह-२ पर आते हैं। स्तुति करने से भगवान के गुण,नाम,रूप,लीला आदि का स्मरण होता है और धीरे-२ भक्त का हृदय दृढ़  हो जाता है। परिणाम स्वरूप अन्त में भगवत-तत्व की प्राप्ति हो जाती है। इसीलिए भगवान् की स्तुति को उपयोगी एवं ऊंचा साधन माना गया है। इसमें अन्य देवताऑ का अनादर नहीं किया गया है। किन्तु इसमें एकेश्वरवाद के साथ-२ बहुदेववाद के लिए भी स्थान है।

**४. गीतात्मक भाग-**

गीतात्मक भाग में गीताऑ का बाहुल्य हैं। जैसे कपिलगीता, हंसगीता,गोपीगीता, पिंगलगीता, ऎलगीता, भिक्षुगीता आदि।

अत: भाव तथा भाषा उभयदृष्टि से श्रीमद् भागवत का कथन यथार्थ है-

**श्रीमद् भागवतं पुराणममलं यद् वैष्णवानां प्रियं,**
**यस्मिन् पारमध्यस्यमेकममलं ज्ञानं परं गीयते।**
**तत्र ज्ञान विराग भक्ति सहितं नैष्कर्म्यमाविष्कृतम्,**
**तच्छृण्वन् विपठन् विचारणपरो भक्त्या विमुच्येन्नरः॥**

संस्कृत के वाङ्.मय का भागवत एक अलौकिक रसमय प्रतिनिधि ग्रन्थ है। वाङ्.मय के विविध प्रकारों वेद, पुराण तथा काव्य का श्रीमद्भागवत अकेले ही बोधन कराता है, अर्थात् यह शब्द प्रधान वेद के समान आज्ञा देता है तथा अर्थप्रधान पुराण के समान हित का उपदेश करता है,और रसप्रधान काव्य के समान यह रसामृत से पाठकों तथा श्रोताओं को मुग्ध बना देता है। अत: एक होने पर भी यह त्रिवृत है, त्रिगुणों से सम्पन्न है। भागवत रस तथा माधुर्य का अगाध स्रोत है। नाना परिस्थितियों के परिवर्तन से उत्पन्न होने वाले मानव हृदय को उद्वेलित करने वाले भावों के चित्रण में भागवत अद्वितीय काव्य है।

इसप्रकार यह भागवत पुराण देश की जाति, सम्प्रदाय और भिन्नता का निराकारण करने वाला सार्वभौम-सिध्दान्त प्रतिपादक ग्रन्थ रत्न है। इसके प्रचार एवं प्रसार से जीव मात्र का कल्याण संभव है तथा भक्ति का रसास्वाद करता हुआ मनुष्य ज्ञानी बन सकता है। ऎहिक और पारमार्थिक सुखों की प्राप्ति भागवत पुराण की शिक्षा के अनुसार जीवन जीने के प्रयास से ही सम्भव है।

आज अनेकानेक जटिल प्रश्न समाज और व्यक्ति के समक्ष उपस्थित होते रहते हैं,जिनका समाधान का एक मात्र उपाय भागवतपुराण का स्वाध्याय है। तथा इसके उपदेशों को व्यवहार में उतारकर मनुष्य अल्प प्रयास से भगवत्-धाम की प्राप्ति कर सकता है।

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2019 SHISRRJ| Volume 2 | Issue 4 | ISSN : 2581-6306

# महात्मा गांधी के दृष्टिकोण में शारीरिक एवं मानसिक रोग निवारण में पंचतत्व उपचार की प्रासंगिकता

आरसी प्रसाद झा
अनुसंधान सहयोगी (मनोविज्ञान), भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण, प्रतापनगर, उदयपुर–313001(राज.)

*वर्तमान शोध का उद्येश्य है कि महात्मा गांधी के दृष्टिकोण में शारीरिक एवं मानसिक रोग निवारण में पंचतत्व चिकित्सा की प्रासंगिकता को जाना जाए। महात्मा गांधी ने पंचतत्व की श्रेणी में आसमान, पानी, प्रकाश, पृथ्वी (मिट्टी) और हवा को रखा। गांधीजी के अनुसार, पंचतत्व चिकित्सा प्राकृतिक धरोहरों से निर्मित, घरेलू, निःशुल्क व बिना किसी हानि की चिकित्सा पद्धति है। पंचतत्व प्राकृतिक चिकित्सा का एक प्रकार है जो कि शारीरिक, मानसिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक रोग को दूर करता है। महात्मा गांधी ने बताया है कि पंचतत्व चिकित्सा से रोग मिट जाने के साथ ही रोगी के लिए ऐसी जीवन पद्धति का आरंभ होता है जिसमें पुनः रोग के लिए गुंजाइश ही नहीं रहती। गांधी जी का कहना है कि रात में सोने के लिए खुले आसमान में सोना चाहिए व बरसात, ठंड, आदि में हल्के कपड़े ढक कर (नाक खुला छोड़कर) सोना चाहिए। गांधीजी के दृष्टिकोण में स्वच्छ पेय जल, स्नान, बर्फ, ठंडा व गर्म जल और भाप से भी कई बीमारी दूर होते हैं। गांधीजी ने सूर्योदय के समय लंगोट में स्नान करने, धूप सेवन व सुवह–शाम नियमित टहलने के लिए बताया। उन्होंने मिट्टी खाने, मिट्टी का लेप लगाने व मिट्टी की पट्टी बांधने से कई बीमारी का उपचार किया। गांधीजी का कहना है कि सभी लोग प्राकृतिक हवा लें। उन्होंने सभी को हवादार और प्रकाशयुक्त कमरे बनवाने के लिए कहा। अतः इस अध्ययन का सार यह है कि गांधीजी के दृष्टिकोण में पंचतत्वों के असंतुलन से रोग होते हैं व इन रोगों की रोकथाम, निवारण व उपचार भी पंचतत्वों में निहित हैं। वे इस पद्धिति से कई लोगों के शरीर, मन और आत्मा का इलाज किया।*

**मुख्य शब्द** : आसमान, उपचार, गांधी, पंचतत्व, पानी, प्रकाश, मिट्टी, हवा

महात्मा गांधी को डॉक्टर बनने की इच्छा थी, लेकिन उन्हें व उनके परिवार वाले को मुर्दों व जीवित जीव–जंतुओं के साथ चीड़फाड करना पसंद नहीं था। इसीलिए एलोपैथ दवाई व पढाई में इनकी रूचि नहीं रही। ये आयुर्वेद को इसीलिए पसंद नहीं करते थे कि वैद्य नए प्रयोग कर नई औषधि व जड़ीबूटी नहीं बनाते थे। होमियोपैथ में इनकी आस्था नहीं थी। गांधीजी चरबी और शराब से बनी दवाई के पक्षधर नहीं थे। उन्होंने अस्पताल को पाप की जड़ कहा जहां रोगी को ठीक करने के लिए लाखों जीवों को प्रयोग के नाम पर मार देते हैं। महात्मा गांधी का कहना है कि मनुष्य को बीमारी होने पर दवा की सहारा कम ले व इसके स्थान पर शक्तिशाली रोग निवारक के रूप में प्रकृति पर अधिक बल दिया जाना चाहिए (प्रभु एवं राव, 1994, पृ.453)। इसीलिए वे डॉक्टरी की पढाई नहीं किए लेकिन यह रूचि बाद में प्राकृतिक चिकित्सा के तरफ ले गया। लुई कुने की पुस्तक ने इन्हें जल के माध्यम से चिकित्सा अपनाने के लिए आकर्षित किया और इसके माध्यम से स्वयं का, अपने परिवार का, बाल–बच्चों व मित्रों का उपचार किया। साथ ही ये खान–पान में परहेज, उपवास और जड़ी–बूटी के उपयोग, मिट्टी, हवा, धूप आदि को प्राकृतिक चिकित्सा का आधार बनाया। पृथ्वी, पानी, आकाश, तेज और वायु के माध्यम से उपचार कराने के लिए कहीं बाहर या शहर या समुद्र पार जाने की जरूरत नहीं है। बल्कि हम जहॉं हैं वहीं उपचार उपलब्ध है (गांधीजी, 1954, पृ.15, 42)। उन्होंने इसके लिए कुदरती उपचार का रास्ता अपनाए ताकि गरीबों का इलाज आसानी से, कम से कम कीमत में व सरल तरीके से हो जाए।

गांधीजी एडोल्फ जस्ट द्वारा लिखित पुस्तक 'रिटर्न टू नेचर' से प्रभावित होकर प्राकृतिक चिकित्सा के समर्थक हो गए। गांधीजी ने आरोग्य की कुंजी 28.8.42 से 18.12.42 तक लिखा। इससे प्रभावित होकर वे हरिजन, यंग इंडिया, नवजीवन, आदि में कई आलेख लिखे, जिज्ञासुओं व रोगी के उत्तर भी लिखे। साथ ही, गांधी जी ने 1934 से 1944 की अवधि में पुणे में डॉ. दिनशॉ मेहता के प्राकृतिक चिकित्सालय में रूकते थे। गांधीजी ने प्राकृतिक चिकित्सा को अपने रचनात्मक कार्यों में शामिल किया था। महात्मा गांधी ने 1901 से अपने जीवन में प्राकृतिक चिकित्सा पर बल दिया है (प्रभु एवं राव, 1994, पृ.445)। 'आरोग्य की कुंजी' मूल रूप से गांधीजी की यह पुस्तक गुजराती में थी। बाद में यह पुस्तक हिंदी व अन्य क्षेत्रीय भाषा सहित अंग्रेजी व यूरोपियन भाषा में आया। यह विषय इतना महत्वपूर्ण था कि वे प्रेस में देने से हिचकिचाते थे। महात्मा गांधी ने 23 मार्च 1946 में उरूलीकांचन उपचार केन्द्र खोला। इस स्थान पर गॉंधीजी ने कुल 567 रोगियों को देखे जिसमें 23 गंभीर बीमारी होने के कारण अन्तरंग विभाग में भर्ती हुए, 90 रोगियों के छोटे ऑपरेशन हुए, वाह्य विभाग के रोगी को एनिमा, स्नान, कटि स्नान, ठंडे या गरम पानी की पट्टी, गीली मिट्टी की पट्टी, खानपान में परिवर्तन, आदि से ठीक किया गया, लगभग 300 रोगी ठीक हो गए और कुछ रोगी को खुराक पर पाबंदी लगने के कारण उपचार के बीच में छोड़ गए (गांधीजी, 1954, पृ.60)। गांधी जी ने यंग इंडिया, हिंदी नवजीवन, हरिजन और हरिजन सेवक में आरोग्य सामग्री प्रकाशित किए थे। इसके अलावा, गांधी जी ने हिंदी स्वराज्य, आत्मकथा और आरोग्य में भी पंचतत्व चिकित्सा का उल्लेख किया है। गांधीजी पत्रों के द्वारा पत्रोत्तर करते थे (गांधीजी, 1954, पृ.2–4)। वे प्राकृतिक चिकित्सा विशेशकर पंचतत्वों (पृथ्वी, वायु, जल, अग्नि, आकाश सहित) के महत्व के बारे में लिखते रहे और इस चिकित्सा पद्धति के माध्यम से आम आदमी का उपचार (1934 से 1944 ई.तक) भी स्वयं का, परिवार का, रिश्तेदार का, आश्रम के सदस्यों व आम आदमियों का उपचार करते रहे। महात्मा गांधी का कहना है कि मनुष्यों की दवाई लेने की कोई आवश्यकता नहीं पड़नी चाहिए। प्राकृतिक चिकित्सा पृथ्वी, जल, वायु, आकाश, सूर्य की रोशनी के माध्यम से रोग ठीक किया जाता है (गांधी, 1954, पृ.9)। उन्होंने कई रोगियों को उपचारोपरांत दावे के साथ कहा कि एक हजार में 999 मामले सुनयमित आहार, पानी तथा मिट्टी के उपचार व घरेलू उपचार से रोग ठीक होते हैं। उनके अवधि में किसी रोगी ने उपचार को

लेकर कभी भी शिकायत नहीं किए (प्रभु एवं राव, 1994, पृ380; गांधी, 1961ब, पृ.231; गांधी, 1954, पृ.26; गांधी, 1947, पृ.144; गांधी, 1940, पृ.303; गांधी, अतिथ्य, पृ.271, 294, 358)।

महात्मा गांधी के अनुसार, व्यक्ति का निर्माण पंचतत्वों (जल/पानी सहित) से होता है। अतः इन तत्वों की कमी व असंतुलन के कारण ही रोग या विकृति उत्पन्न होती है। पंचतत्व व प्राकृतिक चिकित्सा शारीरिक, मानसिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक विकृति को दूर करने में सहायक है। महात्मा गांधी ने बताया है कि 'प्राकृतिक चिकित्सा से रोग मिट जाने के साथ ही रोगी के लिए ऐसी जीवन पद्धति का आरंभ होता है जिसमें पुनः रोग के लिए गुंजाइश ही नहीं रहती।'

महात्मा गांधी के अनुसार, आरोग्य का अर्थ तंदूरूस्त शरीर है। जिसका शरीर व्याधिरहित है, जिसका शरीर सामान्य काम कर सकता है, अर्थात् जो मनुष्य बगैर थकान के रोज दस–बारह मील चल सकता है, जो बगैर थकान के सामान्य मेहनत–मजदूरी कर सकता है, सामान्य खुराक पचा सकता है, जिसकी इन्द्रियां और मन स्वस्थ है, ऐसे मनुष्य का शरीर तंदूरूस्त कहा जा सकता है (गांधीजी, अतिथ्य, पृ.19)। महात्मा गांधी ने बताया है कि शरीर के सभी अंग नियमानुसार चले तो शरीर का व्यवहार अच्छी तरह से चलता है। एक भी अंग लटक गया तो गाड़ी नहीं चल सकती। जैसे कि–पेट का काम ठीक ढंग से नहीं चलने पर अपच या कब्ज होती है व बाद में इससे अनेक समस्यायें उत्पन्न होती हैं। साथ ही, शरीर को साफ सुथरा रखने की भी आवश्यकता है (गांधीजी, अतिथ्य, पृ.20)। गांधीजी ने बताया है कि बलवान व्यक्ति को कई प्रकार की बीमारी होती है। यदि ऐसे लोगों को रोग न भी हो तो ऐसे लोग कई संक्रामक रोगों का शिकार तुरंत हो जाते हैं (गांधीजी, 1954, पृ.2–4)। व्यक्ति को अपने शरीर की साफ–सफाई, घर व गॉव की साफ–सफाई, युक्ताहार और योग–व्यायाम कम से कम बीमारी को जन्म देनेवाली मानी जाती है। इससे चित्तशुद्धि होती है और बीमारी पनपने नहीं देती है। महात्मा गांधी ने यह कहा है कि बीमार होना मनुष्य के लिए शर्म की बात है। बीमार होना किसी दोष की सूचक है। जिसका तन और मन स्वस्थ है उसे बीमार होना ही नहीं चाहिए। महात्मा गांधी ने मानसिक अस्वस्थता के बारे में बताया है कि विकारी विकार भी बीमारी की निशानी है। इसलिए हम सब विचारी विचार से बचते रहें। उन्होंने यह भी बताया है कि बीमारी से जितनी मौतें नहीं होतीं उससे ज्यादा मृत्यु बीमारी के डर से होती है (गांधीजी, 1954, पृ.40)। महात्मा गांधी का कहना है कि राष्ट्रीय तथा सामाजिक स्वच्छता की भावना हमारे गुणों में सम्मिलित नहीं है। हम स्नान तो करते हैं, पर उस कुंए या तालाब अथवा नदी को गंदा करने से नहीं चूकते जिसके किनारे या जिसमें हम नहाते–धोते हैं। यह बहुत बड़ी बुराई है जो गॉवों और पवित्र नदियों के पवित्र कूलों की दुर्दशा तथा गंदगी से पैदा होनेवाली बीमारियों के लिए जिम्मेदार है (प्रभु एवं राव, 1994, पृ.384)। महात्मा गांधी के अनुसार, पंचतत्व केवल एक इलाज नहीं है बल्कि बीमारी होने के बाद एक ऐसी उपचार पद्धति है जिसमें प्रकृति के नियमों के साथ जीना सीखाया जाता है और इसके लिए पृथ्वी, जल, वायु, आकाश, सूर्य की रोशनी के साथ उपवास के माध्यम से ठीक किया जाता है (गांधी, 1954, पृ.3)। महात्मा गांधी के अनुसार, प्राकृतिक नियमों को देखते हुए रामनाम का पाठ, स्नान में धूप स्नान, घर्षण स्नान और हिप स्नान, सादा पानी, एनीमा, साधारण स्नान, गर्म पानी, ठंडा पानी, खाने में दूध, छाछ, फल और फल के रस, नियम के साथ खाना और पीने के लिए गर्म पानी, ठंडा पानी, साफ और ताजा पानी ही रोग को मिटाता है (गांधी, 1954, पृ.42, 66)।

प्रकृति की पांच एजेंसियॉ हैं–पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश और वायु। इसीलिए हमें प्रकृति द्वारा प्रदत्त इलाज के नियम का पालन करना है (गांधी, 1962, पृ.184)। गांधीजी का कहना था कि शरीर पंचभूत का पुतला है– 'पवन, पानी, पृथ्वी, प्रकाश और आकाश, पंचभूत के खल से बना जगत का पाश' (गांधीजी, 1948, पृ.2–3; गांधीजी, अतिथ्य, पृ.19)।

गांधीने बताया है कि बीमारी तीन प्रकार की होती है–शरीर की, मन की और आत्मा की/आध्यात्मिक (गांधीजी, 1954, पृ.33, 57)। महात्मा गांधी का कहना है कि साफ–सुथरा व सफाई नहीं रहने से कई गंदगी, बीमारी, अध्यात्मिक अस्वच्छता, शुचिता व शारीरिक अस्वस्थता जन्म लेती है (प्रभु एवं राव 1994, पृ.92)। महात्मा गांधी ने कहा है कि व्यक्ति की बीमारी मानसिक और आध्यात्मिक कारणों से होती है। अतः गांधी जी ने इसके उपचार में मनुष्य के संपूर्ण दृष्टिकोण बदलने के लिए कहा है। महात्मा गांधी ने कहा है कि ईश्वर द्वारा दी गई पृथ्वी, जल, आकाश, सूर्य और वायु की शक्ति को जितना जितना निकट रखेगा, वह व्यक्ति बीमार नहीं होगा (गांधी, 1947, पृ.129)। महात्मा गांधी का कहना है कि बीमारी प्रकृति के नियमों की अज्ञानतावश या जानबूझकर भंग करने से पैदा होती है (प्रभु एवं राव, 1994, पृ.381)। गांधीजी के मन में रोगियों की सेवा–शुश्रूषा करने तथा गरीबों की सेवा करने की हमेशा इच्छा रहती थी। महात्मा गांधी का कहना है कि विचारों की शुचिता हो तो बीमारी आ नहीं सकती है (प्रभु एवं राव, 1994, पृ.91)। रोगी को उचित आहार, पानी, आदि नहीं लेने से स्वास्थ्य को गंभीर खतरा रहता है (विनोबा, अतिथ्य, पृ.221)। महात्मा गांधी का कहना है कि आज शुद्ध जल, शुद्ध पृथ्वी और शुद्ध वायु हमारे लिए अपरिचित हो गए हैं। यदि हम पानी सहित अन्य चार तत्वों का बुद्धिमत्तापूर्ण प्रयोग करें और सही तथा संतुलित भोजन करें तो हम युगों का काम पूरा कर सकेंगे (प्रभु एवं राव, 1994, पृ.366)। महात्मा गांधी का विश्वास था कि स्वास्थ्य के सारे नियमों का पालन करके मानव–शरीर, मन और आत्मा को पूर्ण स्वस्थ स्थिति में रखा जा सकता है। महात्मा गांधी का कहना है कि जो व्यक्ति जीवित रहने के लिए भोजन करता है और जो पृथ्वी, जल, आकाश, अग्नि और वायु, इन पंचतत्वों के साथ मैत्रीभाव रखता है और इन सबके सृष्टा ईश्वर का सेवक है, वह कभी बीमार पड़े तो भी भगवान पर भरोसा करते हुए चित्त को शांत रखना चाहिए (प्रभु एवं राव, 1994, पृ381)। महात्मा गांधी का कहना है कि मनुष्य को पानी, भोजन और वायु स्वच्छ मिलना चाहिए। इसके अलावा वैयक्तिक स्तर पर स्वच्छता एवं इर्द–गिर्द स्थान का भी वातावरण स्वच्छ होना चाहिए (प्रभु एवं राव, 1994, पृ.476)। महात्मा गांधी का मानना था कि शरीर के जिस भाग में गंदगी बनी है उसे हटाए बिना उसे रोगमुक्त नहीं किया जा सकता। गांधीजी ने बताया है कि बलवान व्यक्ति को कई प्रकार की बीमारी हो सकतती है। यदि ऐसे लोगों को रोग न भी हो तो ऐसे लोग कई संक्रामक रोगों का शिकार तुरंत हो जाते हैं (गांधीजी, 1954, पृ.2–4)। महात्मा गांधी (1962, पृ.196) के अनुसार, गर्म पानी, धूप, स्वच्छ नमक, सोडा, अरंडी का तेल, कुनैन, आदि के उपयोग से कई रोग ठीक हो जाते हैं। किसी विशेश स्थल के हवा,

पानी, शाकभाजी, दूध, आदि व्यक्ति विशेश के लिए हृष्ट–पुष्ट बनाता है (विनोबा, अतिथ्य, पृ.82)। महात्मा गांधी का कहना है कि घाव, बुखार, अपच/अजीर्ण, पीलिया, आदि रोगों के लिए मिट्टी, पानी और उपवास महत्वपूर्ण उपचार पद्धति है। उन्होंने कुछ बीमारी में केवल पानी से हुए उपचार में असफल रहे और बाद में जल के अलावा अन्य चिकित्सा को अपनाने पर जोर दिया (गांधी, अतिथ्य, पृ. 339, 360; गांधी, 1954, पृ.28)। महात्मा गांधी का कहना है कि केवल, पानी, मिट्टी या उपवास के प्रयोगों से और आहार के परिवर्तन में सब प्रकार की बीमारियों का उपचार किया जा सकता है (गांधीजी, 1961, पृ.218–219, 224)। महात्मा गांधी ने हल्के बुखार के उपचार में चालीस दिन तक दूध, पानी और फलों के रस से लोगों को ठीक किया (गांधी, अतिथ्य, पृ.273)। गांधी जी ने कहा है कि उपवास, एनिया द्वारा ऑतें साफ करके, कटि स्नान, घर्षण स्नान, मालिश, आदि से ही व्यक्ति रोगमुक्त और स्वस्थ हो सकता है। महात्मा गांधी के दृष्टिकोण में स्वच्छ आहार, कुदरत के नियमों का पालन, शुद्ध और ताजी हवा, नियमित कसरत, स्वच्छ वातावरण और शुद्ध हृदय ही लोगों को निरोग और रोगमुक्त रख सकता है। महात्मा गांधी का कहना है कि उपवास करने से कई बिमारियों, जैसे–कब्ज, खून की कमी, ज्वर, अपच, सिरदर्द, वायुविकार, संधिवात, खीझ, गुसा, विषाद, हर्षतिरेक, आदि का उपचार होता है (प्रभु एवं राव, 1994, पृ.49) वहीं अतिभोजन ग्रहण अपच का कारण बनता है (गांधी, 1938, पृ.36)। मानव को अल्पाहार भोजन ग्रहण करना चाहिए व उपवास (परिस्थिति के अनुकूल पूर्ण व आंशिक उपवास का चुनाव) करना चाहिए। लोगों को पेटू नहीं बनकर और स्वाद को प्राथमिकता नहीं देकर भोजन ग्रहण करना चाहिए। भोजन की संतुलित मात्रा औषधि का भी कार्य करता है (गांधी, 1938, पृ.35–36)। महात्मा गांधी के दृष्टिकोण में रोग के कुदरती उपचार में मिट्टी, पानी, सूर्य, हवा, धूप और उपवास सम्मिलित है। कुदरती उपचार में सिर्फ शरीर का ही नहीं बल्कि मन का भी समावेश होता है (गांधीजी, 1954, पृ.2–4, 58)।

महात्मा गांधी को घरेलू डॉक्टर भी कहा जाता था। महात्मा गांधी अपने पुत्र को टाइफाइड होने पर पानी और संतरे के रस से ठीक किया था और उस समय उसके शरीर पर गीली चादर लपेटकर उपर से ढक देते थे। वे बुखार होने पर भी इसी तरह कई लोगों को उपचार ठीक किया था। एक बार महात्मा गांधी की पत्नी को रक्ताल्पता (एनीमिया) होने पर पंद्रह दिन का उपवास कराकर और इस समय केवल नीम के पत्ते का रस पीलाकर ठीक किया। वे पेट साफ रखने के पक्ष में नहीं थे तो अजीर्ण, सिरदर्द, कब्ज, आदि रोग होते थे। महात्मा गांधी के अनुसार, प्रणायाम, शारीरिक श्रम, व्यायाम, सुवह–शाम टहलना और मानसिक शांति होने पर कोई भी बीमारी नहीं होती है। इसके बावजूद, महात्मा गांधी का कहना था कि प्राकृतिक चिकित्सा सभी बीमारी के उपचार में काम नहीं करता है। उन्होंने स्नान के रूप में धूपस्नान, सूर्य स्नान, कटिस्नान, घर्षण स्नान, शरीर पोंछना, आदि के उपचार के लिए प्रविधि बताया। महात्मा गांधी का कहना है कि उबला पानी विभिन्न रोगों को दूर करता है (बंदोपाध्याय, 1964, पृ.23, 27)। महात्मा गांधी के पुत्र को एक बार कालाज्वर हुआ और डॉक्टर से दिखाने पर भी ठीक नहीं हुआ। महात्मा गांधी ने कटि स्नान से उपचार किया और तीन दिन तक लगभग तीन मिनट प्रतिदिन टब में उन्हें रखते थे और इस बीच पानी पीने और संतरे के रस के अलावा कुछ खाने के लिए नहीं दिए। गांधी जी रोगी के चादर को ठंडे पानी में भिगोते थे, सिर पर गीला तोलिया रखते थे। लेकिन पसीना आने और ताप घटने का नाम नहीं ले रहा था। एक बार चौपाटी पर रोगी को आधा घंटा के लिए प्राकृतिक हवा खिलाने व घुमाने ले गए। धीरे–धीरे पसीना आ गया और ताप भी घट गया। इस उपचार में 40 दिन लगे और उनके पुत्र दूध, पानी और फल के रस का सेवन किए। अतः स्नान, टहलना, हवा लेना, पानी, आदि रोगी को लाभ पहुंचाता है। महात्मा गांधी ने एक बार पाया कि अंग्रेज भर दिन बहुत बार और बहुत खाता है और बीमार भी पड़ता है। महात्मा गांधी ने सोचा कि अधिक खाना खाने से बीमारी होती है। इसे सही साबित करने के लिए स्वयं पर प्रयोग किया। महात्मा गांधी अपनी सिरदर्द को रोकने के लिए सुवह का नाश्ता छोड़ दिए और बाद में उनका सिरदर्द ठीक हो गया। अतः महात्मा गांधी का कहना था कि आवश्यकता से अधिक खाने को ग्रहण करने से बीमारी आती है। महात्मा गांधी का कब्ज कई उपचार के बावजूद ठीक नहीं हो रहा था। एक बार महात्मा गांधी रात में पुलटिस बांधकर (मिट्टी चिकित्सा का एक प्रकार) सोते थे और सुवह/रात्रि में नींद खोलने पर खोल लेते थे, इससे उनका कब्ज दूर हो गया। एक बार महात्मा गांधी के पुत्र को घाव हुआ और महात्मा गांधी स्वयं घाव साफ करते, मिट्टी की पुलटुस रखकर पट्टी बांधते। एक माह के उपचार में घाव बिल्कुल भर गया। महात्मा गांधी की पत्नी का रक्तस्राव नहीं रूक रहा था तब महात्म गांधी ने दाल और नमक छोड़ने के लिए कहे और दाल एवं नमक छोड़ते ही रक्तस्राव बंद हो गया। एक बार महात्मा गांधी को पसली का दर्द हुआ और यह केवल रोटी और कच्चे साग को खाने से ठीक हुआ। इसके अलावा वे 24 घंटा खिड़की खुला रखने, कुनकुने पानी से नहाने, दर्द के स्थान पर तेल की मालिश करने और खुली हवा में घूमना, आदि भी करते थे। इससे बीमारी ठीक हुआ। घाव, बुखार, अजीर्ण, पीलिया, आदि रोगों में मिट्टी, पानी और उपवास से रोगी को लाभ मिलता है। उन्होंने ऐसा प्रयोग छोटे–बड़े, स्त्री–पुरूष सब पर किया और सफल भी हुआ। महात्मा गांधी को एकबार उत्सव में व अच्छा स्वाद के आधार पर लाप्सी अधिक खा लिया और उनमें पेचिश शुरू हो गया। वे 24 घंटे में तीस–चालीस बार शौचालय गए। अतः महात्म गांधी का कहना है कि पर्व–उत्सव में, अच्छा स्वाद का खाना, अधिक मात्रा में खाना बीमारी को जन्म देता है। एक बार महात्मा गांधी को बुखार होने पर बर्फ से पूरे शरीर की घिसाई करवाए थे, कई बार ऐसा करने से वे ठीक हुए (गांधीजी, 1954, पृ. 21–22, 23, 26, 27, 28, 29, 30)। महात्मा गांधी एक बार बीमार होने पर डॉक्टर के कहने से कुनकुने पानी से नहाने, प्राकृतिक हवा लेने व डॉक्टर के अन्य परामर्श को माने और वे ठीक हुए (गांधी, अतिथ्य, पृ.394)।

संक्षेप में, महात्मा गांधी ने उपचार के रूप में पंचतत्व की श्रेणी में हवा, पानी, पृथ्वी (मिट्टी), आकाश और सूर्य को इस प्रकार समझाया है–

### हवा

प्रकृति के पांच तत्वों में हवा का भी महत्वपूर्ण स्थान है। हवा के बिना व्यक्ति जी भी नहीं सकता है। हवा सबके लिए आवश्यक है। इसीलिए प्रकृति ने हवा सब जगह दिया है। लेकिन, हवा को देखा नहीं देखा जा सकता है। हां, इसे मौसम, पेड़ के

हिलने–डुलने, उमस, आदि के आधार पर अनुभव किया जा सकता है। महात्मा गांधी का कहना है कि वायु (हवा) निःशुल्क रूप से उपलब्ध होना चाहिए कि क्योंकि ये भगवान के दिए हुए उपहार हैं (गांधी, 1962, पृ.13; गांधी, 1947, पृ.70)। अतः प्रकृति के इस उपहार को ग्रहण करना चाहिए। व्यक्ति को हवा साफ और स्वच्छ होनी चाहिए, यदि व्यक्ति इसमें संतुष्ट नहीं है तो अपने वातावरण को भी संक्रमित करेगा (गांधी, 1962, पृ.142)। हवा में प्राणवायु है जिसे हम इसके बिना नहीं रह सकते। हवा यदि जहरीली हो तो व्यक्ति मर सकता है, श्वांस रूक सकता है या नहीं तो बीमार पड़ सकता है। हवा और प्रकाश का न होना बीमारी का सूचक है। यदि शरीर को हवा सहन करने की आदत हो जाती है तो जुकाम, बलगम, आदि नहीं होता है। हवा नहीं रहने पर पंप से खिंचा भी जा सकता है। डॉक्टर ऑक्सीजन देकर रोगी को कृत्रिम हवा देकर जिंदा रखते हैं। गांधी जी का कहना है कि घर ऐसा बनायें कि कमरों में हवा और सूर्य का प्रकाश अच्छी तरह आ सके। हवा से हमारा रक्त शुद्ध होता है। हमारा घर ऐसे स्थान पर होना चाहिए जहां प्राकृतिक हवा मिलता हो। ऐसे स्थान पर घर नहीं बनायें कि जहॉं गंदगी हो, दुर्गंध हो, भीड़भाड़ हो, अंधेरा हो या हवा आने का साधन न हो। महात्मा गांधी के अनुसार, नाक से श्वांस लेनी चाहिए। कभी भी मुंह से श्वांस लेना सही नहीं है। मुंह से श्वांस लेने से हवा न तो साफ होती है और न ही गरम ही हो पाती है। महात्मा गांधी ने कहा कि चलते–फिरते और सोते वक्त मुंह बंद रखा जाए तो नाक अच्छी तरह श्वांस लेगा। नाक को कुनकुने व साफ पानी से साफ करने से अंदर स्वच्छ हवा जाती है। महात्मा गांधी के अनुसार, रात में आकाश के नीचे या बरामदे में सोने से प्राकृतिक हवा मिलती है जो कि स्वास्थ्य के लिए सही है। ठंढ लगने पर गर्दन तक कपड़ा ओढ कर सोया जा सकता है। यदि जरूरत पड़े तो सिर को रूमाल से बांध कर ठंढा में खुले में सोयें। यह ध्यान रहे कि नाक कपड़ा से ढका न हो और सोने के दौरान भी खुली नाक से प्राकृतिक हवा अंदर जाए। रात्रि में शरीर के अन्य अंग पर प्राकृतिक हवा आए इसके लिए हल्का कपड़ा व कम से कम कपड़ा पहनना चाहिए। यदि संभव हो, तो दिन में भी हल्के व कम–से–कम कपड़ा पहना जाए (गांधीजी, 1948, पृ.4–5, 39)। महात्मा गांधी ने कहा है कि साफ और ताजी हवा पाने के लिए आदमी को खुले में सोना होगा। लेकिन, खुले में सोने के लिए धुल और गंदगी से स्वयं को बचाना होगा। सरदी लगने पर वह कुछ ओढ सकता है। इसी प्रकार, मुंह से श्वांस लेना और भी अधिक खतरनाक है। आज के समय में व्यक्ति थूक–थूककर, कूड़ा–करकट डालकर, गंदगी फैलाकर या दूसरे तरीकों से हवा को गंदी करता है। अतः यह बीमारी को जन्म देनेवाला है न कि बीमारी मिटाने वाला है। अतः शुद्ध हवा ही रोगमुक्त रख सकती है और उपचार में भी स्वच्छ व ताजी हवा लाभदायक है (गांधीजी, 1954, पृ.40, 41, 50, 51)।

### पानी

व्यक्ति को जिंदा रहने के लिए हवा के बाद पानी का स्थान है। एक ओर हवा नहीं मिलने से व्यक्ति कुछ क्षण में मर जाएगा वहीं पानी के बिना व्यक्ति कुछ दिन के बाद मरेगा। स्वस्थ रहने के लिए व्यक्ति को पांच पोंड स्वच्छ पानी पीना चाहिए (गांधीजी, 1948, पृ.6, 30–34)। हमें दैनिक स्नान करनेवाला देश कहा जाता है। लेकिन, हम यदि अशुद्ध पानी से स्नान करते हैं तो यह भी उचित नहीं है (गांधी, 1947, पृ.52)। महात्मा गांधी का कहना है कि जल निःशुल्क उपलब्ध होना चाहिए क्योंकि ये भगवान के दिए हुए हैं (गांधी, 1962, पृ.13; गांधी, 1947, पृ.70)। महात्मा गांधी के अनुसार, व्यक्ति को भोजन और पानी साफ और स्वच्छ होनी चाहिए, यदि व्यक्ति इसमें संतुष्ट नहीं है तो अपने वातावरण को भी संक्रमित करेगा (गांधी, 1962, पृ.142)। ताजा पानी भी पेयजल के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। नदी, कुंए और बावरी का पानी पीने के लिए सही नहीं है। पानी को देखकर, स्वाद चखकर व रंग देखकर पेय जल का चयन नहीं करना चाहिए। इसीलिए अनजाने कुंए का पानी पीना भी हितकर नहीं है। व्यक्ति को यात्रा के दौरान व कहीं बाहर जाने पर अपना पानी ले जाना चाहिए ताकि रास्ते में उसे प्यास न लगे (गांधीजी, 1948, पृ.6, 30–34)। बहुत जगह पानी स्वच्छ नहीं होता है। कुंए के पानी को खतरा के रूप में देखना चाहिए। कम गहरे कुंए व बावरी का पानी पीने के लायक नहीं होता। देखने व चखने में जो पानी अच्छा लगे वह जहरीला हो सकता है। इसीलिए अनजाने घर व स्थान का पानी सेहत के लिए सही नहीं हो सकता है। तालाब व नदी (विशेशकर आबादी क्षेत्र, स्टीमर व नाव के उपयोग वाले क्षेत्र) को पीने के प्रयोग में नहीं लेना चाहिए। इसके बावजूद भी इसे पीने योग्य बनाने के लिए उबाल कर व छान कर इसे प्रयोग में ले सकते हैं (गांधीजी, अतिथ्य, पृ.21)। लोगों को पानी खूब पानी पीना चाहिए। थोड़ा–थोड़ा और बार–बार पानी पीने से मनुष्य का प्राण बलवान होता है (विनोबा, अतिथ्य, पृ.194)। पानी के माध्यम से रोग का निदान संभव है जैसे कि बच्चों के जुकाम होने पर गरम पानी पीता है या नहीं (विनोबा, अतिथ्य, पृ.144)। महात्मा गांधी को एक बार पानी का स्वाद अच्छा नहीं लगने, पानी पीने के उपरांत जी मिचलाने, आदि के कारण वे कम पानी पीए थे। फलतः उनका गला सूखने लगा, कमजोर हो गए और आवाज धीमा हो गया। अतः उनके अनुसार, अधिक पीना पीना स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह नहीं है (गांधी, अतिथ्य, पृ.379)। महात्मा गांधी चावल के उबले पानी को गरीबों का निरोग मंत्र बताया। उनके अनुसार, जिस चावल को बनाने के बाद उबले पानी को फेंक देते हैं। अतः यह खाना बनाना और खाना दोनों दोषपूर्ण है। क्योंकि खाद्य पदार्थ के मूल्यवान तत्व बाहर निकल जाते हैं और ऐसी परिस्थिति में खाना हानिकारक हो जाता है (गांधीजी, 1949, पृ.3)। महात्मा गांधी ने कहा है कि जल चिकित्सा के माध्यम से उपचार करने के लिए समुद्र पार जाने की जरूरत नहीं है। बल्कि हम जहॉं हैं वहीं उपचार उपलब्ध है (गांधीजी, 1954, पृ.15, 42)। महात्मा गांधी ने बताया है कि सुवह धूप में नहायें, सूर्य और वायु स्नान करें, ऐसे स्नान शोधक के रूप में कार्य करता है (गांधी, 1961अ, पृ.411)। महात्मा गांधी ने बताया है कि यदि पानी की गुणवत्ता व शुद्धता सुनिश्चितता नहीं है तो वह कई बीमारियों के लिए जिम्मेदार होगा (गांधी, 1947, पृ.126)। एक बार महात्मा गांधी ने अपनी पत्नी का उपचार पानी से किए थे व उनकी पत्नी इससे ठीक भी हुई थीं (पालीवाल, अतिथ्य, पृ.50)। महात्मा गांधी को पानी से उपचार का ज्ञान था और वे दूसरों को पानी से उपचार के लिए सुझाव भी देते थे (गांधी, अतिथ्य, पृ.271, 294, 358)। महात्मा गांधी कूने को ठीक करने के लिए उपवास और कूने की रीति से कटि स्नान को सही मानते थे। इसके लिए वे तीन मिनट तक टब में रहने के लिए कहते थे। साथ ही इसके रोगी को तीन दिन तक केवल पानी मिला हुआ संतरे का रस खाने के लिए कहा (गांधी, अतिथ्य, पृ.271)। महात्मा गांधी के अनुसार, सूर्य स्नान और साधारण स्नान से अलग–अलग बीमारी ठीक होता है और इसके लिए एक दूसरे की जगह स्नान प्रयोग में नहीं लिया जा सकता है (गांधी, 1954, पृ.20)।

महात्मा गांधी ने कुछ बीमारी के उपचार में ठंढे पानी (गांधी, अतिथ्य, पृ.272) और कुछ बीमारी में गर्म पानी (गांधी, अतिथ्य, पृ.357) का उपयोग बताया और इसके लिए घड़े में पानी रखकर पानी ठंढ़ा किया जा सकता है (गांधीजी, 1954, पृ.12) और चुल्हे पर या धूप में रखकर पानी गर्म किया जा सकता है। गर्म पानी से सिंकाई से कान के दर्द में लाभदायक होता है। इसके प्रयोग से कोई भी जोखिम नहीं होता है। बिच्छु के काटने पर गर्म पानी का सेंक दर्द को कम करता है। भाप/गर्म पानी का प्रयोग ठंडे पांव होने व पैर में दर्द होने को ठीक करने में काम किया जाता है (गांधी, 1954, पृ.15, 16)। रक्त की गति मंद पड़ने पर, पॉव टूटने, आदि समस्या होने पर बर्फ घिसने से बहुत लाभ मिलता है। इसी प्रकार, गरम पानी का उपचार आयोडिन के उपचार के बराबर माना जाता है। सूजन वाले भाग पर गरम पानी के पट्टी से लाभ मिलता है।

स्नान से व्यक्ति के शरीर की गंदगियॉ निकलती है और इन गंदगियों के माध्यम से व्यक्ति के रोग का उपचार हो जाता है। साधारण स्नान, रीड़ स्नान, कटिस्नान, मेहनस्नान, पैर स्नान, सिर स्नान, नेतस्नान, आदि स्नान की उपचार की प्रविधियॉ हैं।

महात्मा गांधी (गांधी, अतिथ्य, पृ.491) को शरीर में किसी विशेश भाग पर दर्द या कुछ समस्या होने पर उस स्थान पर बर्फ की घिसाई करते थे और इससे वे ठीक भी हो जाते थे। महात्मा गांधी का कहना है कि आलस्य आने पर, नींद आने पर या उॅघने पर ऑख पर पानी का छिटा मारने से लोग उठ सकते हैं। लेकिन, उन्होंने पर्याप्त नींद व थकावट को दूर करने के लिए विश्राम बताया (गांधीजी, 1961, पृ.213)। महात्मा गांधी ने एक 70 वर्ष के व्यक्ति को दमा और खॉसी होने पर आहार के परिवर्तन व पानी से उपचार कर ठीक किया था (गांधीजी, 1961, पृ.219)। बरसात के पानी में भीगने से शरीर की व्याधियॉ खत्म होती है क्योंकि पानी में सारी औषधियॉ भरी पड़ी हैं (विनोबा, अतिथ्य, पृ.23)। महात्मा गांधी ने कहा है कि सिरदर्द में ठंडे पानी में कपड़े का एक टुकड़ा पोंछ कर और यह उसके सिर के चारों ओर लपेटना होता है और इससे सिरदर्द ठीक हो जाता है (गांधी, 1954, पृ.13)।

महात्मा गांधी का कहना है कि कूने के उपचारों में कटिस्नान और घर्षण स्नान महत्वपूर्ण है जो कि इसके लिए टब चाहिए। गर्मी में टब में ठंढा पानी अवश्य भरा होना चाहिए। इसमें बैठने का समय 5 मिनट से 30 मिनट तक होना चाहिए। इसमें रोगी को आराम से बैठने के लायक व्यवस्था होना चाहिए। रोगी के पेडू पर नर्म तोलिये से धीरे–धीरे घर्षण होना चाहिए। रोगी का पैर बाहर और शरीर अंदर रहना चाहिए। टब के स्थान हवादार और प्रकाशयुक्त होना चाहिए। रोगी को स्नान के समय भूखा रहना चाहिए। स्नान के बाद शरीर के गीले हिस्से को सुखाकर रोगी को बिस्तर पर सुला देना चाहिए। यह उपचार बुखार, कब्जियत, अजीर्ण को भी ठीक करने में सहायक है। कब्जियत के रोगी को कटि स्नान के बाद आधा घंटा तक तेजी से टहलना चाहिए। बुखार के रोगी में इस स्नान से बुखार 2–3 डिग्री तक उसी समय उतरता है। इस स्नान से शरीर में स्फूर्ति और ताजगी आती है। सिरदर्द होने पर रूमाल को ठंडे पानी में भिगोकर या गीली मिट्टी की पट्टी को सिर पर रखने से ठीक हो जाता है।

घर्षण स्नान जनेन्द्रिय संबंधी बीमारी की उपचार पद्धति है। रोगी को सर्वप्रथम पानी के टब (टब नहीं मिलने पर लोटा में पानी भरकर इसके माध्यम से घर्षण स्नान) में स्टूल रखकर बैठाना चाहिए। इसके लिए व्यक्ति के जनेन्द्रिय पर नरम रूमाल को पानी में भिगोकर घिसते जाना (अर्थात् घर्षण) चाहिए और पानी डालते जाने चाहिए।

चद्दर स्नान से बुखार को दूर करने व अनिद्रा की बीमारी को दूर किया जा सकता है। इस उपचार के लिए खाट पर 2–3 गरम कंबल बिछाना चाहिए। इसके उपर मोटी चादर बिछाना चाहिए। इस चादर को ठंडे पानी में भिगोकर और खूब निचोड़कर कंबलों पर बिछाना चाहिए। इसके उपर रोगी के कपड़े उतारकर चित सुला देना चाहिए। सिर के नीचे तकिया और सिर के उपर गीला निचोड़ा हुआ तोलिया होना चाहिए। इसके बाद रोगी के शरीर, हाथ, पैर, आदि सभी को उन कंबलों में लपेट देना चाहिए व उस समय बाहर की हवा अंदर नहीं जाए, इसे ध्यान में रखना चाहिए। सुलाने के समय थोड़ा ठंढा लग सकता है। सामान्यतः 5–30 मिनट के अंदर गंभीर बुखार होने पर भी शरीर में गर्मी और पसीना आ जाएगा। यदि पसीना नहीं आए और रोगी को नींद आ जाए तो इस समय उठाना नहीं चाहिए। चद्दर स्नान से रोगी का बुखार 1–2 डिग्री तक नीचते उतरता ही है। घमोड़ी, पित्ती, आमवात, खुजली, खसरा, चेचक, आदि रोग में भी चद्दर स्नान लाभकारी है। चद्दर का उपयोग होने पर उसे उबलते हुए पानी में डाल देना चाहिए और जब पानी कुनकुना हो जाए तो उसे अच्छी तरह धोकर सूखा लेना चाहिए।

एकाएक सर्दी लगने या कंपकपी होने पर भाप देने से या अच्छी तरह कंबल ओढ़ाकर व उसके चारों ओर गरम पानी की बोतलें (कांच या धातु या प्लास्टिक की बोतलों में गर्मी पानी भरकर उसे बंदकर) रखकर कंपकंपी मिटाई जा सकती है। रोगी को पसीना लाने के लिए भी भाप का प्रयोग किया जा सकता है। गठिया व मोटापा (अधिक वजन) के रोगी को भाप स्नान से ठीक किया जा सकता है। सन या सुतली या निवार की खाट पर कंबल बिछाकर रोगी को उस पर सुला देना चाहिए। उबलते हुए पानी के दो पतीले या हंडे खाट के नीचे ऐसे रखें और यह भाप रोगी को सीधे मिले। या नहीं तो खाट के नीचे अंगीठी या आग जोड़कर उस पर पानी रखें और वह गरम पानी का भाप सीधे रोगी को मिले। इसी प्रकार, किसी व्यक्ति के पांव टूटते हों या पांव ठंढे हों तो एक गहरे बरतन में, जिसमें घुटन तक पांव पहुंच सके और इसे सहन होने लायक तक गरम पानी भरना चाहिए और उसमें राई की भुक्की डालकर कुछ मिनट तक पांव रखना चाहिए। इससे पांव गरम हो जाते हैं, बेचैनी दूर हो जाती है, पांवों का टूटना बंद हो जाता है, खून नीचे उतरने लगता है और रोगी को आराम मालूम होता है। बलगम होने या गला दुखने की स्थिति मे केतली को एक स्वतंत्र नली लगाकर उसके द्वारा आराम से भाप ली जा सकती है। यह नली लकड़ी या रबड़ की होनी चाहिए (गांधीजी, 1954, पृ.30–34)।

मृदु, अस्थाई कठोर और स्थाई कठोर के आधार पर जलोपचार को वर्गीकृत किया जाता है। बहती नदी, दरिया, वर्षा, उथले कुंआ मृदु जल के उदाहरण हैं जो कि पीने पर लोग अस्वस्थ हो सकते हैं। इस जल के गुण के रूप में प्यास से तृप्त करना, ताप की निवृत्ति करना, स्वच्छता प्रदान करना, आदि व्याप्त हैं।

जल चिकित्सा व्यक्ति के ज्वर, फोरे, बुखार, आदि में लाभदायक है। पानी के प्रयोग से रक्तचाप की वृद्धि को रोकने और इसे घटाने, शारीरिक तापमान में वृद्धि/घटाने, नस–नाड़ियों में उत्तेजना लाने/संकुचित करने, त्वचा की कार्यशीलता को बढाने/कम करने, मांसपेशियों में संकुचन पैदा करने, हृदय की कार्यशीलता में वृद्धि, हृदय को मजबूत करने/हृदयगति कम करने, श्वास की गति कम करने, शारीरिक तापमान घटाने, आदि में परिस्थितिनुसार कम, वृद्धि या संतुलन बनाने में अपना असर दिखाता है। ठंढे जल से उपचार करने पर शरीर को रोगों से लड़ने की शक्ति मिल जाती है या नहीं तो शरीर में अवस्थित विजातीय तत्वों को निकालकर स्वस्थ कर देती है। ठंढे जल के प्रयोग से रक्त शिराओं, स्नायु मंडल, वृक्क, आदि पर भी प्रभाव पड़ता है।

गीली पट्टी को शरीर के बीमारी वाले उस भाग पर लगाने या शरीर में लगाने से भी रोग दूर हो जाता है। पट्टी का प्रयोग पेडू, कमर, धड़, छाती, सिर, गला, जोड़ व पूरे शरीर को गीली पानी से कपड़े में लपेटकर उपचार किया जाता है। पेडू की पट्टी ज्वर, स्त्री की बीमारी, सूजन, अजीर्ण, अनिद्रा, अतिसार, पेचिश, कमर की पट्टी कब्ज, पेट की बीमारी, दस्त, स्त्री की जरायु रोग, पाकस्थली के बढने या झूलने, अजीर्ण, आंत में घाव, मेरूदंड में दर्द, आदि के लिए है। वैसे रोगी जो कटि स्नान नहीं करना चाहते हैं, उनके लिए कमर की पट्टी सबसे उत्तम चिकित्सा प्रविधि है। धड़ की गीली पट्टी का प्रयोग पेडू, पेट में पीड़ा, सूजन, यकृत, आमाशय, आदि बीमारी के उपचार में काम आता है। छाती की गीली पट्टी छाती की बीमारी, खॉसी, निमोनिया, फेफड़ों, आदि बीमारी में कार्य करता है। सिर की गीली पट्टी का प्रयोग सिरदर्द, सिर में जकड़न, कान के दर्द, मानसिक तनाव, अनिद्रा, आदि के उपचार में कार्य करता है। गले की गीली पट्टी लगाने से सर्दी–जुकाम, खॉसी, टॉंसिल, गले या इसके आसपास के सूजन, सिरदर्द, बेचैनी, आदि बीमारी के उपचार के लिए सही है। जोड़ की गीली पट्टी का उपयोग जोड़ों के सूजन व दर्द, गठियां, दो अंगों के संयुक्त जोड़ (हाथ, पैर, आदि), आदि के उपचार में कार्य करता है। पूरे शरीर को गीली पानी से कपड़े में लपेटकर रखने की उपचार पद्धति का प्रयोग अधिक वैज्ञानिक है और इस उपचार से महात्मा गांधी के पुत्र ठीक हुए।

जल चिकित्सा पद्धति से मस्तिष्क की बीमारी, शरीर से रोग विष निकालने, स्नायुओं को शीतल करने, निमोनिया, ह्हदय गति व इससे संबंधी विकार, आदि का उपचार संभव है। खादी या सूती का आधा से पौन इंच तक में कई रूप से मोरे हुए हों और संबंधित रोगस्थल व इसके आसपास को घेर ले। इसे लगभग आधा घंटे तक एक बार में रखा जा सकता है और इसके उपरांत इसे ही या नहीं तो दूसरे कपड़े को प्रयोग में लिया जा सकता है। व्यक्ति को बीच–बीच में 5–10 मिनट के लिए पट्टी को खोलकर उस स्थान को सुखाकर और रगड़कर गर्म करना चाहिए। चोट लगने या हड्डी टूटने की स्थिति में गर्म सेंक कर गर्म करना चाहिए। इसके पश्चात पट्टी का प्रयोग दोबारा करना चाहिए। पट्टी का उपयोग फोड़े–फुंशी, कटे हुए भाग, जले हुए भाग, घमौरी, दाद, खाज, खुजली, ठंढी पट्टी का प्रयोग दर्द, जलन, टपकन, सोथ, चोट, ज्वर, जानवरों के काटने, डंक मारने, हड्डी टूटने, मोच आने, फोड़े, आदि में किया जा सकता है। दर्द को कम करने के लिए उस स्थान विशेश अंग पर निरंतर ठंढे पानी की मालिश करनी चाहिए। हड्डी, आदि टूटने पर हड्डी को बैठाकर ही जल चिकित्सा का प्रयोग उपयुक्त होता है। समूचे अंग में पानी की धार से भी दर्द कम हो जाता है। इसी प्रकार, गर्म पट्टी का प्रयोग भी उपचार के लिए किया जाता है। जल की ठंढी पट्टी लगने के बाद यदि हम उसके उपर कोई गर्म कपड़ों की पट्टी को लपेट देने से वह गर्म जल पट्टी कहलाती है। इस पद्धति में ठंढे जल पट्टी भिगोया जाता है कि इससे जल टपकता रहे व इसे भिगोकर निचोड़कर प्रयोग किया जाता है। यह पट्टी 45 मिनट से डेढ घंटे तक रखी जाती है तत्पश्चात् इसे हटा कर बदल दिया जाता है। गर्म पानी को कपड़े से भिंगोकर उस स्थान पर मालीश से दर्द कम होता है व रोग भी ठीक होता है। गर्म पट्टी का प्रयोग बिना दर्द की बीमारी व जटिल बीमारी में प्रयोग किया जा सकता है।

एनिमा क्रिया में मुख्य रूप से शुद्ध जल का प्रयोग किया जाता है। साफ, स्वच्छ जल को उबालकर एवं छानकर एनिमा द्रब्य के रूप में प्रयोग में लाया जाता है। इसे अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए नींबू के रस को मिला दिया जाता है। शुद्ध जल से की गई एनिमा हानिरहित है। फिर भी अलग–अलग तापक्रम अर्थात ठंढे एवं गर्म जल का बड़ी आंत और शरीर पर अलग–अलग प्रभाव देता है। तापमान के आधार पर तीन प्रकार से अर्थात सामान्य तापक्रम/ठंडे जल का एनिमा, गुनगुने/गर्म जल का एनिमा और गर्म–ठंढे जल का एनिमा उपचार में प्रयोग में लिया जाता है। सामान्य तापक्रम/ठंडे जल का एनिमा आंतों के बल, क्षमता और क्रियाशीलता को बढाने वाला होता है। यह एनिमा, कब्ज, गैस, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, आंतों के बुखार, कमजोर पाचनशक्ति, उल्टी, दस्त, सिरदर्द, थकान, अनिद्रा, आदि रोगों में लाभकारी है। गुनगुने/गर्म जल (यदि संभव हो तो नींबू रस मिश्रित कर) का एनिमा जीर्ण, पेटदर्द, गैस और कब्ज को दूर करने में किया जाता है। लेकिन, इसके अधिक प्रयोग से आंतों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसी प्रकार, गर्म–ठंढे जल के एनिमा में आंत की शुद्धता के साथ उसकी क्रियाशीलता और क्षमता को बढाता है। इसमें पहले रोगी को गर्म पानी से एनिमा दिया जाता है। इससे रोगी के आंत का पुराना गंदगी निकल जाता है। इस एनिमा के तुरंत बाद रोगी को ठंढे जल का एनिमा दिया जाता है। इससे रोगी के आंतों को बल मिलने लगता है। पीलिया, अपच, मंदाग्नि, मधुमेह, पुरानी कब्ज, पुराना बुखार, खांसी, जुकाम, त्वचा रोग, आदि के उपचार में गर्म–ठंढे जल का एनिमा उपयोग किया जा सकता है।

## पृथ्वी

पृथ्वी (मिट्टी) के प्रयोग से व्यक्ति स्वस्थ होता है। महात्मा गांधी का कहना है कि पृथ्वी (मिट्टी) संबंधी उपचार में मेरा विश्वास पहले की तरह आज भी है (गांधी, 1954, पृ.26)। प्राकृतिक सूखी मिट्टी, सूखी लाल मिट्टी, सूखी पीली मिट्टी, सूखी काली मिट्टी, आदि मिट्टी में नमक मिलाकर, मिट्टी में सरसों तेल मिलाकर, जमीन गड्ढा कर उसके नीचे की मिट्टी, मिट्टी को आग में जलाकर/गरम कर, मिट्टी में स्वच्छ जल मिलाकर, आदि प्रविधि मिट्टी चिकित्सा में कार्य करता है। कंकरयुक्त मिट्टी दिखने पर छान लेना चाहिए। इस प्रविधि में न तो खाद वाली मिट्टी, न तो अधिक चिकनी और न ही अधिक रेतीली मिट्टी उपचार में काम आती है। गीली मिट्टी भी चिकित्सा के कार्य में नहीं आता है। अतः गीली होने पर धूप में सूखाकर या आग में इसके गीलापन को

सूखाकर ही उपचार के लिए प्रयोग किया जा सकता है। मिट्टी खाना भी एक प्रकार की चिकित्सा है और माना जाता है कि मिट्टी खाने से पेट का कचरा (गंदगी) बाहर निकलता है, जो कि किसी अन्य तरीके से सामान्यतः बाहर नहीं निकलता है। अतः मिट्टी खाने से यह बाहर निकल जाता है। कब्जियत में मिट्टी को ठंडे पानी में भीगोकर कपड़े के पेडू पर रखने से ठीक हो जाता है। कब्जियत दूर करने या शौच लाने के लिए साफ बारीक समुद्री रेत (मिट्टी) खाने से दस्त हो जाता है। जब पट्टी लगाने की स्थिति आए तो पट्टी तीन इंच चौड़ी, छह इंच लंबी और आधा इंच मोटी होनी चाहिए। महात्मा गांधी का कहना है कि कब्जियत दूर करने के लिए अन्य तरीके भी हैं, जैसे कि लाल/काली मिट्टी में पानी डालकर साफ पतले, गीले कपड़े में उसे लपेट कर रात में पेट पर बांधनी चाहिए और सुवह या नहीं तो रात में ही नींद खुलने पर हटा लेना चाहिए। इससे उनका कब्जियत ठीक हो गया (गांधीजी, 1954, पृ.23—24)। सांप काटने पर जहर निकालने के लिए गड्ढा खोदकर उसमें मिट्टी से ढंककर सुला देने से जहर उतर जाता है। सिरदर्द होने की स्थिति में मिट्टी की पट्टी सिर पर रखने से ठीक हो जाता है। सख्त बुखार होने पर पेडू पर मिट्टी की पट्टी रखने से ठीक होता है। टाइफाइड में भी मिट्टी की इस उपचार से रोगी ठीक होते हैं। इसी प्रकार, फोड़े—फुंसी होने पर उस स्थान पर मिट्टी रखने से ठीक हो जाता है। इस स्थान पर मिट्टी रखने से पहले उस स्थान पर (बीमारी/फोड़े के स्थान पर) साफ कपड़े से धुलना चाहिए, फिर मिट्टी का पट्टी बांधना चाहिए। उससे फोड़े मिट जाते हैं। बिच्छू के काटने पर डंक, घाव, आदि में भी मिट्टी से उपचार किया जाता है (गांधीजी, 1948, पृ.27—29)। महात्मा गांधी का कहना है कि साफ मिट्टी और पानी मिश्रित पुल्टुस को कपड़े में बांध कर रात भर पेट पर बांध कर रखना चाहिए। इससे पेट का विकार दूर होता है (गांधी, 1962, पृ.184; गांधी, 1961ब, पृ.230—231; गांधी, 1940, पृ.303)। महात्मा गांधी (गांधी, अतिथ्य, पृ.294) ने कब्ज की बीमारी को दूर करने के लिए बताया है कि खेत की साफ लाल या काली मिट्टी लेकर उसमें पानी डालकर साफ, पतले, गीले कपड़े में लपेटकर रोगी के पेट पर रखकर उस पर पट्टी बांधनी है। इसे रात को सोते समय बांधना है और रात में सुवह नींद खुलते ही इसे खोलना है। इसे तब तक करना है जबतक कि कब्ज ठीक नहीं हो जाता है।

### आकाश

आकाश अर्थात् आसमान को उपर की ओर आसमानी रंग का शामियाना की तरह दिखता है। इसमें कोई ओर—छोर देखने को नहीं मिलता है। महात्मा गांधी का कहना है कि जब व्यक्ति जब घरबार के बिना व कपड़ा के बिना अनंत के साथ संबंध जोड़ता है तो उस समय हमारा शरीर, बुद्धि और आत्मा पूरी तरह आरोग्य का अनुभव करता है। एक गरीब आदमी के लिए जिसे मकान का छत नहीं है वही खुला आसमान उनका छत है। महात्मा गांधी का कहना है कि व्यक्ति का जैसे—जैसे संबंध (संपर्क) आसमान से बढता है वह उतना ही आरोग्य होता जाता है। महात्मा गांधी ने कहा है कि मनुष्य को सोने का स्थान आकाश के नीचे होना चाहिए। ओस और सर्दी में रात्रि में सोने के समय कुछ ओढ लेना चाहिए और अन्य दिन कुछ नहीं ओढना चाहिए। इस समय वह प्राकृतिक शीतल महसूस करेगा। इस समय व्यक्ति शांत निद्रा का अनुभव करेगा। महात्मा गांधी ने कहा है कि खानपान का संबंध हमें आसमान अर्थात् अवकाश से जोड़ना चाहिए और इसके लिए व्यक्ति को अधिक आहार को छोड़ना, अयोग्य आहार को छोड़ना, सप्ताह/पखवारा/माह में एक दिन का खाना अवकाश अर्थात् पूरे दिन—रात्रि का या केवल दिन का अवकाश कर अपने पाचन को विश्राम देकर शरीर को संतुलित बनाया जा सकता है (गांधीजी, 1948, पृ.35—37)।

### सूर्य (तेज/धूप/प्रकाश)

प्रकाश अर्थात् धूप हमें सूर्य से मिलता है। महात्मा गांधी ने कहा है कि धूप हमें कई बीमारी से बचाता है। जैसे कि सूर्य स्नान बहुत ही लाभदायक औषधि है। सूर्य की किरणों के सम्मुख स्नान हर तरह से लाभकारी है। स्नान सूर्य स्नान या अन्य किसी भी प्रकार का स्नान अधिक कपड़े में नहीं करना चाहिए, हो सके तो केवल लंगोट में स्नान करना चाहिए। ऐसे स्नान हर दृष्टिकोण से स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। सूर्य स्नान क्षय रोग, घाव, फोड़े—फुंसी, आदि रोग दूर करने में भी सहायक है। महात्मा गांधी ने शरीर से पसीना नहीं आने वाले व्यक्ति को बारह बजे दिन के जलती धूप में सुलाकर रोगी को पसीना से तरबतर कराया। दिन में खूले धूप से उपचार के दौरान रोगी के सिर पर मिट्टी के पट्टी अवश्य रखना चाहिए और उसके शरीर पर केले या अन्य बड़े पत्ते भी अवश्य रखना चाहिए। इससे रोगी का सिर ठंडा रहता है और सिर पर तेज धूप नहीं लगती। ऐसे व्यक्ति जो कि दुर्बल है या जिसका खून सूख गया हो, यदि उसे प्रातःकाल की सूर्य किरणें उस व्यक्ति के नंगे शरीर पर पड़े तो ऐसे व्यक्ति के शरीर का फीकापन और दुर्बलता दूर हो जाता है और जिसका पाचन किया मंद हो गई वह जाग्रत हो जाता है। धूप होने से पहले का सामान्य स्नान व्यक्ति को निरोग बनाता है और आगे के कार्य को करने हेतु उत्साह जागृत करता है और दिन भर ताजगी देता है। सुवह का स्नान व्यक्ति को मानसिक उर्जा देता है। सुवह का खाली बदन व्यक्ति को ज्यादा निरोग और शारीरिक स्फूर्ति देता है। मौसमानुकूल ठंड के समय में गर्मी लाने व ठंड से परहेज हेतु कपड़े पहने जा सकते हैं। सुवह में नंगा बदन होकर टहलना स्वास्थ्य के लिए अच्छा रहता है (गांधीजी, 1948, पृ.38)।

## निष्कर्ष

महात्मा गांधी ने पंचतत्व में आसमान, पानी, प्रकाश, मिट्टी और हवा को रखा है और उनका कहना है कि व्यक्ति में रोग की उत्पत्ति का कारण भी पंचतत्व का अप्रयोग व असंतुलित प्रयोग है। इसीलिए इसका समाधान भी इसी में खोजना होगा। पंचतत्व प्राकृतिक चिकित्सा का ऐसा प्रकार है जिसमें शारीरिक, मानसिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक विकृति को दूर किया जाता है। महात्मा गांधी ने बताया है कि पंचतत्व चिकित्सा से रोग मिट जाने के साथ ही रोगी के लिए ऐसी जीवन पद्धति का आरंभ होता है जिसमें पुनः रोग के लिए गुंजाइश ही नहीं रहती। यह घरेलू चिकित्सा बिना किसी नुकसान के है। गांधी जी का कहना है कि रात में सोने के लिए खुले आसमान में सोना चाहिए व आवश्यकता पड़ने (जैसे—बरसात, ठंड, आदि) पर हल्के कपड़े से ढक कर सोना चाहिए लेकिन सोने के समय

नाक पर चादर नहीं होना चाहिए। इसी प्रकार, गांधीजी के अनुसार, पानी प्राकृतिक व स्वच्छ पेय के रूप में प्रयोग किया जाना चाहिए। गांधीजी के अनुसार, जलोपचार में स्नान, बर्फ, ठंडा व गर्म जल, भाप से कई बीमारी दूर होती है। गांधीजी ने सूर्योदय के समय कम से कम कपड़े में स्नान करने, सुवह–शाम नियमित टहलने व धूप सेवन के लिए बताया। उन्होंने मिट्टी खाने, मिट्टी का लेप लगाने व मिट्टी की पट्टी बांधने से कई बीमारी का उपचार कर इस प्रविधि को सफल बताया। गांधी जी का कहना है कि सभी लोग प्राकृतिक हवा और सूर्य का प्रकाश (धूप) लें। उन्होंने हवादार और प्रकाश आनेवाले कमरे बनवाने के लिए कहा। इस चिकित्सा में मन और आत्मा का इलाज होता है। अतः गांधी के दृष्टिकोण में रोग की रोकथाम, निवारण व उपचार पंचतत्व में निहित है। गांधीजी ने इस सिद्धांत का पालन करते हुए पंचतत्व चिकित्सा से कई लोगों को ठीक भी किया। अतः यह सफल चिकित्सा पद्धति है।

## संदर्भ ग्रंथ सूची


गांधी, एम.के. (1938). *हिंद स्वराज ॲर इंडियन होम रूल.* अहमदाबाद : नवजीवन पब्लिशिंग मुद्रणालय (पृष्ठ सं–35–36, 36)।

गांधी, एम.के. (1940). *एन एटोग्राफी ॲर माई एक्सपेरीमेंट्स विथ ट्रूथ.* अहमदाबाद : नवजीवन पब्लिशिंग हाउस (पृष्ठ सं.–303)।

गांधी, एम.के. (1947). *इंडिया ऑफ मॉई ड्रिम्स.* अहमदाबाद : नवजीवन मुद्रणालय (पृष्ठ सं.–52, 70, 126, 129, 144)।

गांधी, एम.के. (1949). *डॉइट एंड डॉइट रिफोर्म.* अहमदाबाद : नवजीवन पब्लिशिंग हाउस (पृष्ठ सं.–3)।

गांधी, एम.के. (1954). *नेचर क्योर.* अहमदाबाद : नवजीवन मुद्रणालय (पृष्ठ सं.–3, 9, 13, 15, 16, 20, 26, 28, 42, 66)।

गांधी, एम.के. (1961अ). *इन सर्च ऑफ सुप्रीम* (वॉल्यूम–1). अहमदाबाद : नवजीवन पब्लिशिंग हाउस (पृष्ठ सं.–411)।

गांधी, एम.के. (1961ब). *इन सर्च ऑफ सुप्रीम* (वॉल्यूम–2). अहमदाबाद : नवजीवन पब्लिशिंग हाउस (पृष्ठ सं.–230–231, 231)।

गांधी, एम.के. (1962). *विलेज स्वराज.* अहमदाबाद : नवजीवन पब्लिशिंग हाउस (पृष्ठ सं–13, 142, 184, 196)।

गांधी, मो.क. (अतिथ्य). *सत्य के प्रयोग अथवा आत्मकथा.* अहमदाबाद : नवजीवन प्रकाशन मंदिर (पृष्ठ सं.–271, 272, 273, 294, 339, 357, 358, 360, 379, 394, 491)।

गांधीजी (1948). *आरोग्य की कुंजी.* अहमदाबाद : नवजीवन मुद्रणालय (पृष्ठ सं.–2–3, 4–5, 6, 27–29, 30–34, 35–37, 38, 39)।

गांधीजी (1954). *कुदरती उपचार.* अहमदाबाद : नवजीवन प्रकाशन (पृष्ठ सं.–2–4, 12, 15, 21–22, 23, 23–24, 26, 27, 28, 29, 30, 30–34, 33, 40, 42, 54, 57, 58, 60)।

गांधीजी (1961).*दक्षिण अफ्रीका के सत्याग्रह का इतिहास.* अहमदाबाद : नवजीवन मुद्रणालय (पृष्ठ सं.–213, 218–219, 219, 224)।

गांधीजी (अतिथ्य). *गांधी जी का संदेश* (8 से 15 वर्ष के बच्चों के लिए). अहमदाबाद : नवजीवन मुद्रणालय (पृष्ठ सं.–19, 20, 21)।

पालीवाल, आर.के. (अतिथ्य). *गांधी जीवन और विचार.* अहमदाबाद : नवजीवन मुद्रणालय (पृष्ठ सं–50)।

प्रभु, आर.के. एवं राव, यू.आर. (1994). *महात्मा गांधी के विचार.* अहमदाबाद, नवजीवन पर्बिलिशिंग हाउस (पृष्ठ सं–49, 91, 92, 366, 380, 381, 384, 445, 453, 476)।

बंदोपाध्याय, अनु (1964). *बहुरूपी गांधी.* अहमदाबाद : नवजीवन मुद्रणालय (पृष्ठ सं.–23, 27)।

विनोबा (अतिथ्य). *अहिंसा की तलाश : विनोबा की जीवन झांकी.* वर्धा : परमधाम प्रकाशन (पृष्ठ सं.–23, 82, 144, 194, 221)।


........................

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2019 SHISRRJ | Volume 2 | Issue 4 | ISSN : 2581- 6306

# वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिन्दी दलित साहित्य



**डॉ0 अखिलेश सिंह**
ग्राम व पोस्ट ईटवाँ, थाना गड़खा
जिला–छपरा (बिहार)

**सारांश–** वर्तमान दलित साहित्य, साहित्य को सीधे तौर पर सामाजिकता से जोड़ता है। दलित वर्ग के साथ सदियों से होने वाले अमानवीय व्यवहार का ही प्रतिफलन है। दलित समाज द्वारा अपनी पहचान का विद्रोह ही दलित साहित्य के उद्भवन का आधार है दलित साहित्य का उद्देश्य साहित्य की कला एवं सौदर्य से परिचय करने की अपेक्षा दलितों की समस्याओं का यथार्थ अंकन कर उनका समाधान प्रस्तुत करना है। दलित साहित्य का विकास सर्वप्रथम मराठी में हुआ, मराठी में दलित साहित्य का विकास एक प्रकार से सांस्कृतिक उद्गार है। वस्तुतः हिन्दी क्षेत्र में दलित साहित्य की चर्चा 19वीं सदी से प्रारम्भ हुई, दलित साहित्य की चेतना सिर्फ अपनी समस्याओं के उद्गार तक सीमित न रह कर इसे अन्य धाराओं से अलग रखते हुये, अपने कलुषित यथार्थ से उर्जा प्राप्त कर नवीन संकल्पों का सृजन करना है।

**मुख्य शब्द–** दलित साहित्य, सामाजिकता, दलित वर्ग, कला, सौदर्य।

पिछले चार–पांच वर्ष में हिन्दी में काफी दलित साहित्य लिखा गया। उसमें गुणवत्ता भी आई हैं यह केवल आक्रोश और परम्परागत मूल्यों के ध्वंस का साहित्य ही नहीं रहा है बल्कि मानव हित में सृजन की नई दृष्टि के साथ तथाकथित हिन्दु साहित्य के समक्ष आकर साहित्य में परम्पराओं, प्रथाओं और रूढ़ियों का पालन कर रहे वैसे साहित्यकारों तथा कथाकारों के दरवाजे पर दस्तक भी दी है। पिछले एक दशक से हिन्दी दलित साहित्य पर गम्भीरतापूर्वक विचार–विमर्श होना आरम्भ हो गया है, जो भारतीय समाज के विशेष धर्म तथा धर्माधिकारियों की सनातनी एवं परमपरागत सोच और दृष्टि में परिवर्तन का प्रतीक बनता सा नजर आ रहा है। साथ ही दलितों के अधिकारों के संघर्ष करने के लिए उन्हें प्रेरित करने का संकेत भी है। नई सदी में तो दलित साहित्य की गूंज जोरदार ढंग से हुई है। दलित शब्द साहित्य के साथ जुड़कर एक ऐसी साहित्यिक धारा की ओर संकेत करता है जो उत्पीड़ित मानवता की संवेदनाओं की यथार्थवादी अभिव्यक्ति है। दलित वर्ग के साथ सदियों से अमानवीय व्यवहार होता रहा है और आज भी हो रहा है। दलित समाज द्वारा अपनी पहचान के लिए विद्रोह का प्रतिफल ही दलित साहित्य कहलाया। दलित साहित्य में

आज विविधता आई है और भारतीय साहित्य में दलित साहित्य ने अपना स्थान निर्धारित किया है। रंगभेद और जाति भेद के विरूद्ध उत्पीड़न मानवता के प्रति घृणा, कमजोर वर्ग का भेदभाव इस साहित्य में मिलता है। दलित साहित्य का विकास मराठी में सबसे पहले हुआ। मराठी में दलित साहित्य का विकास एक तरहके सांस्कृतिक विस्फोट के रूप में पैदा हुआ। हिन्दी क्षेत्र मे दलित साहित्य की चर्चा नवें दशक के प्रारम्भ में हुई। अनेक विद्वानों ने हिन्दी दलित साहित्य की व्याख्या करते हुये लिखा है। डॉ0 सी0वी0 भारती ने स्पष्ट शब्दों में कहा है, ''नवयुग का एक व्यापक वैज्ञानिक व यथार्थपरक, संवेदनशील, साहित्य हस्तक्षेप है, जो कुछ भी तर्कसंगत वैज्ञानिक परम्पराओं का पूर्वाग्रहों से मुक्त साहित्य सृजन है, हम उसे दलित साहित्य के नाम से संज्ञायित करते हैं। दलित कहानियों के एक फलक पर दलितों की व्यक्तिगत समस्यायें जैसे– गरीबी, भुखमरी, अशिक्षा, रूढ़िवादिता, आत्महीनता व उपेक्षा का चित्रण हैं, वहीं दूसरे फलक पर जातिगत भेदभाव, अस्पृश्यता, सवर्णों द्वारा किया गया उत्पीड़न अमानवीय व्यवहार, आर्थिक, शारीरिक शोषण, अन्याय प्रशासन की सवर्ण–परस्ती एवं उन्हें शिक्षा से वंचित रखकर मानसिक रूप से परतंत्र बनाये रखने की साजिश की यथार्थ प्रस्तुति है। दलित साहित्य में वर्णित सर्वाधिक प्रमुख समस्या जातिगत भेदभाव की है जिसमें हम सभी एक दोहरी मानसिकता के आश्रित हैं प्रत्येक व्यक्ति कम से कम देखने में और उसके प्रति कटिबद्ध है परन्तु वास्तविकता यह है कि जो लोग सार्वजनिक रूप से जाति की निंदा करते हैं, अपने दैनिक जीवन में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से उसी के अनुसार आचरण करते हें। इस बौद्धिक संकल्पना को व्यवहारिक रूप नहीं दिया जाता। बहुत से बुद्धिजीवी और विशिष्ट वर्ग के लोग अपने ही संसार में रहते हें और पता नहीं कि जाति भेद वाले समाज में कितनी असमानता और अन्याय है। दलित चिन्तक कवल भारती की धारण है ''दलित साहित्य से अभिप्राय उस साहित्य से हे जिसमें दलितों ने स्वयं अपनी पीड़ा को रूपायित किया है, अपने जीवन संघर्ष में दलितों ने जिस यथार्थ को भोगा है, दलित साहित्य उनकी उसी अभिव्यक्ति का साहित्य है। यह कला के लिए कला नहीं, बल्कि जीवन को और जीवन की जिजीविषा का साहित्य है। इसलिए यह कहना न होगा कि वास्तव में दलितों द्वारा लिखा गया साहित्य ही दलित साहित्य की कोटि में आता है।

समकालीन दलित कहानीकार ओमप्रकाश वाल्मिकी की प्रायः सभी कहानियाँ दलितों की सामाजिक, आर्थिक समस्याओं को प्रतिबिम्बित करती है। उन्होंने अपनी कहानी 'शवयात्रा' में जातिगत, अस्पृश्यता की समस्या से उकेरा है वहीं उनकी कहानी 'रिहाई' दलितों पर सवर्णों के अत्याचारों को बयान करती है। अपनी आत्मकथा 'जूठन' में लिखते हैं कि ''अस्पृश्यता का ऐसा माहौल कि कुत्ते, बिल्ली, गाय, भैस को छूना बुरा नहीं था लेकिन यदि चूहों का स्पर्श हो जाय तो पाप लग जाता था, वे सिर्फ जरूरत की वस्तु थे, काम पूरा होते ही उपयोग खत्म। इस्तेमाल करो, दूर फेंकों।'' इस सन्दर्भ में ओम प्रकाश बालिमिकी की अवधारणा है कि दलित साहित्य ही असली जन–साहित्य है। इसे मास लिटरेचर कहा गया है। इतना ही नहीं लिटरेचर ऑफ एक्शन भी है जो माननीय मूल्यों की भूमिका पर सामन्ती मानसिकता का आक्रोशजनित संघर्ष है। इस संघर्ष और विद्रोह से उपजा है दलित साहित्य आज के समय में जो सामाजिक, धार्मिक और मानसिक

शोषण के विरूद्ध संघर्ष करने के लिए प्रेरित करने वाला साहित्य ही दलित साहित्य है। दरअसल रोटी और सम्मान के लिए यानी सम्मान सहित रोटी के लिए दलित संघर्ष का इतिहास उतना ही पुराना है, जितना कि उनहें रोटी और सम्मान से वंचित करने की प्रक्रिया का इतिहास'' इसी संदर्भ में मोहनदास नैमिशराय की कहानी 'आवाजें' में गांव के मेहतर जूठन न लेने व गंदगी साफ न करने का निर्णय लेते हैं।

समकालीन दलित साहित्य दलितों पर हो रहे दर्दनाक अत्याचारों का खुलासा हे नैमिशराय की कहानी 'अपना गांव' में दलित महिला कस्तूरी को ठाकुर के बेटे ने सारे गांव में इसलिए नंगा करके घुमाया कि उसका पति संपत ठाकुर से पांच सौ रूपये उधार लेकर गया, जिसे कस्तूरी चुका नहीं सकी। इस कहानी में पुलिस व प्रशासन की सवर्णपरस्ती भी सामने आती है। अपनी पत्नी पर हुये अत्याचारों के विरूद्ध पुलिस में शिकायतकरने के लिए गये संपत व उसके साथियों पर पुलिस लात, घूसे व डंडे बरसाती है। रोटी और सम्मान से वंचित दलितों की स्थिति देखिए कि माँ जब रोटी देखतीतो ''टोकरीमें कभी भी ताजी रोटी न मिलती। हमेशा बासी रोटियाँ मिलती। कभी—कभी तो उन पर सफेद झिल्लियाँ भी चढ़ी होती। शायद महारिन के लिए आले में रात की रोटी संभालकर रख देते होंगे। एकाध उदार महिला अचार की फाँक रख देती। तब सहज ही मुँह में पानी आ जाता। मां दूर सेही दरवाजे से बड़ी दयनीय होकर कहती ''रोटी दे मॉ येरकरनि को''।

वर्तमान में जाति—व्यवस्था आदि के सन्दर्भ में दलित साहित्यकारों ने अनेक दृष्टियों से विचार किया है। उनकी स्पष्ट मान्यता यह है कि दलित साहित्य जन—साहित्य है। यह समाज सापेक्ष है यह मानवीय मूल्यों की भूमिका पर सामन्तीय मानसिकता के विरूद्ध आक्रोश जनित संघर्ष है। इसी संघर्श से दलित साहित्य उपजा है। दलित साहित्य ही सही मायनों में दलित समुदाय की वास्तविक पीड़ा को अभिव्यक्त करता हैं। इस संबंध में ज्योतिबा फूले का कथन है, ''गुलामी की यातना को जो सहता है, वही जानता है, वही इस पीड़ा की अभिव्यंजना कर सकता है।''

इस कथन से स्पष्ट हो जाता है कि दलित जीवन की वास्तविक पीड़ा को दलित ही सफलतापूर्वक अभिव्यक्त कर सकता है। अधिकांश दलित साहित्यकारों द्वारा यह विशेष रूप से स्थापित किया गया है कि दलित साहित्यकारों द्वारा रचा गया साहित्य ही दलित साहित्य कहा जा सकता है। लेकिन इस संबंध में दलितों और गैर—दलितों की भूमिका कोलेकर विभिन्न विद्वानों में मतभेद हैं। उनका मानना है कि केवल सहानुभूति के आधार पर ही दलित साहित्य रचा जा सकता है। दलित स्वानुभूति के स्थान पर सहानुभूति का सहारा लेते हैं। इस संध में अशोक वाजपेयी की मान्यता है कि ''सके पांव में बिवाई ना फटे वह पीर पराई क्या जाने'' अर्थात् दलितों द्वारा लिखा गया साहित्य दलित ही समझ सकता है और वही दलित साहित्य हो सकता है। यदि कोई गैर—दलित लेखक दलित समस्याओं पर लिखता है, तो उसमें सहानुभूति होती, आक्रोश नहीं ऐसा मानना है दलित साहित्यकारों का। इस सन्दर्भ में मोहनदास नैमिशराय का कथन दृष्टव्य है— ''दूर बैठकर कल्पना के आधार पर दलितों की पीड़ा के वर्णन को दलित साहित्य कहना न्याय संगत नहीं। यह बिल्कुल ऐसे ही होगा, जैसे दलित शोषितों को दूर से फेंककर रोटी दान करना। जबकि दलित वर्ग के

लेखकों ने जो लिखा उनकी रचनाओं में अथाह पीड़ा रही। आक्रोश का ज्वार–बार–बार उठता रहा, इसलिए कि वे सामाजिक विषमता के भुक्तभोगी थे। डॉ0 एन0 सिंह के दृष्टिकोण से दलित साहित्य की परिभाषा इस प्रकार है, ''उत्पीड़न की रचनात्मक चेतना ही दलित साहित्य है, जो शास्त्र और शास्त्र के उत्पीड़न से मानव मुक्ति के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान करती है। मुक्तिपर्व में मोहनदास नैमिशराय लिखते हैं– दलित कथाओं में दलितों को सांस्कृतिक व मानसिक रूप से परतंत्र बनाये रखने की साजिश का खुलासा है। उनका जन्म सवर्णों की गुलामी के लिए हुआ है और यही उनका परम धर्म है, यह बात बचपन से ही उनके मनःपटल पर अंकित कर दी जाती है। उगालदान न मिलने पर दलित नौकर की हथेली पर थूकना या नामकरण संस्कार के नाम पर पंडित द्वारा कालू, चेतू, बुद्धू रगडू, झगडू दगडू, नीतू सिरिया, कुडियां आदि नाम दिये जाना इस तथ्य के प्रमाण है। संविधान द्वारा प्रदत्त दलितों को आरक्षण पर गैर दलितों की आक्रामक प्रतिक्रिया भी दलित कथाओं का खास बिन्दु है। डॉ0 दयानन्द बटोही की सुरंग, बाल्मीकी जी की घुसपैठिये कहानी में इन्हीं समस्याओं का ताना–बाना है। दया पवार लिखते हें– ''दलितों के स्वाभिमन का खंडन कर उनमें स्वतःहीनता उत्पन्न करने हेतु सवर्णों द्वारा धर्म एवं व्यवस्था के नाम पर अनेक सामाजिक नियम या बंधन बनाये गये जैसे साव्रजनिक स्थलों, मंदिरों में प्रवेश का प्रतिबंध, सार्वजनिक कुओं, तालाबों या धाटों का उपयोग वर्जित, सवर्णों के सामने जूते चपपल धारण न करना, भोजन में जूठन का प्रयोग दलित दूल्हों के घोड़े पर सवारहोने पर प्रतिबंध आदि ऐसी ही एक समस्या को बाल्मीकी जी ने अपनी कहानी 'सलाम' मैं उभारा है।

भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन के समय गांधी ने दलितों की स्थिति में सुधार लाने का आह्वान किया। भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस ने भी गांधी ने नेतृत्व में दलितों पर ध्यान केन्द्रित किया। सन् 1917 ई0 में काँग्रेस ने कलकत्ता अधिवेशन में एक प्रस्ताव किया, काँग्रेस भारतीयों से इस प्रकार की अपील करती है कि रूढ़िगत परम्पराओं के फलस्वरूप दलित वर्ग पर जो अमानुषिक एवम् दमनमूलक अयोग्यताएं थोप दी गई हैं जिसके कारण के उन्हें असंख्य कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, उसके निवारण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। सन् 1946 में गांधी सर्वप्रथम दिल्ली की भंगी बस्ती में ठहरे। वे हरिजनों के सुख–दुख में हिस्सा बांटना चाहते थे। गांधी वर्णव्यवस्था के विषय में कहते हैं ''वर्णाश्रम मनुष्य के स्वभाव में घुलामिला है। हिन्दू धर्म ने उसे विज्ञान के स्तर पर पहुंचा दिया है। जाति को वे केवल चार भागों में बांटते हैं– ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र। इसमें उच्च नीच का संबंध नहीं है। केवल वृति का भेद है और कुछ नहीं। स्वतन्त्रता के पश्चात् हरिजनों में नई चेतना आई, मध्यकाल में संत रविदास और संत कबीरदास जैसे ज्ञान पंडित प्रतिभाएं सामने आई। सवर्णहिन्दुओं तक को गहराई के साथ प्रभावित किया। कबीर एक जागरूक विचारक तथा निपुण समाज सुधारक के रूप में तत्कालीन समाज में व्याप्त बुराईयों जैसे जातिप्रथा सबसे दुखदायक थी उन सभी निर्मल प्रहार किया। कबीर ने एक ओर अपनी हीन जाति, नीचा, कुल जुलाहा का बारम्बार उद्घोष करके दूसरी ओर सहज धर्म की प्रतिष्ठा की। भारतीय चिन्तन धारा में समानता की स्थापना करने वाले

कबीर प्रथम महापुरूष थे, उन्होंने शास्त्र के नाम पर प्रचलित भेदभाव की रूढ़ियों का खण्डन किया और स्पष्ट उद्घोषिणा की– ''जाति पति पूछे नहीं कोई हरि का भजै सो हरि का होई।''

डॉ0 अम्बेडकर ने दलित शब्द का प्रयोग करते हुए कहा कि दलित का अर्थ दला हुआ, कुचला हुआ रौंदा हुआ आदि है। ये सभी शब्द दलित वर्ग को संघर्ष के लिए प्रोत्साहित करते हैं। महात्मा गांधी ने हरिजन शब्द देकर शूद्रों के प्रति अपनी सहानुभूति दिखाई है लेकिन उसके पीछे कोई जागरूक प्रेरणा नहीं थी। डॉ0 अम्बेडकर जातिवाद के उद्गम और उसके स्वरूप की खोज करते हुए उसे पूरी तरह नष्ट करना चाहते थे। अम्बेडकर कभी इस बात को मानने के लिए तैयार नहीं हुए कि विधि व्यवस्था को विचार संहिता में ढालने वाले मनु जाति–प्रणाली के निर्माता थे। अम्बेडकर ऐतिहासिक अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र की जड़ को टटोलकर इस निर्णय पर पहुंचते हैं कि कोई भी व्यक्ति चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो। इतिहास की सम्पूर्ण शक्तियों को थामकर जाति–व्यवस्था का निर्माण नहीं कर सकता। यह बात अकल्पनीय है कि अकेले मनु ने जाति का कानून बनाया। सच यही है कि जाति मनु से पहले अस्तित्व में थी।

भारतीय समाज में जाति प्रथा का ढांचा इस तरह का था कि सामाजिक सुधार आन्दोलन उसके उपर से निकल जाते थे और वह ज्यों का त्यों रह जाता था। जाति ही पेशा निर्धारित करती थी, पंचायतों को अधिकार था कि जाति के नियम न मानने वाले व्यक्ति को वह दण्डित कर सकती है। अतः पहले जाति थी फिर समाज। भारतीय हिन्दू साज में जाति–विघटन एक वास्तविक स्वरूप बनकर हर समय किसी भी चुनौती का सामना करने के समय हमेशा लोगों को अलग–थलक करने और कमजोर बनाने का शक्तिशाली हथियार बनता रहा है। भातरीय इतिहास इस बात का प्रमाण देता है कि यहां शासन करने वाले वर्गों ने जातीय व्यवस्था को बहुत ही मेहनत से न केवल बनाये रखा अपितु प्रचारित भी किया है। अन्ततः भारतीय समाज धर्म और जाति पर आधारित है। वर्ण भेद पर आधारित समाज टुकड़ों–टुकड़ों में बंटा हुआ है। पिछले पचास वर्षों में जितना दलित अहित हुआ है आज उसका आंकलन करना भी असम्भव है। डॉ0 अम्बेडकर ने दलित साहित्य के वास्तविक स्वरूप को एक नई रोशनी प्रदान की है। उन्होंने संविधान में ऐसी व्यवस्था की जिससे समतामूलक समाज की स्थापना हो।

## संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. ओम प्रकाश बाल्मिकी : दलित साहित्य का सौन्दर्य शास्त्र, राधाकृष्ण, दिल्ली, 2001 पृ0 15

2. प्रेम कुमार मणि : दलित साहित्य एक परिचय लेख।
3. श्यौराज सिंह बेचैन, : एक अलग रास्ता है दलित कथा का अंगुत्तर जु0सि0 1997 पृ0 90
4. सी0वी0 भारती : दलित साहित्य का सौन्दर्य शास्त्र, हंस अंक 1, 1996, पृ0 70–71
5. सी0वी0 भारती : दलित साहित्य का सौन्दर्य शास्त्र, हंस अंक 1, 1996, पृ0 70–71
6. जय प्रकाश कर्दम : दलित साहित्य, 1999, पृ0 30
7. राजेन्द्र यादव : हंस अगस्त 2004, पृ0 223
8. मोहन दास नैमिशराय : नाभि चेतना, पृ0 23
9. वही, पृ0 23
10. रोमा रोलां : महात्मा गांधी जीवन दर्शन, लोकभारती, इलाहाबाद, 1976, पृ0 15
11. कबीर ग्रन्थावली : पदवली भाग, पृ0 431
12. एन0 सिंह– मेरा दिलत चिंजन, कन्चन प्रकाशन, दिल्ली, 2002, पृ0 37
13. नरेन्द्र सिंह : दलितों के रूपांतरण की प्रक्रिया, राधाकृष्ण, दिल्ली, 1993 पृ0 72
14. अम्बेडकर : राइटिंग्स एंड स्पीचिस खण्ड 2, पृ0 16
15. वही, पृ0 7 का पृ0 16
16. बाबा साहेब अम्बेडकर : राइटिंग्स एण्ड स्पीसेज, खण्ड–2, पृ0 11
17. वही, पृ0 242
18. कृष्णदत्त पालीवाल, डॉ0 अम्बेडकर और समाज व्यवस्था, किताब घर, दिल्ली, 1996, पृ0 14
19. मनुस्मृति, पृ0 270–272
20. सुभाष चन्द्र : जाति क्यों नहीं जाती, उदयभावना, दिल्ली, 2005, पृ0 30
21. वही, पृ0 30–31
22. वही, पृ0 30–31
23. ओम प्रकाश बाल्मीकि – घुसपैठिये, हंस पत्रिका मई 2000 पृ0 43
24. ओम प्रकाश बाल्मीकि – अम्मा, हंस पत्रिका मई 2000 पृ0 29
25. सूरज पाल चौहान– हैरी कब आयेगा, हंस 2001. पृ0 26

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2019 SHISRRJ | Volume 2 | Issue 4 | ISSN : 2581- 6306

# Studying water Quality of Tigris River within Baghdad City

**Eman A. Mohammed, Nadia M. Nassier, Safa N. Hassan**

Ph.D., Department of Environmental Engineering, College of Engineering, Al-Mustansiriyah University, Bab Al Muadham, Baghdad, Iraq

ABSTRACT

Tigris River is considered one of the most important sources of surface water in Iraq Tigris with Euphrates together forms life and stabilization in Iraq. In order to keep these sources in use for more and more generations we must continually study its water and make sure it is free from all types of pollutants. This research aims to study a part of Tigris River in Baghdad, about 37km length, and test the levels of Alkalinity, Hardness, Calcium and Magnesium and see if they are within limitations. Most of obtained results were within limits. Extra safety for Tigris river is obtained by observing all industrial activities and making sure that there is a waste water treatment plant in each industry.

**Keywords :** Tigris River, stabilization, agricultural, World Health Organization

## I. INTRODUCTION

Extraction of water for domestic and agricultural use, mining, industrial production, power generation and external practices could lead to a deterioration in water quality and quantity that not only affect the aquatic ecosystem, but also the availability of drinking water [1]. It is therefore essential to pay serious attention to the improvement and maintenance of the quality and quantity of water resources [2]. It is necessary to properly evaluate the water quality in rivers, which is influenced by multiple factors. The variation of water quality was recognized as a continuous process [3].

Drinking water in Iraq comes from rivers, lakes, wells and springs. These sources are exposed to a variety of pollutants caused by the diffusion from nonpoint and point sources which are difficult to control, monitor, and evaluate, such as sewage, agricultural and industrial wastes (Ahuja, 2003).

This study aimed to take a part of Tigris River from north to south of Baghdad, Iraq and study the spread of Alkalinity, Hardness, Calcium and Magnesium during 2 years (2016-2017) from eight monitoring stations. The result was compared with the standard values for surface water.

## II. METHODS AND MATERIAL

Study area

The present study has been carried out for a part of the Tigris river flowing through Baghdad city, Iraq, about 37 Km in length, from north to south of Baghdad.For this reach of Tigris River, eight water treatment plants were distributed along, these water treatment are:

Shark dijlah, Al-kadhimiyah, Al-karama, Al-wathba, Al-qadisiyah, Al-doura, Al-wahda, Al-rasheed from north to south respectively. The intake of these water treatment plants will be considered as monitoring stations for water quality of Tigris River


as shown in Figure (1). The data used for this study spreads from January 2016 to December 2017.




**Figure 1 :** Sampling sites of Tigris River in present study.

## III. RESULTS AND DISCUSSION

Figure 2 represent the distribution of alkalinity and hardness along Tigris River passing through Baghdad city for the period from Jan.2016 to Dec.2017 for the eight monitoring stations.









**Figure 2 :** Variation of alkalinity and hardness of Tigris River

Figure (2) also shows the concentration of hardness during the study period of eight monitoring stations. Noted from the figure that the level of total hardness in the Tigris River was less than the maximum allowed by the standard of the Iraqi standard and specification of the World Health Organization (WHO), where don't exceed values barrier (500 mg/L) recommended by the two specifications. While the Environmental Protection Agency recommended the values don't exceeded the barrier of (250 mg/L). The highest value of alkalinity and hardness was observed at stations 5 and 6 which can be attributed to the exsistane of Aldoura refinery and other industrial activities in these areas.

Figure (3) shows the variation of calcium and magnesium ions concentration along Tigris River for

the period from Jan.2016 to Dec.2017 for the eight monitoring stations.

The amounts of Calcium and Magnesium affects the results of hardness, because they are the main reason of hardness, and from this figure one can see the same pattern of hardness. The limits of Calcium and Magnesium are 200 and 150 mg/L respectively and all results are within the required range.








**Figure 3 :** Variation of Calcium and Magnesium ions in Tigris River

## IV.CONCLUSION

The present study is carried out to study the spread of Alkalinity, Hardness, Calcium and Magnesium in a part of river Tigris in Baghdad for the period Jan. 2016 to Dec. 2017. It is observed that most of the results were within the limitation.

## V. REFERENCES

[1]. Al-Janabi Z. Z., Al-KubaisiA.and Al-Obaidy J. M. A., 2012, "Assessment of Water Quality of Tigris River by Using Water Quality Index (CCME WQI)", Journal of Al-Nahrain University, Vol.15 (1), March 2012, pp.119-126.

[2]. Tripathi M. and Singal S.K., 2019" Use of principal component Analysis for Parameter selection for Development of a Noval Water Quality Index: A case Study of River Ganga India" , Ecological Indicators, Vol.96 , pp. 430-436.

[3]. Xu H.S.,Xu Z.X., Wu W. and Tang F.F.,2012 " Assessment and Spatiotemporal Variation Analysis of Water Quality in the Zhangweinan River Basin, China", Procedia Environmental Sciences, Vol.(13), pp.1641-1652.

[4]. Ahuja S., 2003. "Monitoring water quality pollution assessment, analysis, and remediation". Elsevier, Amsterdam, Netherlands, pp. 375.

**Cite this article as :**

Eman A. Mohammed, Nadia M. Nassier, Safa N. Hassan, "Studying water Quality of Tigris River within Baghdad City", Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal (SHISRRJ), ISSN : 2581-6306, Volume 2 Issue 4, pp. 19-22, July-August 2019.
URL : http://shisrrj.com/SHISRRJ19243

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2019 SHISRRJ | Volume 2 | Issue 4 | ISSN : 2581-6306

# वैदिक वाङ्मय में शिव की अवधारणा : एक अध्ययन

दिनेश कुमार मौर्य (शोधच्छात्र)
संस्कृत विभाग
दी0द0उ0गो0वि0वि0 गोरखपुर

शोध आलेख सार– विशंवव्यापी भाशंवत नियमों को 'ऋत' कहते है। 'ऋततत्त्व' ही संसार का संचालन और नियन्त्रण करते हैं। सूर्य, चन्द्र, ब्रह्माण्ड सहित समस्त संसार ऋततत्व के नियन्त्रण में हैं। वैदिक युग से लेकर आज तक हमें शिंव भाब्द के अनेक पर्यायवाची भाब्द मिले है। वैदिक संहिताओं एवं ब्राह्मणग्रन्थों और उपनिशद में रूद्र के विकास की स्वरूप का जो परम्परा हमे मिलती है वह एक समान ही है।

मुख्य शब्द– ऋत, शिंव, वैदिक, सूर्य, चन्द्र, ब्रह्माण्ड, रूद्र।

विशंवव्यापी भाशंवत नियमों को 'ऋत' कहते है। 'ऋततत्त्व' ही संसार का संचालन और नियन्त्रण करते हैं। सूर्य, चन्द्र, ब्रह्माण्ड सहित समस्त संसार ऋततत्व के नियन्त्रण में हैं। इस ऋत तत्व के दो रूप हैं। 1.पालक 2. संहारक। प्राकृतिक नियमों के अनुकूलन चलने पर वे उसके पोशक एवं रक्षक होते है। इसके विपरीत चलने पर वे उसके नाशंक और संहाकर हैं। इसी को आधार मानकर पालक या रक्षक तत्त्व को शिंव या भांकर कहते हैं। संहारक तत्त्व को 'रूद्र' कहते है। ये एक ही भाक्ति के दो विभिन्न रूप हैं।

'शिंव' भाब्द की दो प्रकार से व्युत्पत्ति हुई हैं। अदादिगण के 'भी' धातु से जिसका अर्थ होता है 'शंयन करना' जिसमें सब कुछ 'शंयन' करता है वह शिंव है।

दिवादिगण 'शो' धातु से (शंयति पापम्–शो+वन्) जिसका अर्थ होता है 'दुर्बल कर देना' जो सब दुःखो और पापों को दुर्बल कर देता है। वह शिंव है। ये दोनो 'अर्थ' 'शिंव' भाब्द में निहित है। शिंव सब दृश्टि का अधिश्ठान है और वह परम कल्याणकारी भी है जो अपने अनुग्रह से सब जीवों का उद्धार करता है वह तात्त्विक और आध्यात्मिक दोनों दृश्टियों से सबका मूल है। भोग भी उसी से होता है। मोक्ष भी उसी से होता है।[1]

वैदिक युग से लेकर आज तक हमें शिंव भाब्द के अनेक पर्यायवाची भाब्द मिले है। रूद्र भाब्द भी शिंव का पर्यायवाची है। शिंव–तत्त्व के प्रचारक 'रूद्र' का भााब्दिक अर्थ उसकी विकास परम्परा एवं विशंलेशण का ज्ञान हमें वेदों से ही प्राप्त होते है। अतः हमे वैदिक संहिताओं में शिंव के स्वरूप का ज्ञान प्राप्त करने के लिए उसके पर्यायवाची भाब्द 'रूद्र' के विशय में जानकारी प्राप्त होती है।
वैदिक व्याख्याकारों के अनुसार 'रूद्र रोदने' (क्रन्दन करना) से व्युत्पत्ति हुई है और रूद्र का अर्थ है क्रन्दन करने वाला।[2]

'रूद्र' सम्भवतः प्राचीनकाल में झंझावत के भीशण रव का व्यंजक था, किन्तु अग्नि का रव भी इसी के समान होता है, अतः झंझावत और अग्नि दोनों के संयोग से क्रोध और विनाशं का यह देवता रूद्र बना। आचार्य सायण ने रूद्र देव की स्वरूपाख्या दो रूपों में प्रस्तुत की है –

1. रोदयति सर्वम् अन्तकाल इति रूद्र :।
2. यद्वा रूद्र : दुःख हेतुर्वा तस्य द्रावको देवो रूद्र परमेशॅवर :।

रूद्र को सामान्यतः झंझावत का देवता माना जाता है; किन्तु इनका अस्त्र दुर्भावनापूर्ण से प्रयुक्त होता है, जबकि इन्द्र का अस्त्र उनके स्तोताओं के भात्रुओं पर ही लक्षित होता है अतः सम्भवतः रूद्र विद्युत रूप में झंझावत के नही वरन् विद्युत के माध्यम से उनके हानिकारक पक्ष का ही प्रतिनिधित्व करते थे। क्रोध निवारण स्तुतियों ने ही रूद्र के लिये कल्याणकारी (शिॅव) उपाधि को जन्म दिया, जो वैदिकोत्तर मिथक में 'रूद्र' का ऐतिहासिक उत्तराधिकारी का नियमित नाम बन गया।[3]

वेदों में रूद्र के लिए अनेक भाब्दों का प्रयोग हुआ है। जैसे–रूद्र, शिॅव, भव, भार्व, भांकर, पशुपति, प्रथम भिशक् आदि। ये नाम विभिन्न गुणों के आधार पर या रूलाने के आधार पर रूद्र (रूलाने वाला) नाम है। संसार के कर्ता होने के आधार पर 'भव' (स्रश्टा, उत्पादक) नाम पड़ा। दंड देना दुःख देना, संहार करना आदि अर्थो के आधार पर 'शॅर्व' नाम पड़ा। जीव–जगत् या पशु–जगत् के पालन के आधार पर 'पशुपति', सृश्टि के प्रथम वैद्य होने के आधार पर 'प्रथम भिशक्' नाम पड़ा।

शिॅवतत्त्व के प्रचारक 'रूद्र' का भााब्दिक अर्थ उसकी विकास परम्परा एवं स्वरूप विशॅलेशण गुण–कथन उपासनादि का ज्ञान हमें वेदों से ही होता है। वैदिक साहित्य के प्राथमिक ग्रन्थ ऋग्वेद में शिॅव के स्वरूप की गवेशणा बड़े ही अनुबन्धित ढंग से की गयी है। शिॅवरूप की अर्थात्मक एवं अवसरात्मक विवेचना का यह प्रथम आधार है। ऋग्वेद में प्राप्त स्तुतियों के आधार पर रूद्र के दो रूप का विवरण प्राप्त होता है। एक रूप में इन्हें भयंकर तथा द्वितीय में मंगलकारी माना गया है।

मंगलमयी भावनाओं का प्रसार अमंगलकारी तत्वों के विनश्टीकरण बिना संभव नही है। सम्भवतः इसी भाव सत्यता में रूद्र के विध्वसंक एवं मंगलमय रूपों की कल्पना की गयी है। रूद्र का संगमन नाम उसकी वेशॅ–भूशा और वर्ण सामान्यतः उनके क्रूर भयंकर स्वरूप आदि के आधार पर विद्वत वर्ग ने उन्हें झंझावत का प्रतीक माना है। मैक्डानल ने– 'विशुद्ध' झंझावत की अपेक्षा झंझावत के विध्वसंक–विनाशॅकारी विद्युताग्नि का, भण्डारकर ने 'प्रकृति की विनाशॅकारी भाक्तियों का; विल्सन ने 'अग्नि तथा इन्द्र का कीथ ने मैक्डालन के विचार का समर्थन करते हुए विध्वंसक रूप का प्रतीक तथा ओल्डर ने 'पवन के साथ विचरती हुई मृत आत्माओ का सरदार माना हैं।''[4]

इस रूप में इनका एक नाम वज्रधारी तथा इनके वज्रों का नाम 'गोध्न' 'क्षयद्वीर' बताया गया है।
इमा रूद्राय तवसे कपर्दिने क्षयद्वीराय प्रभरामहेमतीः।
यथा भामसद् द्विपदे चतुश्पदे विशॅवं पुश्टं ग्रामे अस्मिन्ननातुरम्।।[5]
आरे तें गोध्नमुत पुरुशधं क्षयद्वीर सुम्नमस्ते ते अस्तु।
मृळा च नो अधि च ब्रूहि देवाधां च नः भार्म यच्छ द्विवर्हाः।।[6]

रूद्र के विध्वंसक रूप के विशॅलेशण से इनका जो प्राकृतिक रूप परिलक्षित होता है वह घनघोर घटाटोप, गर्जन–तर्जनमयी वर्शा मे मेघ गर्जन का है ऋग्वेद में रूद्र का वर्ण वभ्रुशॅवेत एवं सुनहला वर्णित है मेधों में लपलपाती हुई विद्युत के भी ये सब रंग है। रूद्र के हाथ तथा बाहू है।

अर्हन्विभर्शि सायंकानि धन्वार्हन्निश्कं यजत विशॅवरूपम्।
अर्हन्निदं दयसे विशॅवमभ्वं न वा ओजीयो रूद्रत्वदस्ति।।[7]

इनका भारीर अत्यन्त बलिश्ठ है। उनके ओठ अत्यन्त सुन्दर है। उनके मस्तक पर बालों का एक जटाजूट है, जिसके कारण वे कर्पर्दी कहलाते है। रूद्र विभिन्न रूप धारण करने वाले है। तथा उनके स्थिर अंग चमकने वाले सोने के रूद्र सूक्त में उनके स्वरूप का विस्तृत वर्णन किया गया है। रूद्र के मुख, चक्षु, त्वक्, अङ्ग, उदर, जिह्वा, तथा दाँतों का उल्लेख किया गया है।

हे पशुपालक, भवदेव, आपके मुख, आँखों त्वचा और नील–पीत आदि वर्ण के लिए प्रणाम है। आपकी समतायुक्त दृश्टि और पृश्ठ भाग के लिए नमस्कार।

मुखाय ते पशुपते यानि चंक्षूशि ते भव।

त्वचे रूपाय संदृशे प्रतवीचीनाय ते नमः।।[8]

नील केशधारी, सहस्त्र नेत्रयुक्त, तीव्रगति वाले, अर्द्धसेना के विनाशक रूद्रदेव से हम कभी पीड़ित न हो।

अस्त्र नीलशिखण्डेन सहस्त्राक्षेण वाजिना।

रूद्रेणार्धकधातिनी तेन मा समरामहि।।[9]

उनके सहस्त्र नेत्र है उनकी गर्दन का रंग नीला परन्तु उनक कण्ठ उज्ज्वल रंग का हैं।

नमः श्वभ्यः श्वपतिभ्य वो नमो भवाय च

रूद्राय च नमः भार्वाय च पशुपतये च नमो नीलग्रीवाय च शितिकण्ठाय च।[10]

उनके माथे पर जटाजूट के वर्णन के साथ ही साथ कभी–कभी मुण्डित केश भी कहे गये है। सहस्त्र चक्षुरूप तथा भात धनुर्धारी समस्त प्राणियों में व्याप्त विशुरूप, तृप्ति प्रदान करने वाला मेघरूप बाण धारण करने वाले रूद्ररूप कहा गया है।

नमः कपर्दिन च व्युप्तकेशाय च नमः सहस्राक्षाय च भातधन्वने

च नमो गिरिशाय च शिपिविश्टाय च नमो मीढुश्टमाय चेशुमते च।[11]

ऋग्वेद के उत्तर भाग के एक सूक्त में रूद्र को 'केशी' के साथ विशपान करते हुए बताया गया है सायणाचार्य ने लक्षणा के आधार पर इसका तात्पर्य 'केशों य किरणों वाला कहा है। 'केशी' का अर्थ सूर्य भी है केशी केश रशमयः।[12]

इन्हें भीम, 'कवि और प्रभूत जगत का ईशान भी कहा गया है

स्थिरेभिरङ्गैः पुरुरूप उग्रो बभ्रुः भाुक्रेभिः पिपिशेहिरण्यैः।

ईशानादस्य भुवनस्य भूरेर्न वा उ योशद्रुद्रादसूर्यम्।।[13]

इन भाब्दों में रूद्र का सोम्य रूप प्रतिविम्बित है, जो शिवतत्त्व का द्योतक है। रूद्र भाक्तिशाली, जलप्रदायक है अतः गुणानुकूल नाम सार्थक है।

क्वॅस्य ते रूद्र ळयाकुर्हस्तो यो अस्ति भेशजो जलाशः।

अपभर्ता रपसो दैव्यस्याभी नु मा वृशभ चक्षमीथाः।।[14]

जहाँ रूद्र का उग्र रूप जीवन संहर्ता बन जाता है वही इनका सौम्य रूप जीवन–दायक, जीवन–संरक्षक रूप भी लक्षित है। इसीलि रूद्र को ईशवर का प्रतीक मानकर आराधना की गयी है। रूद्र का महाभिशक उपाधि सम्भवतः इस अर्थ का द्योतक है कि वर्शाकाल में रूद्र का स्वरूप भाक्तिशाली होने से औशधियों की अत्याधिक उपज होती है। वायुमण्डल स्वच्छ हो जाता है और समस्त जड़–चेतन में नव–जीवन का संचार होता है। शिव भाब्द का तात्पर्य 'सत्' 'मंगल' 'कल्याणप्रद' और 'भद्र' है यह शिव की बीज रूप में जगत् के सभी रूपों में वर्तमान रहता है। इसी रूप में रूद्र को जगत् जनक स्वीकार किया जाता है।

रूद्र के भाुभ उपचारों से स्तोता भात्शीत ऋतुओं तक जीवित रहने की आशा करते है इस सम्बन्ध में रूद्र को दो उपाधियों से विभूशित किया जाता है यथा 'जलाश' उपचार करने वाला तथा 'जलाश भेशज' उपशामक।

गाथपतिं मेधपतिं रूद्रं जलाशभेशजम्।

तच्छयो : सुम्नमीमहे रूद्रं जलाशभेशजम्।।[15]

रूद्र जलाशभेशज नीलशिखण्ड कर्मकृत।

प्राशं प्रतिप्राशो जह्यरसान्कृश्वोशधे ।।[16]

?यजुर्वेद में रूद्र के नामों का शिवत्त्व की दिशा में काफी कुछ विकास हुआ है। यहाँ अनेकत्व में एकत्त्व का प्रतिबिम्ब दिखायी देता है। इस वेद में रूद्र के आतंककारी रूपों का परिवर्तन हुआ है यहाँ हमें रूद्र का क्रोधी रूप दिखायी देता है और इस क्रोधी रूप का वन्दन उनके बाणो का वन्दन व बरहुओं को नमस्कार ऐसा भी मितला है।

नमस्ते रूद्र मन्यव उतो त इशवे नमः।
वा हुभ्यामुत ते नम :।।[17]

पिनाकी, त्र्यम्बक आदि नाम रूद्र के मूल रूप के परिचायक है इसके अतिरिक्त हमें रूद्र के प्रशंसासूचक विशेशण स्वास्थप्रद, भेशजप्रदाता, देवचिकित्सक, पशुपति आदि है। रूद्र देव के समान स्वभाव वाले वैद्य अशिवनी कुमारो और देवी सरस्वती ने पृथ्वी के ऊपर सोम को स्थापित करते हुए इन्द्रदेव के विराट भारीर की रचना को परिपूर्ण किया। वह रचना, हाड़, मज्जा और परिपक्व औशधि रसों से निर्मित उत्तम शिल्पी के तुल्य निर्माण का परिचय देता है।

तदश्विना भिशजा रूद्रवर्तनी सरस्वती वयति पेशो अन्तरम्।
अस्थि मज्जांन मासरैः कारोतेरण दधतो गवां त्वचि।।[18]

कृशण यजुर्वेद एवं भुाक्ल यजुर्वेद के त्र्यम्बक एवं भातरूद्रिय सूक्तों में सबसे विशिश्ट बात रूद्र के नये रूप के दर्शन की है यहाँ अम्बिका नाम की स्त्री देवता के साथ इनका भगिनी सम्पर्क दिखाय गया है। मूशक नाम के विशिश्ट वाहन का संकेत है। कृत्तिवास नाम से रूद्र को चर्म वस्त्रधारी सिद्ध किया गया है। यजुर्वेद के भात–रूद्रीय सूक्त में विस्तार पूर्वक शिव नाम से उस परमात्मा की स्तुति की गयी है।

नमः भांभवाय च मयोभवाय च।
नमः भांकराय च मयस्कराय च।
नमः शिवाय च शिवतराय च।[19]

इस वेद में रूद्र की सबसे बड़ी विशेशता यह है कि यहाँ वर्णित रूद्र वैदिक देव समूह के श्रेश्ठ देवता न रहकर जन–सामान्य के आस्था के आधार बन गये। यहाँ प्राणिवर्ग के साथ रूद्र का अप्रत्यक्ष सम्बन्ध दर्शाया गया है। भूत पिशाच आदि से रक्षार्थ विविध मंत्र बताये गये है तथा औशधियों की प्राप्ति हेतु प्रार्थना की गयी है।

रूद्र की मुक्तिदाता के रूप में प्रार्थना की गयी है। सुगन्ध युक्त तथा अन्नादि की पुश्टि को बढ़ाने वाले त्रिनेत्रशिव का हम भजन करते है। हे त्रयम्बक! पके हुए खरबूजे के समान हम मृत्यु बन्धन से छूट जाये। परन्तु अमृत से नही।

त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धितं पुश्टिवर्धनम्। उर्वारूकमिव
बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात्। त्रयम्बक यजामहे सुगन्धिं
पतिवेदनम्। उर्वारूकमिव बन्धनादितो मुक्षीय मामुतः।। [20]

ऋग्वेदीय रूद्र का गुण आत्मशक्ति एवं प्राकृतिक भाक्तियों के उन्मेश से जीवन को जीतना था, किन्तु यहाँ आकर रूद्र का विशेश गुण आतंककारी रूप के प्रभाव से मधुर सौम्य आकर्शक रूप की महिमा व्यक्त करना है, तथा जनसामान्य से मिलकर एक नये आदर्श की सृश्टि करना है।

ऋग्वेद, यजुर्वेद की भाँति ही अथर्ववेद में भी रूद्र के नाना रूप प्राप्ति होते है। यहाँ भी पहले जैसा ही मन्त्रदाता, सहस्राक्ष, व्युतिकेश आदि के द्वारा विभिन्न रूपों में रूद्र की पूजा हुई है। अथर्ववेद में रूद्र का पुरूश विधरूप अधिक विस्तृत हुआ है। यहाँ रूद्र वैदिक देवता

समूह के श्रेश्ठ देव न रहकर जन सामान्य के आस्था के श्रेश्ठ देव बन गये हैं। इस वेद में प्राणिमात्र के साथ उनका अप्रत्यक्ष सम्बन्ध दिखाया गया है। अर्थववेद में वर्णित शिव का स्वरूप भूत–प्रेत आदि से रक्षार्थ विविध मन्त्रों में आया है। तथा उनकी औशधियों के उपलब्ध हेतु प्रार्थना की गयी है। प्रभु से उपदिश्ट वेदज्ञान को क्रिया में अनूदित करने पर हम मुक्त हो जाते है। भवरोग का औशध यह वेदज्ञान ही है।

इदमिद्धा उ भेशजमिंद रूद्रस्य भेशजम्।
येनेशुमेकतेजनां भातशल्यामब्रवत्।।[21]

अथर्ववेद में रूद्र के विध्वसंक रूप पर अधिक प्रकाश डाला गया है और कहा गया है कि रूद्र का 'शर' विशधर होता है, उससे व्याधियाँ फैलती है और प्राणिमात्र उससे भयभीत होते है। अथर्ववेद में शिव के पौराणिक रूप का आधार मिलता है। इस वेद में 'भव' एवं 'भार्व' रूद्र के नाम है। जो हमे इस बात की सूचना देते है कि प्रवाह में रूद्र के साथ छोटे–छोटे देवताओं का तादत्म्य हो जाता है। युद्ध मे अस्त्र भास्त्रों में घायल भारीर को स्वस्थ करने के लिए भारीर में रह गये बाण आदि को निकाल फेंकने की व्यवस्था अत्यन्त आवशयक है।

यां ते रूद्र इशुमास्यदङ्गेभ्यों हृदयाय च।
इदं तामद्य त्वद्वयं विशूचीं वि वृहामसि।।[22]

रूद्र का अथर्ववेद में पर्याप्त विकास हुआ है। यहाँ सौम्य और भयंकर, लास्य तथा ताण्डव दोनो ही रूपों में रूद्र आकर्शक तथा प्रकम्पित कर देने वाले सिद्ध हुए है, वेदों में उल्लिखित रूद्र अथवा शिव के विविध नामों, विशेशणो तथा रूपों के साथ उनके गुण भी बताये गये है कहीं–कहीं इन्हे दिन के अभिमानी, मित्रदेवता, रात्रि के अभिमानी वरुण देवता, परम ऐशवर्य सम्पन्न स्वर्ग के अधिपति देवराज इन्द्र ये सब मुझको अनुग्रह करने योग्य समझे, विशव का पोशण करने वाले ये मित्र (सूर्य आदि) देवता मुझ तेज चाहने वाले को अभिलशित तेज से संयुक्त करे। स्नेह, निर्द्वेशता, जितेन्द्रियता व नीरोगता की भावनाएँ मुझे सबल बनाएँ। सूर्यादि देवों के सम्पर्क में मेरा जीवन तेजस्वी बनें।

मित्रस्व वरूणशचेन्द्रो रूद्रशव चेततुः।
देवासो विशवधायसस्ते मात्रजन्तु र्क्वसा।।[23]

अथर्ववेद में रूद्र का प्रधान गुण प्राकृतिक प्रकीणों (आपदाओं) को भाान्त कर एक अप्रतिम भाक्ति के रूप में सभी व्यक्तियों को आत्म–सात् कर लेना है। अब रूद्रोपासना देवाधिपत्य महादेव के रूप में की जाती है। रूद्र को अधिश्ठाता के रूप में भी देखा जाता हैं।

भांकर का ही नाम विशेश अवस्था में रूद्र के रूप में ग्रहण किया जाता है। वैदिक संहिताओं में रूद्र देव की आराधना दोनों ही रूपों में की गयी है। सर्वप्रथम सृश्टा के रूप में तदन्तर संहारक के रूप में।

हें रूद्रत्वं संह्वतिसमये विशवसंहरवार्थ धनुः विभर्शि।[24]

'शिव' उपाधि अथर्ववेद तक किसी अन्य देवता की विशिश्टता नही बन सकी है।

अतः उग्र रुप के हेतु से जो देव 'रूद्र' है; वे ही जगत् के मंगल साधन करने के कारण 'शिव' है। जो रूद्र है, वही शिव है, भवेताशवतरोपनिशद में रूद्र का नाम शिव बताया है, उन्हें ही सृश्टा ब्रह्म, परमात्मा के रूप में उपास्य माना गया है।

एको हि रूद्रों न द्वितीयाय तस्थु–
र्य इमाँल्लोकानीशत ईशनीभिः।
प्रत्यङ् जनांस्तिश्ठति संचुकोचान्तकाले
संसृज्य विशवा भुवनानि गोपा :।[25]

वैदिक संहिताओं एवं ब्राह्मणग्रन्थों और उपनिशद में रूद्र के विकास की स्वरूप का जो परम्परा हमे मिलती है वह एक समान ही है। कहीं–कहीं इनके रूप और नाम–भेदों में थोड़ा अन्तर हो गया है, किन्तु सबका लक्ष्य एक ही है

सन्दर्भ –ग्रन्थ सूची


1. प्रत्याभिज्ञाहृदयम् – जयदेव सिंह
2. तैत्तिरीय संहिता – 1.5.1.1
   भातपथ ब्राह्मण – 6.1.3.10
3. वैदिक मैथोलाजी – मैक्डानल पृ0 – 145
4. भौवमत – डॉ0 यदुवंशी – पृ0 1–2
5. ऋग्वेद – 1.114.1
6. " – 1.114.10
7. " – 2.33.10
8. अथर्ववेद – 11.2.5
9. " – 11.2.7
10. भाुक्ल यजुर्वेद – 16.28
11. " " – 16.29
12. निरूक्त – 12.25
13. ऋग्वेद – 2.33.9
14. " – 2.33.7
15. " – 1.43.4
16. अथर्ववेद – 2.27.6
17. भाुक्ल यजुर्वेद – 16.1
18. " – 19.82
19. " – 16.41
20. " – 3.60
21. अथर्ववेद – 6.51.1
22. " – 6.90.1
23. " – 3.22.2
24. सायण्यभाश्य ऋग्वेद – 11.2.12
25. भवेताशवतरोपनिशद् – 3.2

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2019 SHISRRJ | Volume 2 | Issue 4 | ISSN : 2581- 6306

# पद्मभूषण आचार्य पं0 बलदेव उपाध्याय का जीवन परिचय

**महेन्द्र कुमार यादव(जे0आर0एफ0)**
**शोधच्छात्र**
**संस्कृत–विभाग**
**नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय**
**जमुनीपुर, कोटवा, प्रयागराज**

शोध आलेख सार – पं0 बलदेव उपाध्याय ४३ वर्षों की एक लम्बी अवधि के कालखण्ड को संस्कृत साहित्य के विभिन्न शास्त्रों के अध्ययन अध्यापन में अपने को बड़े मनोयोग तथा लगन के साथ लगाया तथा भगवती शारदा के विशाल मन्दिर के किसी कोने में स्थित होकर अज्ञानान्धार को दूर किया है।
मुख्य शब्द– संस्कृत, साहित्य, पं0 बलदेव उपाध्याय, शास्त्र

पद्मभूषण आचार्य पं0 बलदेव उपाध्याय का जन्म उत्तर प्रदेश के सबसे पूर्वी मण्डल (बलिया मण्डल) में गंगा तथा सरयू के द्वारा आप्लावित पुण्यभुमि से सम्पन्न 'दुआब' परगना के अन्तर्गत सोनबरसा नामक ग्राम में शारदीय नवरात्र की द्वितीया तिथि विक्रम संवत् १९५६ (तद्नुवसार १० अक्टूबर १८९९ ई0) में एक मध्यमवित्तीय सरयूपारीण ब्राह्मण परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम पण्डित रामसुचित उपाध्याय तथा माता का नाम मूर्ति देवी था। इनके पिता की आर्थिक स्थिति बहुत सामान्य थी तथा भूसम्पत्ति नाम मात्र में सीमित थी।

पं0 बलदेव उपाध्याय के पिता व्यासवृत्ति के द्वारा अपना जीवन यापन करते थे। इनके कोमल हृदय में भगवान के प्रति सहज अनुरक्ति का बीज विद्यमान था जो श्रीमद्भागवत के पढ़ने से भगवान् की लीला का सरस कथा सुनाने से तथा आध्यात्मिक चिन्तन से अंकुरित, पुष्पित तथा कालान्तर में फलित भी हुआ उनका कथा–साहित्य इतना ललित था कि लोग स्वतः उनके प्रति आकर्षित हो जाते थे।

पं0 बलदेव उपाध्याय की माता उस युग की महिला थी जब स्त्रियों को शिक्षा देना अनहोनी समझा जाता थां। उस समय भी वह शिक्षित होने पर भी बुद्धिमती थी तथा गृहस्थी के कामों में पूरी आस्था तथा निष्ठा के साथ लगी रहती थी। बालक के जन्म, जनेऊ तथा विवाह आदि संस्कारों के अनुष्ठान के समय जिन मनोहर गीतों का गायन किया जाता उनका एक मनोरम भण्डार उनकी जिह्वा पर सर्वदा विराजमान रहता था। वे स्वभाव से ही भगवद्भक्त थी तथा दीनजनों की यथाशक्ति सहायता किया करती थी।

वस्तुतः भगवत्परायण पं0 रामसुचित उपाध्याय तथा संस्कृति परायण मूर्ति देवी की ज्येष्ठ सन्तान तथा ज्येष्ठ आत्मज होने का जो गौरव प्राप्त हुआ उसे मैं करूणावरूणालय की अगाध अनुकम्पा का प्रसाद मानता हूँ।

पद्मभूषण आचार्य पं0 बलदेव उपाध्याय की आरम्भिक शिक्षा 'सोनबरसा' ग्राम के प्राइमरी हिन्दी स्कूल में सम्पन्न हुई। लगभग आठ–नौ वर्ष की अवस्था में ही इन्हें पढ़ने–लिखने तथा हिन्दी को समझने की योग्यता प्राप्त हो गई थी। इनके घर पर ही 'लल्लूलाल' द्वारा रचित 'प्रेमसागर' नामक ग्रन्थ रखा हुआ था जिसको इन्होंने प्रारम्भ से लेकर अंत तक कई बार पढ़ा जिससे इन्हें दो प्रकार के लाभ प्राप्त हुए एक तो यह हिन्दी में निबद्ध सन्दर्भ को आंशिक रूप से समझने में दक्ष हो गये साथ ही साथ भगवान श्रीकृष्ण की पूरी कथा से भी इन्हें उसी समय में परिचय प्राप्त हो गया। यह परिचय उस समय ओर अधिक प्रगाढ़ हो गया जब यह अपने पिता के साथ शिष्यमण्डली में जाते तथा उनके द्वारा व्याख्यात भागवत कथा सुनते थे। फलतः संस्कृत भाषा से परिचित होने के पूर्व ही पं0 बलदेव उपाध्याय भागवत की कथा से पूर्णतया परिचित हो गये थे। उस कोमल अवस्था में भागवत कथा की स्निग्धता तथा अभिरामता की जो अमिट छाप उनके हृदय पर पड़ी वह उनके जीवन की एक अमिट अनुभूति है। इन घटनाओं ने पं0 बलदेव उपाध्याय के चित्तवृत्ति को जो दिशा प्रदान की है वह इनके जीवन की बहुमूल्य निधि है।

Other general reasons of communal violence are slow development of economy. Slow development of economy is not able to meet the expected demand of people. There is no proper understanding of each other's religion. Sometimes activity of one particular group of religion is perceived as a provocation by some section of people of a particular religion. Like religious procession led by Hindu groups in Muslim majority areas particularly near mosque ,few narrow minded Muslims thinks that it is a threat to Islam and not acceptable in Islam ,they take procession as a provocation, between these some antisocial elements start throwing stones, clash erupts and resulted into communal riot. Similar case is with some sections of Hindus. When Tazia (murraham) procession passes through Hindus dominated areas, few section of narrow minded Hindus think that Muslims are challenging them, and they creates hurdles in passing of procession, then clash starts this ultimately led to communal riots. There are many instances where the root cause of communal violence were religious procession. Feeling of deprivation by one religious community against other is also one reason of communal violence, like high literacy rate, life standard, percentage of people who are doing job etc in one religion are perceived by other religious community as a form of deprivation. Political parties also play the

role in creating atmosphere of communal violence through their provocative speeches. Appeasement of one religious community for vote bank politics by some political parties give a sense of being ignored to other their religious group,like a section among Hindus people think that congress and some other political parties always appease Muslims, they think that they their Hindu religion is being ignored. Some Hindu nationalists live with certain mind map against Muslims, like a section of radical Hindus think that Muslims are supporters of Pakistan, they don't love India, they support Pakistan in India –Pakistan cricket match. These false allegations against Muslim community as a whole increases the gap between Hindus and Muslims. Some new phenomenas which led to creation of communal atmosphere are *Ghar waspi* programme. It was started by some radical Hindu outfits, which tried to bring non-Hindus to Hindu religion through religious conversion. Hindu radical groups claimed people in *Ghar wapsi* programme converted to Hinduism ,voluntarily, whereas some alleged that it was forceful. Love Jihad is another new issue where Hindu outfit groups claim that Hindu women are being trapped by Muslim youth by pseudo name of Hindu, and after marriage, her Muslim husband forces Hindu wife to convert into Islam. Mob lynching of Muslim in suspicion of carrying beef in truck or consumption of beef .Some Muslim youths are being radicalised by radical Muslim outfit organisations. There are many cases from Kerala where radicalised Muslim youth have joined ISIS.

In India the problem of communalism has severely impacted the religious harmony and peace in societies. There is urgent need to take to curb communal violence. There must be synthesis of cultural values of different religions in India. There is need of religious interaction among different religious communities. Each one should respect to everyone's religion and its values. People in India live with certain religious prejudices against each other's religion. It is time to shattered these prejudices and move forward. There is need to give value education to children in schools. They should make aware from different culture of different religion. Values of respect for each other's religion ,equality and fraternity ,tolerance, must be promoted in schools. Only rational teaching of History should be allowed in school. In History, it should not be taught as an invasion of Muslims and Christian over Hindus in different period of our past. Religious heads of different religions should interact among themselves. Government should come with a comprehensive law to check communal violence. Persons responsible for communal violence must be punished within a very short period of time, then government will be able to send a strong message in the society against communal forces. The Representation of People Act,1951 should be amended and many new provisions should be added in Model Code of Conduct to make these effective enough to prevent use of communal politics during elections. Medias should also promote communal harmony and they should not be biased against any religion.

## CONCLUSION

Political parties should also understand that gravity of communal politics, They must follow ethics in politics. Political parties should not forget what Mahatma Gandhi has said that ethics and politics should not be separated. A nation can never develop if its societies repeatedly witness communal violence. Communal violence creates a constant fear among societies. Secular educations should be provided and fraternity should be promoted in societies. We should understand that communal violence will never pave the way for development of nation. Communal violence disturbs the fabric of peace and harmony in societies. There is need of peaceful coexistence of all religious communities in societies. We must strive to preserve the idea of India.

## REFERENCES

[1]. Fadia,B.L,Indian Government and Politics,Sahitya Bhawan Publication,2010
[2]. Chandra,Bipin, Communalism in Modern India, Har-Anand Publisher,2009
[3]. Chandra,Bipin, Mukherjee,Miridula, Mukherjee.Aditya, India Since Independence, Penguine India Publication,2008
[4]. Dumont,Louis, Religion,Politics,History in India, Mouton,1970
[5]. Brass,R.Paul, The Production of Hindu-Muslim Violence in Contemporary India,Jackson Publication,2005
[6]. Brass,R.Paul, Riots and Pogroms , Palgrave Macmillaan,1996
[7]. Brass,R.Paul, The Politics of India Since Independence, Cambridge University Press,2003
[8]. Kothari,Rajni, Politics of Communalism in India, Rainbow Publishers,1998
[9]. www.jstor.org
[10]. www.insightsonindia.com

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2019 SHISRRJ | Volume 2 | Issue 4 | ISSN : 2581- 6306

# षट्कर्म के आलोक में धौतिकर्म की विधि एवं उसका लाभ



**मनमोहन कुमार**
**शोध छात्र,**
**विश्वविद्यालय दर्शनशास्त्र विभाग,**
**बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर (बिहार)**

---

**सारांश** – धौतिकर्म में चार अंगुल चौड़े और पन्द्रह हाथ लम्बे महीन वस्त्र को जल में भिंगोकर थोड़ा निचोड़ने के बाद गुरुपदिष्ट मार्ग से धीरे–धीरे निगलने का अभ्यास करना चाहिए। निगलने से पहले पूरा जल पी लेना आवश्यक है। इससे कपड़े निगलने में सुविधा तथा कफ–पित्त का उसमें सटकर बाहर निकलना आसान हो जाता है जिससे मन शान्त और प्रसन्न रहता है।



प्रस्तुत शोध–पत्र के इस अध्याय में षट्कर्म के धौति विधि एवं उसके महत्व को प्रस्तुत किया गया है। इस विधि से हमारे शरीर के विभिन्न विचारों को

कैसे दूर किया जाय, मूल एवं मनोविकार रहित निर्मल काया को कैसे प्राप्त किया जाए। क्योंकि विकार रहित निर्मल एवं शांत शरीर के द्वारा ही योग के चरम लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। एतत् संबंधी वाद–विषयों की चर्चा, अध्ययन एवं अवगाहन करने का निष्पक्ष प्रयास इस अध्याय में किया गया है। धौति का शाब्दिक अर्थ है– धोना या हल्की धुलाई। इस क्रिया के द्वारा पाचन संस्थान के ऊपरी भागों (मुख, अन्न–नलिका, अमाशय आदि) को धोकर साफ किया जाता है।[1]
धौति का अभ्यास वायु, जल, वस्त्र और डण्डे से किया जाता है। इस अभ्यास समूह में दन्त धौति, जिह्वा धौति, कर्ण धौति, वमन धौति, वस्त्र धौति, दण्ड धौति, वातसार धौति आदि आते हैं। जैसा कि नाम से ही विदित होता है, दन्त–जिह्वा और कर्ण धौति क्रमशः दाँतों, जिह्वा कानों की सफाई के तरीके हैं। प्रायः समस्त अंगों की सफाई के लिए धौति के अलग–अलग अभ्यास उपलब्ध है। ये अभ्यास टूथब्रश जैसी चीजों के आविष्कार तथा उपभोक्ता बाजार में आने के बहुत पहले से ही किये जाते थे।[2]

**धौतिकर्म की विधि**

चतुरंगुल विस्तारं हस्तपंचदशायतम्।
गुरूपदिष्टमार्गेण सिक्तं वस्त्रं शनैर्ग्रसेत्।
पुनः प्रत्याहरेच्चैतदुदितं धौति कर्म तत् ।।

भारतीय यौगिक परम्परा के ऊषा काल से ही धौतिकर्म को एक चिकित्सा विधि के रूप में अंगीकार किया जाता रहा है। इस क्रिया को करने के लिए चार अंगुल चौड़ा और 10 या 12 हाथ लम्बे महीन कपड़े को गुनगुना पानी में भिंगों कर उसका कुछ भाग निचोड़ लें।[3]

उसके पश्चात् निचोड़े हुए सिरे को मुँह के अन्दर डाल कर तर्जनी अंगुली के सहारे से उसे गले के भीतर धकेल दें और जीभ के सहारे धीरे–धीरे पेट के अंदर ले जाएँ। परन्तु सम्पूर्ण धौति को पेट के भीतर न ले जायें एक हाथ बाहर ही रहने दें। उसके पश्चात् खड़े होकर नौलि उठा दायें–बायें घुमा लें। फिर धौति को धीरे–धीरे बाहर निकाल दें। धौति को बाहर निकालते समय यदि गले में कदाचित अटक जाय तो थोड़ा गर्म पानी पीकर धौति को अन्दर ले जाकर पुनः खींच कर बाहर निकाल देना चाहिए अथवा उल्टी करके बाहर निकाल देना चाहिए। बाहर निकाली गयी धौति को नहाने वाले साबुन से गर्म पानी के द्वारा धोकर सुखा लें।[4]

परन्तु प्रारम्भिक साधक को चाहिए कि प्रथम तीन या चार अंगुल चौड़ा महीन कपड़ा जो दो हाथ से तीन हाथ मात्र लम्बा हो अधिक नहीं, उसी

से धौति क्रिया सीख लेना चाहिए। किसी से सीखे बिना अपने आप इसे न करें।

**लाभ**

धौति क्रिया के करने से कण्ठ तथा उदर के रोग दूर हो जाते हैं। जैसे खाँसी, दमा हिचकी, अपच तथा मरोड़ आदि रोग दूर हो जाते हैं। अमाशय के भीतरी भाग में जो श्लैष्मिक आदि पदार्थ चिपके रहते हैं धौति के साथ बाहर निकल जाते हैं। केवल यही नहीं किन्तु आहार नली के भीतर जो दूषित कीटाणु आदि अड्डा जमा लेते हैं वे भी धौति क्रिया से बाहर निकल जाते हैं। इस क्रिया के प्रभाव से कण्ठस्वर भी सुन्दर और बुलन्द बन जाता है। टॉन्सिल आदि रोग पर भी इसका अच्छा प्रभाव पड़ता है।[5]
यकृत और तिल्ली के विकार दूर होते हैं। रक्त शुद्ध होता है। धौति कर्म के प्रभाव से कास, श्वास, प्लीहा कुष्ठ एवं 20 प्रकार के कफरोग अवश्य ही दूर होते हैं।[6] इसलिए कफ प्रकृति वालों के लिए तो यह धौति कर्म विशेष उपयोगी है।

**धौति के प्रकार**

घेरण्ड संहिता के अनुसार धौति के चार प्रकार हैं– अंतर्धौति, दन्तधौति, हृदयधौति, मूलशोधन।[7]

**अंतर्धौति –** अंतर्धौति का अर्थ शरीर के अंदर की शुद्धता (सफाई) या आंतरिक प्रक्षालन। इसके लिए हम जल, वायु और वस्त्र का उपयोग करते हैं। अंतर्धौति के भी चार प्रकार हैं– वातसार, वारिसार, अग्निसार (बह्निसार) बहिष्कृत। ये चार क्रियाएँ ही शरीर को निर्मल करने के लिए की जाती है।[8]

**(क) वातसार अन्तर्धौति –** अपने दोनों होठों को कौवे के चोंच की तरह बनाकर धीरे–धीरे वायु का पान कर उसे उदर में चारों ओर घुमा कर पुनः मुख द्वारा बाहर निकालने की क्रिया ही 'वातसार धौति' कहलाती है।[9]

**विधि –** किसी सुविधाजनक आसन में बैठकर मुँह खोलकर कौवे की चोंच जैसा आकार बनाइए, नाक से श्वास छोड़िये, मुँह से वायु को धीरे–धीरे पीकर पेट में भरने की कोशिश कीजिए। यह 'काकी मुद्रा' कहलाती है। जब पेट पूरी तरह वायु से भर जाए तो शरीर को ढीला छोड़ दें और वायु को पेट में कुछ समय के लिए घुमायें उसके बाद धीरे–धीरे रेचक के माध्यम से उस वायु को बाहर निकाल दें। यदि हो सके तो यह अभ्यास प्रतिदिन करें।

**लाभ –** वातसार क्रिया शरीर को निर्मल करती हैं। यह क्रिया पेट में होने वाली रासायनिक क्रियाओं को बढ़ाकर जठराग्नि की तीव्रता को बढ़ाती हैं। पेट में होने वाली दूषित गैस को बाहर निकालती है। पेट व छाती में अम्ल से होने वाली जलन मिटाती है। पाचन क्रिया को ठीक करती है तथा मल का निष्कासन भी समय पर कराती है। पेट के अनेक रोग, कब्ज, कीटाणुओं से उत्पन्न रोग, पेचिश, पेट में हार्निया, अल्सर, मोटापा आदि दूर हो जाते हैं।[10]

**(ख) वारिसार अंतर्धौति (शंख प्रक्षालन)**

**शंख–**प्रक्षालन को वारिसार अंतर्धौति भी कहा जाता हैं शंख–प्रक्षालन शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है– शंख और प्रक्षालन। शंख शब्द का प्रयोग आँतों के लिए किया जाता है, जिनकी आकृति कन्दरा एवं कुण्डल जैसी होती है। वारिसार शब्द भी दो शब्दों से मिलकर बना है– वारि (जल) और सार (तत्त्व)। यह अभ्यास काया–कल्प का एक अंग भी है, जो कि काया–शुद्धि और कायारूपान्तरण की एक आयुर्वेदिक विधि है।

**विधि–**पहले दो गिलास गुनगुना नमकीन पानी जल्दी–जल्दी बिना रूके पीते हैं, ताकि पानी नीचे आँत में न चला जाए। यदि आप रूक–रूक कर पानी पीयेंगे तो क्रिया ठीक से नहीं हो पायेगी। उसके बाद पानी को पेट में घुमाने के लिए पाँच आसन द्रुत गति से करते हैं। फिर और दो गिलास पानी पीते हैं फिर से इन पाँच आसनों को करते हैं। प्रत्येक आसन को आठ बार किया जाता है। उसी प्रकार छः गिलास पानी पीने और प्रति दो गिलास के बाद आसन करने के बाद शौच चले जाते हैं। शौच के लिए दो मिनट से ज्यादा प्रतीक्षा नहीं करनी है, क्योंकि उससे पेट के अन्दर दबाव खत्म हो जायेगा। यदि मल न निकले तो जोर नहीं लगाना है। पुनः दो गिलास पानी पीकर और आसान करके फिर शौच जाना चाहिए। तब तक पानी पीते जाना और आसन करते जाना है तब तक स्वच्छ पानी बाहर न निकलें और मल न निकले। जब साफ पानी निकलने लग जाए तो क्रिया समाप्त कर देनी चाहिए।

**शंख प्रचक्षालन के आसन** – 1. ताड़ासन, 2. तिर्यक ताड़ासन, 3. कटि चक्रासन, 4. तिर्थक भुजंगासन, 5. उदराकर्षणासन।[11]

**शंख–प्रक्षालन क्रिया का महत्व :**

शंख–प्रक्षालन क्रिया से कई लाभ प्राप्त होते हैं, जो इस प्रकार है–

- शंख प्रक्षालन ही मात्र एक ऐसी क्रिया है, जो मुँह से लेकर मलद्वार तक की सफाई करती है।

- पेट की कृमि एवं आँतों के पनपने वाले अमीवा को यह बाहर निकाल देता है और नूतन पाचक रसों को श्रावित कर पाचन संस्थान का कायाकल्प कर देता है।
- यदि उपरोक्त विधि व सावधानियाँ का पालन किया जाए तो मोटापा से पीड़ित व्यक्ति का वजन सप्ताह भर में 3 से 4 किलो तक कम हो जाता है और दुबले–पतले क्षीण काय व्यक्ति में नवीन ऊर्जा का संचार होता हैं
- उदर–विकार संबंधी समस्त बिमारियों का नाश होता है। चाहे वह कब्ज हो, वायु दोष हो, पित्त दोष हो या कफ दोष हो, इस प्रकार यह त्रिदोष नाशक है।
- शरीर का कायाकल्प करके यौवन प्रदान करता है। चर्म रोग मिटाता है।
- आज विकराल रूप ले चुका मधुमेह इस क्रिया से धीरे–धीरे नाश को प्राप्त होता है। आलसपन समाप्त हो जाता है।
- इस क्रिया के बाद व्यक्ति स्वयं को हल्का व पूर्ण स्वस्थ महसूस करता है साथ ही मानसिक रूप से भी पूर्ण स्वस्थ रहता है।
- सिर दर्द (किसी भी प्रकार का) पूर्णतः ठीक हो जाता है।
- आँखें सुंदर, बड़ी, आकर्षक एवं निरोग हो जाता है।
- चेहरा, सुंदर, तेजवान व चमकदार हो जाता है।
- रक्त दोष दूर होता है। मुँह से निकलने वाली दुर्गन्ध का नाश होता है।
- शंख–प्रक्षालन की क्रिया के बाद आसन, प्राणायाम, मुद्रा, बंध ध्यान एवं कुण्डलिनी जागरण में विशेष लाभ मिलता है।
- यह क्रिया शरीर के लिए अद्‍भुत एवं अमृत के समान है। पुरुषत्व शक्ति में वृद्धि होती है।
- बावासीर एवं भगंदर रोग में लाभ।

इस तरह यह मन को शांत करता और चेतना की उच्च अवस्था का मार्ग प्रशस्त करता है। शुद्धिकरण के इस अभ्यास के बाद की गयी कोई भी साधना बड़ी फलदायक होती है।[12]

### (ग) अग्निसार अन्तर्धौति

**विधि :** इसमें ध्यान के किसी भी आसन में बैठें। रीढ़ की हड्डी सीधी रहे, हाथ तने हुए अवस्था में घुटनों पर रहे। ताकि घुटने जमीन से सट जाएँ, कुछ क्षणों तक पूरे शरीर को विशेषकर अमाशय को विश्रान्त दें। सिर को थोड़ा आगे करें, मुँह खोलकर जीभ को बाहर निकालें आँखें खुली या बन्द रह सकती हैं। सबसे पहले लम्बी और गहरी साँस अन्दर लेनी है, उसके

बाद होठों को गोल बनाकर मुँह से पूरी वायु बाहर निकाल लेना है। साँस को मुँह से बाहर निकालना; नाक से नहीं, जब तक फेफड़े और पेट खाली न हो। ऐसा करने से पेट और फेफड़ों के बीच जो मध्यपटल होता है वह ऊपर की ओर जाता है। इस मध्यपटल का प्रयोग वायु को बाहर निकालने के लिए होना चाहिए अन्दर नहीं लेना चाहिए। साँस को रोककर पेट को जल्दी–जल्दी अन्दर–बाहर करना है। शुरु में 15 बार यह आगे–पीछे किया जा सकता है। जब 15 बार हो जाए तब भी साँस नहीं लेनी है। जब शरीर विश्राम की अवस्था में आ जाए तब धीरे–धीरे साँस को खींचना है। उसके बाद पुनः इस अभ्यास को दोहराया जा सकता है।

इसमें नाभि को अन्दर ले जाकर मेरुदण्ड से सटाने का प्रयास किया जाता है। इस क्रिया में पेट को बाहर फेंका व अन्दर खींचा जाता है। उसके बाद कन्धों को ढीला कर विश्राम करते हैं।

**समय :** भोजन के बाद अर्थात् भरे पेट में अग्निसार क्रिया नहीं करनी चाहिए। इस अभ्यास को करने का उत्तम समय प्रातःकाल ही है। सामान्य व्यक्ति इस क्रिया को कम से कम तीन और अधिक से अधिक पाँच बार कर सकता है। प्रत्येक आवृत्ति के बाद कुछ क्षण विश्राम करें।

**लाभ :** इस क्रिया में शारीरिक व मानसिक दोनों प्रकार के लाभ होते हैं।

**शारीरिक लाभ :** इस क्रिया से पेट से संबंधित सभी अंगों की मालिश होती है, उनकी क्रियाशीलता बढ़ती है। पाचन प्रणाली को व्यवस्थित कर यह पाचक तंत्र का स्त्राव नियमित करती है। जिससे भोजन का पाचन ठीक से होता है। इसके अतिरिक्त पेट के कीड़े नष्ट हो जाते हैं। इस अभ्यास से पेट के अतिरिक्त अंगों पर इच्छानुसार नियंत्रण प्राप्त किया जा सकता है।

**मानसिक लाभ–**यदि किसी निराशाग्रस्त व्यक्ति को इस प्रकार की क्रिया का अभ्यास आठ से दस बार कराया जाए तो वह निराशा की अवस्था से बाहर आ जायेगा तथा तीन–चार घण्टों तक वह सामान्य व्यक्ति की तरह व्यवहार करेगा। लेकिन बाद में जब पुनः उसका तंत्रिका तन्त्र शिथिल पड़ जाएगा। तब वह फिर से निराशा की अवस्था में चला जायेगा। इससे ज्ञात होता है कि इस क्रिया के द्वारा तंत्रिका तंत्र में बहुत तीव्र उत्तेजना का अनुभव होता है।[13]

**(घ) बहिष्कृत अन्तर्धौति**

''काकी मुद्रां शोधयित्वा पुरये दुदरं मरुत्।''

**विधि :** काकी मुद्रा के समान मुख बनाकर हवा को पेट के भीतर ले उसे वायु से भर लेना। इसी मुद्रा में होठों को गोल बनाकर मुँह से हवा को पीना है जिस प्रकार पानी पीते हैं तथा हवा को पेट में रखते हैं। हवा को पेट में रखकर सामान्य साँस ले सकते हैं। क्योंकि श्वसन प्रक्रिया पेट से नहीं बल्कि फेफड़ों से होती है। अतः जो हवा पेट में रुकी हुई है वह अन्न नलिका और पेट के बीच दीवार होने के कारण ऊपर नहीं आएगी। साँस को अन्दर लेने में 30 सेकण्ड और बाहर छोड़ने में 30 सेकण्ड का

समय लगता है। इसके बाद आसनों का अभ्यास किया जाता है, ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, कटि चक्रासन, भुजंगासन के अभ्यास से वायु को नीचे आँतों की ओर धकेला जाता है। जिस प्रकार शंख प्रक्षालन की जो प्रक्रिया होती है आसन करने के बाद शौच जाते हैं, वही अभ्यास यहाँ भी करना पड़ता है। इसके बाद शौच जाना आवश्यक है क्योंकि हमारे शरीर में हवा का जो दबाव बनता है वह अतिशीघ्र बाहर निकलता है। इस प्रकार हवा के माध्यम से आँतों को मजबूत व पेट के रोगों को ठीक किया जाता है।[14]

**लाभ :**

- सभी नाड़ियाँ शुद्ध होती हैं।
- शरीर युवा बना रहता है।
- शरीर में नई शक्ति का संचार होता है।
- वात–रोगों का शमन होता है।

**दन्तधौति**

दन्तधौति का शाब्दिक अर्थ है दाँत की सफाई। इसमें पहला अभ्यास है दन्तमूल, अर्थात् दाँतों के जड़ की सफाई, दूसरा अभ्यास है जिह्वामूल, जीभ और उसके मूल की सफाई ''रन्ध्र च कर्णयुग्मयौ'', कर्ण रन्ध्रो की सफाई, दोनों कानों की सफाई एक प्रकार की धौति मानी गई है और बायें कान की सफाई दूसरी प्रकार धौति, कपालरन्ध्र सिर के अग्रभाग का ऊपरी हिस्सा, इस प्रकार दन्तधौति के ये पाँच प्रकार होते हैं।

**अर्थ :** दन्तधौति के पाँच भेद हैं– दन्तमूल, जिह्वामूल, कर्णरन्ध्र और कपालरन्ध्र। ये चार प्रकार की धौति हुई।
इनमें दोनों कानों के रन्ध्रों से होने वाली दो धौति मानी गयी है। इस प्रकार पाँच हुई।

**लाभ :** सभी क्रियाएँ हमारी ज्ञानेन्द्रियों की सम्पूर्ण स्वच्छता के लिए प्रयोग में लायी जाती है। जिससे सभी ज्ञानेन्द्रियों के दोष विकार खत्म हो जाते हैं।[15]

दन्तधौति के पाँच प्रकार हैं[16]–

- दाँतों की जड़ों को धोना (दंत मूल)
- जीभ मूल को धोना।
- दायाँ कान

- बायाँ कान
- कपाल छिद्र का प्रक्षालन

**(क) दन्तमूलधौति**

किसी अच्छे मंजन से दाँत माँजना चाहिए। योगियों को यह साधन दाँतों के कई रोगों से सुरक्षा के लिए प्रतिदिन अवश्य करना चाहिए।[17]

**विधि :** यहाँ एक विशेष औषधि का प्रयोग किया जाता है। जिसे 'कत्था' कहते हैं। जो पान में खाते हैं, कत्थे को भिंगोकर उसका जो रस निकलता है, उसे अपनी अंगुली पर रखकर दाँतों के मूल को घिसना है। कत्था उपलब्ध न हो तो जमीन की गीली चिकनी मिट्टी, काली व पीली मिट्टी का प्रयोग किया जा सकता है। यह निश्चित कर लें, उसमें पत्थर न हों उसका प्रयोग एक पेस्ट के रूप में किया जाता है। उसे दो–तीन मिनट तक मसूड़ों की जड़ में घिसते हैं। कुल्ला करते हैं और इस क्रिया को दोहराते हैं। ऐसा पाँच या छः बार करते हैं। तब कहीं मसूड़ों में स्वास्थ्य का अनुभव होता है और मसूड़ों में रक्त का संचार होता है।

**लाभ :** प्रातःकाल नियमित अभ्यास करने से दाँतों की रक्षा होती है।[18]

**(ख) जिह्वाशोधन धौति**

**अथातः सम्प्रवक्ष्यामिः जिह्वाशोधनं कारणम्।**
**जरामरणरोगादी त्राशये दीर्घ लम्बिका।।**

**अर्थ :** जिह्वा शुद्धि का कारण यह है कि दीर्ध लम्बिका कहलाने वाला प्रयोग जन्म–मरण रोगादि का नाशक है।

**विधि :** जीभ पर मक्खन मलिये, तर्जनी, मध्यमा और अनामिका तीनों अंगुलियों को एक साथ मिलाकर जीभ के जड़ तक गले में ले जाएँ और कुछ समय उस पर मालिश करें जीभ के दोनों बगल से अँगूठे तथा अँगुलियों की सहायता से दोहन की क्रिया करें। मक्खन के कारण जीभ चिकनी हो जाती है और दोहन क्रिया सरल होती है।

**लाभ :** इस क्रिया से जीभ की मालिश होती है। गले व श्वास नली में जो श्लेष्मा एकत्र हो गया है वह साफ हो जाता है तथा कफ दोष दूर हो जाता है। हिचकी की बीमारी में यह काफी फायदेमंद होता है। इस अभ्यास में माँसपेशियाँ लचीली होती हैं। अतः प्रतिदिन के अभ्यास से जिह्वा लम्बी हो जाती है। इस क्रिया द्वारा जिह्वा मजबूत होती है।[19]

**(ग) कर्णरन्ध्र धौति**

**विधि :** इस विधि में अंगुली को गीला कर लिया जाता है ताकि वे ठीक से कर्ण नली के मुहाने पर चिपक जाए, उसके बाद अँगुलियों को धीरे–धीरे दबाव के साथ अन्दर डाला जाता है और गोलाकार घुमाते हुए कान के भीतर ले जाने का प्रयास करते हैं। एक सीमा तक जाकर उन्हें गोलाकार घुमाते हुए बाहर खींच लें। ताकि अन्दर निर्वात बनकर चुषण हो सके। सप्ताह में एक बार किसी खाद्य तेल में लहसुन की दो कली डालकर उबाले व कपास का फोआ बनाकर कानों में दो चार बूँद डाले उसके बाद थोड़ी देर कानों को रूई से बंद रखें उससे मैल व मोम फूल जाते हैं तथा उंगुली से साफ करने पर तुरन्त मैल साफ हो जाता है।

**लाभ :** कानों की नियमित सफाई होने से श्रवण इन्द्रियों में तीव्रता आ जाती है जो सुनने की क्षमता बढ़ाती है तथा जिसमें व्यक्ति सूक्ष्म आवाजों, जिससे सूक्ष्म ध्वनियों को सुन सकते हैं। जिससे हमारी एकाग्रता बढ़ती है।[20]

**(घ) कपालरन्ध्र धौति**

**विधि :–** दाहिने हाथ की ऊँगलियों तथा अँगूठे को जोड़कर हथेली को कपनुमा आकृति में बना लें। फिर हाथ में पानी लेकर सिर को सामने झुकाते हुए सिर के ऊपरी हिस्से में पानी के छपके मारे। ताकि बाह्यरन्ध्र का हिस्सा गीला हो। हथेली से उस पर 3–4 बार थपकी लगें। इसी प्रक्रिया को 4–5 बार दुहराया जा सकता है।

**लाभ :** इस क्रिया से मस्तिष्क ठण्डा तो होगा की मोतियाबिन्द में भी लाभ होगा। आँखों के दोष को दूर करने के लिए, उच्च रक्त, चाप कम करने के लिए, सर्दी, खांसी से बचाव के लिए यह अभ्यास उपयुक्त है।[21]

**(ङ) हृदयधौति**

हृदयधौति दो शब्दों के मेल से बना है– हृदय और धौतिं यहाँ हृदय का अर्थ शारीरिक हृदय से है तथा धौति का अर्थ शारीरिक सफाई से। इस क्रिया में भोजन नली, पेट की तथा फेफड़ों की सफाई की जाती है। हृदयधौति द्वारा फेफड़ों के भीतर कफ और अशुद्ध तत्त्वों को निकाला जाता है।[22]

**प्रकार –** हृदयधौति का अभ्यास तीन प्रकार से किया जाता है–

(क) दण्ड धौति

(ख) वमन धौति

(ग) वस्त्र धौति

**(क) दण्ड धौति**

**विधि :** केले और हल्दी के डण्ठल के अतिरिक्त बेंत का भी प्रयोग कर सकते हैं, बेंत को अच्छी तरह साफ कर देते हैं। वह भी बहुत पतला होना चाहिए। फिर सिर को ऊपर कर डण्ठल मुँह में घुसा लेते हैं। उस डण्ठल को छोड़ना नहीं चाहिए, पकड़े रखना है। उसे पकड़कर आप जितना अन्दर डाल सकते हैं उतना डालिए और उसके बाद उसे थोड़े कम्पन्न के साथ (द्वारा) गर्दन में हिलाएँ उससे वमन की इच्छा होती है। फिर डण्डे को निकालकर बाहर कर देते हैं और उसके साथ जो कफ, पित्त या श्लेष्मा हो उसे बाहर थूक देते हैं। इसमें एक कार्य और भी करते हैं, वह है– डण्डे में घी लगा देना, ताकि वह गले में आसानी से सरकें।
**लाभ :** इससे कफ, पित्त आदि श्लेष्मा बाहर निकलते हैं जिसके कारण हृदय रोग समाप्त होता है।[24]

**(ख) वमन धौति**
वमन धौति क्रिया में व्यक्ति को भोजन के उपरांत अंत में कंठ पर्यंत जल का सेवन कर और उसे कुछ देर बाद ऊपर को देखते हुए वमन द्वारा निकाल देना चाहिए। इसके द्वारा कफ और पित्त का निवारण होता है। यह क्रिया दो प्रकार की होती है। एक खाली पेट और दूसरी भोजन के उपरांत। इसे कुंजल किया और व्याघ्र क्रिया कहते हैं।

**(क) कुंजल क्रिया :** इसमें जल को कुनकुना कर उसमें नमक मिलाते हैं। उसके बाद उस जल का सेवन करें। पहले जल्दी–जल्दी पिएं, जब तक यह न लगे कि अब नहीं पी सकते हैं। तत्पश्चात् ऐसे स्थान चयन करें, जहाँ कुंजल कर सकें। अब घुटनों द्वारा सामने झुक जाएँ तथा गर्दन को जमीन के समानांतर रखें, फिर मुँह में तीन अंगुलियों को जीभ के ऊपर रखें तथा जिह्वा मूल को दबाते हुए अंगुलियों को धीरे–धीरे आगे–पीछें करें। इससे जल स्वतः ही बाहर आ जाता है। वमन करते समय अँगुलियों को बाहर निकाल दें।

**(ख) व्याघ्र क्रिया :** इस क्रिया का अभ्यास भोजन करने के बाद किया जाता है। भोजन के पश्चात् जल का सेवन कर कंठ तक भर लें तथा कुछ पलों के लिए ऊपर की ओर सिर करें और जल को बाहर निकाल दें। इस क्रिया का अभ्यास भोजन करने के तीन घंटे बाद करें, क्योंकि कहा जाता है कि सामान्यतः भोजन का पाचन तीन घंटों में हो जाता है। यदि ऐसा नहीं हुआ तो जल का सेवन कर व्याघ्र क्रिया करे। इसमें अपच भोजन को वमनक्रिया द्वारा बाहर निकाला जाता है।

**सावधानियाँ :** वमन क्रिया में कुंजल का अभ्यास यदि खाली पेट किया जाए तो सर्वोत्तम है, किंतु यदि भोजन के उपरांत कर रहे हैं तो पाँच घंटे बाद

ही करें और व्याघ्र क्रिया का अभ्यास तीन घंटे बाद ही करें। इस क्रिया का अभ्यास उच्च रक्तचाप, हार्निया आदि रोगों में नहीं करना चाहिए। इन क्रियाओं का अभ्यास प्रशिक्षित शिक्षक के सान्निध्य में ही करें।

**लाभ :** इस क्रिया द्वारा शरीर विकार रहित हो जाता है। यह कफ एवं पित्त रोगों में अत्यंत सहायक है। दमा के रोगी, कब्ज संबंधित परेशानी, सिरदर्द या माइग्रेन में इस क्रिया द्वारा अत्यंत लाभ प्राप्त होता है तथा शरीर से सड़े भोज्य पदार्थ निकल जाते हैं और पाचन प्रणाली सुचारू रूप में कार्य करने लगती है।[25]

### (ग) वस्त्रधौति

इस क्रिया द्वारा भोजन नली, अमाशय को लंबे कपड़े की सहायता से साफ किया जाता है। महर्षि घेरण्ड कहते हैं कि इस क्रिया के अभ्यास से कफ, पित्त आदि के निवारण के साथ गुर्दे की बीमारी, कोढ़ तथा त्वचा के रोगों के लाभ में भी सहायता मिलती है। इसके लिए चार अंगुल चौड़ा और पाँच मीटर लंबा सूची वस्त्र होना चाहिए। जिसे धीरे–धीरे निगलें तथा फिर इसे बाहर निकाल दें। सर्वप्रथम उकड़ू आसन में बैठे। दोनों पैरों के मध्य कटोरी में जल में कपड़ा रखें। पहले मुख द्वारा वस्त्र को निगलने का प्रयास करें। धीरे–धीरे अंदर डालते रहें और उसे चबाते रहें साथ ही गुनगुने जल की एक घूँट द्वारा वस्त्र को निगलने का प्रयास करें। यदि निगलते समय वमन की इच्छा हो या खांसी हो तो जल पीकर साधें। इसी प्रकार धीरे–धीरे साढ़े चार मीटर वस्त्र को निगलें। उसके पश्चात् धीरे–धीरे वस्त्र को बाहर निकालें। इसके साथ ही अमाशय व भोजन नली में फँसी गंदगी निकल आती है।

**सावधानियाँ :** इस क्रिया का अभ्यास खाली पेट करें। कपड़े को जीभ से सटाकर रखें। यदि तालु की तरफ सटाया श्वास लेने में परेशानी होती है और खाँसी के साथ कपड़ा बाहर निकल जाता है। इसमें पाँच मिनट से अधिक देर तक वस्त्र को अंदर न रखें। प्रारंभ में इस क्रिया का अभ्यास एक मिनट से अधिक न करें। सप्ताह में एक बार ही इस क्रिया का अभ्यास करें। इस क्रिया का अभ्यास प्रशिक्षक के निर्देशन में ही करें।

**लाभ :** इस क्रिया द्वारा अमाशय की पूर्णतः सफाई होती है। जिसके द्वारा पाचक रस तेजी से श्रावित होने लगता है। यह कफ पीड़ितों के लिए, दमा के रोगों के लिए विशेषकर लाभदायक हैं इसके नियमित अभ्यास से आरोग्य की प्राप्ति होती है। शारीरिक बल बढ़ता है तथा शरीर निरोगी रहता है।[26]

### 4. मूलशोधन

मूलशोधन जिसको 'गणेश क्रिया' कहा जाता है। मूलशोधन अर्थात् मूल (गुदा) भाग की सफाई। मूलशोधन यह धौति क्रिया की अंतिम विधि है।

जब तक मल भाग को साफ नहीं किया जाता है, तब तक अपान वायु में विकार उत्पन्न होते रहते हैं। हल्दी की नरम जड़ को लेकर उसे अच्छी तरह साफ कर लें तथा उसे छीलकर उपयोग करें, ताकि हल्दी का रस निकले। अब उकडू आसन में बैठकर हल्दी की जड़ को गुदा मार्ग द्वारा धीरे–धीरे अंदर को डालें। उसके बाद उसे कुछ देर विषाक्त विकार जितने भी हैं, वह हल्दी की जड़ में आ जाएँ, तब उसके बाद बाहर निकाल दें। इसके द्वारा 'मूल' द्वार साफ होता है। इस क्रिया का अभ्यास मध्यमा अंगुली के द्वारा भी किया जा सकता है। अंगुली पर घी लगाकर उसे गुदा मार्ग पर धीरे–धीरे अंदर डालें और उसे गोल–गोल तब तक घुमाएँ, जब तक कि मल बाहर न आ जाए।

**सावधानियाँ :** यदि अंगुली का प्रयोग करते हैं तो नाखून को काट लें, क्योंकि मल द्वार का भाग कोमल होता है, नाखूनों द्वारा छिल सकता है। बवासीर के रोगियों को अंगुली अंदर डालते समय सावधानी बरतनी चाहिए। इसके अभ्यास के दौरान ठंडे जल का उपयोग करें।

**लाभ :** कब्ज में राहत मिलती है। इसके अभ्यास से नाड़ी और कोशिकाओं के रक्त संचार में तीव्रता आती है और सही तरीके से कार्य होता है। बवासीर रोग के लिए अत्यंत लाभदायक है। गुदा मार्ग के कड़े मल का निष्कासन इस क्रिया द्वारा होता है। जठराग्नि तेज होती है तथा शरीर कांतिमान हो जाता है।[27]

**सन्दर्भ सूचीः–**

1. यौगिक षट्कर्म (योग की शरीर–शोधन क्रियाएँ), डॉ. अयोध्या प्रसाद 'अचल', चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, पृष्ठ–1.
2. योग दर्शन (योग औपनिषदीय दृष्टिकोण), स्वामी निरजनानंद सरस्वती, योग पब्लिकेशन्स ट्रस्ट, मुंगेर, बिहार, भारत, पृष्ठ 83.
3. महीन वस्त्र नरम सो लीजे। तीन हाथ की धोती कीजे।।
   चार अंगुल चौड़ी परमाना। ताको निगले शक्ति अनमाना।।30।। हठयोग मंजरी, गुरु गोरखनाथ के शिष्य श्री सहजानंद नाथ योगी कृति। कैवल्यधाम श्रीमन्माधव योगमन्दिर समिति लोनावला (पुणे), पृष्ठ–19.
4. मुखसोबाहिर काढि पाणीसो धोवे। धौतिकर्म महासुख होवे।।
   स्वास कास कफ पित्त न होई। अष्ट रोग पित्त रहे न कोई।।31।। वही, पृष्ठ–20.
5. हठयोग विद्या, ब्रह्मलीन श्री 1008 स्वामी योगेश्वरानन्द
   सरस्वती जी महाराज, योग निकेतन ट्रस्ट, पृष्ठ 43.
6. कासश्वासप्लीहाकुष्ठं कफरोगाश्च विंशति : ।
   धौतिकर्मप्रभावेन प्रत्यातिव न संशयः।। (2/25)–हठयोग प्रदीपिका

7. अन्तधौतिर्दन्त धौतिर्हृद्धौतिर्मूलशोधनम्।
धौतिं चतुर्विधां कृत्वा घटं कुर्वन्तु निर्मलम् ।।13।।
घेरण्ड–संहिता (योगत्त्वम्), व्याख्याकारः आचार्य श्रीनिवास शर्मा, पृष्ठ–5.
8. वातसारं वारिसारं वह्निसारं बहिष्कृतम।
घटस्य निर्मलार्थाय अन्तर्धौतिश्चतुर्विधा।।14।।, वही, पृष्ठ 5.
9. काकचञ्चुवदास्येन पिबेद्वायुं शनैः शनैः।
चालयेदुदरं पश्चाद्वर्त्मना रेचयेच्छनैः ।।15।।, वही, पृष्ठ 5.
10. वातसारं परं गोप्यं देहिनिर्मलकारणम्।
सर्वरोगक्षयकरं देहानलविवर्द्धकम्।।16।। वही, पृष्ठ 6.
11. आकणठं पूरयेद्वारि वक्त्रेण च पिबेच्छनैः ।
चालयेदुदरेणैव चोदराद्रेचयेदधः ।।17।।, वही, पृष्ठ 6
12. सम्पूर्ण योग विद्या, राजीव जैन ''त्रिलोक'' पृष्ठ 440
13. हठयोग का परिचय, डॉ. नितिन ढ़ोमणे, पृष्ठ 73–74.
14. ''काकी मुद्रां शोधयित्वा पुरये दुदरं मरुत।''
घरेण्ड–संहिता (योगत्त्वम्), आचार्य श्रीनिवास शर्मा (पृष्ठ 8)
15. हठयोग का परिचय, डॉ. नितिन ढ़ोमणे, पृष्ठ 74–75.
16. दन्तमूलं जिह्वामूलं रन्ध्रं च कर्णयुग्मयोः।
कपालरन्ध्रं पंञ्चैते दन्तधौतिर्विधीयते।। (घे.सं. 1/25)
17. समपूर्ण योग विद्या, राजीव जैन 'त्रिलोक', पृष्ठ 443.
18. हठयोग का परिचय, डॉ नितिन ढ़ोमणे, पृष्ठ 75.
19. वही, पृष्ठ 75.
20. वही, पृष्ठ 76.
21. घेरण्ड–संहिता (योगत्वम्) आचार्य श्रीनिवास शर्मा, पृष्ठ 11.
22. हठयोग के सिद्धांत, डॉ. नवीन चन्द्र भट्ट, नेहा पाण्डेय, पृष्ठ 109.
23. हृदयधौतिं त्रिविधां कुर्यादण्डवमनवाससा। (घे.सं. 1/35)
24. हठयोग का परिचय, डॉ नितिन ढ़ोमणे, पृष्ठ 76–77.
25. घेरण्ड–संहिता (योगत्वम्) आचार्य श्रीनिवास शर्मा, पृष्ठ 12.
26. हठयोग के सिद्धांत डॉ० नवीन चन्द्र भट्ट, नेहा पाण्डेय, पृष्ठ 111–112.
27. वही, पृष्ठ 112.

××××

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2019 SHISRRJ | Volume 2 | Issue 4 | ISSN : 2581- 6306

# महिलाओं एवं बच्चों में कुपोषणः एक अध्ययन



**डॉ० रीता कुमारी**
एम.ए., पीएच.डी. (गृह विज्ञान)
बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर (बिहार)

---

कुपोषण चाहे किसी भी प्रकार का हो तथा किसी के लिए भी हो, हर परिस्थिति में हानिप्रद ही रहता है। परन्तु यदि महिलाएं कुपोषित हों तो इसका दुष्प्रभाव पूरे घर–परिवार को ही भुगतना पड़ता है। कुपोषण का सीधा–सा अर्थ है– ''समुचित पोषण का अभाव। पर्याप्त पोषण प्राप्त करने के लिए समुचित एवं सही ढंग से संतुलित आहार लेना अत्यावश्यक है। दूसरी ओर यदि कोई अनुचित आहार लेता है तो प्रायः ऐसा भी देखा जाता है कि उसके शरीर में किसी न किसी तत्व कीं कमी हो जाती है जिसका दुष्प्रभाव पूरे मनोदैहिक प्रणाली पर भी पड़ता है। इस प्रक्रिया के दौरान कुछेक विशेष प्रकार के पदार्थों की कमी होती है जो कि एक तरह से रोगों के लक्षणों के रूप में पहचानी जाती है और अंततः हमारा शरीर रोगग्रस्त या अस्वस्थ हो जाता है।

वैसे तो कुपोषण से ग्रस्त होना किसी भी आयु के व्यक्ति के लिए संभव है परन्तु विशेष तौर पर महिलाएँ, बच्चे तथा बढ़ती अवस्था किशोरवय के आयुवर्ग को कुपोषण का शिकार प्रायः होना पड़ता है। फिर भी महिलाओं का कुपोषित होना पूरे समाज के लिए ही दुष्प्रभावकारी है क्योंकि कुपोषित नारी का दुष्परिणाम न केवल उसे बल्कि आगामी पीढ़ी तक को भुगतना पड़ता है। यह तथ्यपूर्ण सत्य है कि महिलाएँ ही पूरे परिवार तथा समाज का महत्वपूर्ण आधार स्तंभ है। अतः : उसे पूरी तरह से स्वस्थ रखना समाज की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

इसके लिए महिलाओं को कुपोषण से बचाने के लिए उन्हें समुचित पौष्टिक आहार देना चाहिए। यह वाकई कटु सत्य है कि कुपोषित रोगग्रस्त तथा सदैव अस्वस्थ रहनेवाली स्त्री का परिवार सदैव दुखी तथा कष्टप्रद परिस्थिति में मजबूर होकर रहता है। इस तरह की परिस्थिति के परिणामस्वरूप पूरे घर की पारिवारिक शांति भंग होती है तथा घर के सभी सदस्य परेशान रहते हैं। इसके अलावा शारीरिक रोगों के साथ मानसिक विकारों का भी सामना करना पड़ सकता है।

वास्तविकता यह है कि कुपोषण एक सामाजिक– आर्थिक समस्या है जिसकी प्रकृति न केवल राष्ट्रीय है बल्कि अंतर्राष्ट्रीय है।

कुपोषण के मुख्य लक्षण हैं दैहिक कमजोरी, मानसिक अवसाद, रक्ताल्पता, शरीर का रंग पीला या सफेद होना, आँखों के नीचे तथा चारों ओर कालिमा छा जाना, आँखें अन्दर की ओर धंस जाना, भूख न लगना, साँस फूलना, चक्कर आना, अनिद्रा, चिड़चिड़ापन, तुनकमिजाजी तथा यहाँ तक कि प्रलाप या मानसिक विकार आदि। दूसरी ओर आहर में किसी विशेष पदार्थ की कमी (जैसे–विटामिन, लौह तत्व, प्रोटीन, खनिज तत्त्व आदि की कमी) होने पर किसी विशेष लक्षण वाले रोग प्रकट हो सकते हैं। उदाहरण के तौर पर लौह तत्व की कमी से भी रक्ताल्पता हो सकती है। इसी तरह से प्रोटीन की कमी से मांसपेशियों की कमजोरी की शिकायत, विटामिन 'ए' की कमी से आँखों का कमजोर हो जाना, विटामिन 'बी' की कमी से नाड़ी रोग, विटामिन 'सी' की कमीसे स्कर्वी रोग, विटामिन 'डी' की कमी से अस्थि रोग होने की संभावना रहती है।

स्पष्ट है कि कुपोषण के कारण शरीर में जिस पदार्थ की कमी हो जाती है उसके फलस्वरूप कई प्रकार के शारीरिक रोगों को खुला निमंत्रण मिलता है। प्रश्न यह उठता है कि आखिरकार कुपोषण का शिकार क्यों होना पड़ता है? विशेष तौर पर भारत जैसे विकासशील देशों की महिलाओं को मजबूर होकर कुपोषित होना पड़ता है। अतः कुपोषित रह जाने की इस मजबूरी को भारतीय महिलाएँ क्यों तथा कब तक झेलती रहेंगी इस विषय पर तथ्यपूर्ण जाँच अवश्य करनी चाहिए।

विश्व में बच्चों सर्वाधिक संख्या भारत में है। '' देश के विकास की कार्यसूची में बच्चों का विकास पहलीप्राथमिकता है, ऐसा इसलिए नहीं है कि ये सबसे अधिक असुरक्षित हैं बल्कि इसलिए कि ये हमारी सर्वोत्तम परिसंपत्ति है तथा हमारे देश के भविष्य की मानव संसाधन शक्ति हैं। इन शब्दों के साथ हमारी दसवीं पंचवर्षीय योजना (2002–07) में इस तथ्य पर बल दिया गया है कि भिन्न–भिन्न आय वर्गों, भौगोलिक स्थानों, लिंग और समुदायों के बीच भारत का भविष्य उसके बच्चों के भविष्य में निहित हैं।

स्कूल–पूर्व बच्चों में प्रोटीन उर्जा कुपोषण (पीइएम) या अल्पपोषण संबंधी आँकड़ों के बारे में आकलन बच्चों की आयु के अनुसार उनका कम वजन होने को लेकर किया गया है। ये हमारे समाज में पोषण की अतिसंवेदनशील स्थिति की ओर इशारा करते हैं। यह तथ्य बच्चों की आयु के अनुरूप उनका वजन कम पाए जाने की स्थिति का अध्ययन करने पर उजागर हुआ है। पिछले तीन दशकों के दौरान बच्चों में अल्पपोषण की स्थिति में महत्त्वपूर्ण कमी आई है। वर्तमान में कुपोषण की स्थिति यह है कि बड़ी संख्या में बच्चे–भारी कुपोषण के कारण नहीं मरते बल्कि वे तो संक्रामक रोगों से अत्यधिक असुरक्षित हैं क्योंकि वे मध्यम और सामान्य कुपोषण से ग्रस्त होते हैं। उनका पूर्ण

शारीरिक और ज्ञानात्मक विकास भी नहीं हो पाता तथा बाद में वे विद्यालयी शिक्षा का भी पुर्ण लाभ प्राप्त नहीं कर पाते। बच्चों में सामान्य और मध्यम किस्म के इस अल्प पोषण से कुपोषण सार्वजनिक स्वास्थ्य का एक अदृश्य मुद्दा बन गया है कुपोषण की गंभीर स्थिति काफी हद तक स्पष्ट है लेकिन बच्चों के विकास और वृद्धि पर इसका प्रभाव पहले हीदिखाई देने लगता है। स्कूल–पूर्व बच्चों में कुपोषण की खराब स्थिति भी उनके अवरूद्ध विकास के लिए जिम्मेदार है । एन एफ एच एस 2 ने यह पता लगाया है कि तीन वर्ष से कम आयु वर्ग के 45.5 प्रतिशत बच्चे औसत से कम वजन के हैं (ऊँचाई के अनुरूप वजन)।

शिशु मृत्युदर (आई एम आर) में महत्त्वपूर्ण गिरावट आई है और 1951 में जहाँ यह दर प्रति 1000 जिंदा जन्में बच्चों पर 146 थी वहीं 2004 में घटकर प्रति 1000 बच्चों पर 58 रह गई (एस आर एस 2006) लेकिन शिशु मृत्युदर में यह गिरावट पिछले दशक में सर्वाधिक रही है । राज्यों, जिलों और यहाँ तक कि समुदायों और समूहों के बीच अत्यधिक असमानताएँ देखने को मिलती हैं। उदाहरण के लिए वर्ष 2004 में एक ओर जहाँ केरल में शिशु मृत्यु दर 12 रही वहीं मध्यप्रदेश में यह दर 79 थी (एस आर एस, 2004)। 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्युदर में भी कुछ सुधार हुआ है, लेकिन अब भी यह काफी ऊँची अर्थात प्रति 1000 जिंदा जन्में शिशुओं पर 77 बनी हुई है।

**I-M-R- Infant Mortality rate**

**S-R-S- Sample Registration system**

शिशु मृत्युदर में धीमी गिरावट की स्थिति में तभी सुधार हो सकता है जब एक बहु उद्देशीय रणनीति बनाकर कुपोषण की समस्या से निपटा जाएगा क्योंकि 50 से 55 प्रतिशत मामलों में ऐसी मौतों का कारण कुपोषण होता है। विश्वस्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार 55 प्रतिशत शिशुओं की मृत्यु का कारण प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में कुपोषण है।

शिशुओं एवं बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए पौष्टिक आहार की आवश्यकता एवं स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव संबंधी जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के अभाव का दुष्परिणाम महिलाओं एवं बच्चों को ज्यादा ग्रसित करता है। अतः पोषण की समस्याओं के समाधान में महिलाओं की भूमिका अहम् हो सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए मैंने इस विषय 'ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी स्थितियों का अध्ययनः (महिला, बच्चे 0–6 लमंते) मुजफ्फरपुर जिला के संदर्भ में '' का चुनाव किया है जिसके उद्देश्य निम्नलिखित हैं

1. सामाजिक एवं आर्थिक स्थितियों का अध्ययन।
2. महिलाओं में पोषण संबंधी ज्ञान का अध्ययन।
3. महिलाओं में स्वास्थ्य संबंधी ज्ञान का अध्ययन।

4. महिलाओं एवं बच्चों में पोषणीय स्तर का अध्ययन
(पोषण न्यूनता जनित रोग) ।
5. महिलाओं एवं बच्चों में स्वास्थ्य स्तर का अध्ययन।
6. विभिन्न सामाजिक एवं आर्थिक स्थितियों का पोषण एवं स्वास्थ्य के साथ संबंध।

**संदर्भ सूची :**


1. आर. के. आनन्दः प्रजेन्ट कान्सेप्ट्स ऑन प्रोमोशन ऑफ ब्रेस्ट फीडिंग इन इण्डिया, इण्डियन पीडियाट्रिक्स 1994.
2. वही पृष्ठ.
3. जया मण्डावरी (सितम्बर 2002):– स्वस्थ्य जीवन का आधार शाकाहार, कुरूक्षेत्र, पृ. संख्या 46–47.
4. आर. राजलक्ष्मीः अप्लायड न्यूट्रीशन, पृष्ठ सं. 418 (1969).
5. अज्ञात (2007) : मातृ मृत्यु दर में पिछड़ता भारत, योजना फरवरी 2015 के लक्ष्य प्राप्त करना हुआ मुश्किल, पृष्ठ 43.
6. वही पृष्ठ.
7. एम. स्वामीनाथनः इसेन्सियल्स ऑफ फूड न्यूट्रीशन, वाल्यूम–11 पृष्ठ सं. 334, 1974.

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2019 SHISRRJ | Volume 2 | Issue 4 | ISSN : 2581- 6306

# रमानंद रेणु आ हुनक साहित्य

विनीत कुमार लाल दास
एम.ए. (मैथिली), स्वर्ण पदक प्राप्त, नेट, पटना विश्वविद्यालय, पटना
शोधार्थी मैथिली विभाग ति. माँ भागलपुर विश्वविद्यालय, भागापुर

---

जखन कोनो रचनाकार मोनमे कोनो बातकेँ ल क तीव्र वेदनाक संग उथल-पुथल होइत रहैत छैक, तखन ओहि क्षण ओहि व्यक्तिकेँ होइत रहैत छैक जे कखन आ कोना ई मानसिक वेदना जल्दीसँ-जल्दी दूर भ जाय। एहि क्षणिक मानसिक वेदनासँ त्राण पयबाक लेल बुद्धिजीवी लोकनि एक टा युक्ति निकालने छथि जे बैचारिक उथल-पुथल मचल अछि तकरा वा त कोनो व्यक्तिसँ साझा क देल जाय। तखन एहि क्षणसँ उबरल जा सकैत अछि। तखन एहि प्रकारक वेदनासँ पीड़ित लोक अपन-अपन बातकेँ लोकसँ साझा करय लगलाह मुदा हुनका लोकनिकेँ ई भान भेलन्हि जे महत्वपूर्ण बातकेँ बादमे सुरक्षित नहि राखि पबैत छी। तेँ जे बात हुनका सभक दृष्टिमे महत्वपूर्ण बुझयलन्हि, ओहि बातकेँ भविष्यमे सुरक्षित रहय, ई विचारि कलमबद्ध करय लगलाह। बादमे जखन ओहि रचनाक अध्ययन करल गेल त स्वरुपगत भिन्नता देखबामे अयलन्हि। तखन अध्ययन दृष्टिसँ स्वरूपक आधारपर ओकर वर्गीकरण करल गेल जकरा मुख्यतः दू भागमे राखल गेल- 1. गद्य आ 2. पद्य। जखन कोनो रचनामे दुनूक मिश्रित रूप देखबामे अयलनि तखन ओहि रचनाक नाम 'चम्पू' रखलन्हि मुदा तखनो अध्ययन करबामे असुविधाकेँ देखैत एकर आंतरिक रुपपर विचार करैत एकरो सभक भेदोपभेद करलाह जाहिमे गद्यक भेद करलाह- कथा, उपन्यास, निबंध, नाटक आदि।

मैथिली साहित्यमे कथाक सूत्रपात भेल छल संस्कृतक पोथी विदयापतिक 'पुरुष-परिक्षा'क अनुवादसँ। एहि पोथीक अनुवाद करने छलाह- कवीश्वर चंदा झा। हिनक समकालीन रचनाकार लोकनि देखलनि जे एहि क्षेत्रमे अखन काज शुरुए भेल अछि आ हुनका लोकनिक समक्ष काजक उदाहरण छल अर्थात एक टा साहित्यिक नव बाट देखलनि आ ओहि बाटपर चलब शुरू क देलाह। एकर परिणाम भेल जे संस्कृतक अतिरिक्त आनो-आनो भाषासँ मैथिलीमे अनुवाद आबय लागल जाहिमे "अंग्रेजीसँ इसोपक नीतिकथा (दुइगोट), शेक्सपियरक 'टेम्पेस्ट'क 'कमला', गोल्ड स्मिथक 'बेकफिल्ड पादरी' ओ जानशनक 'राजकुमार रसेलस' आदिक अनुवाद कएल रमानन्द

ठाकुर, वैद्यनाथ चौधरी, डा. उमेशमिश्र, दीनानाथझा प्रभृति। तहिना बंगलासँ अनुदित भेल शिवनन्दन चौधरी द्वारा 'कपालकुण्डला' ओ 'मृण्मयी', काशीनाथझा द्वारा 'मायाशंकर', 'युगलांगुरीय' ओ 'राजपूतजीवन संध्या' ओ जीवछमिश्र द्वारा 'विचित्र रहस्य', छेदीझा द्वारा 'महाराष्ट्र जीवन-प्रभात' ओ 'सीतावनवास', सुमनजी द्वारा 'दर्पचूर्ण', 'निष्कृति' ओ 'युगलांगुरीय', भुवनजी द्वारा 'विषवृक्ष', श्रीव्यास जी द्वारा 'बाभनकबेटी' आदि आदि।"[1]

"1930 ई.क पूर्वक गल्पसाहित्य अछि मुख्यतः प्राचीन रीतिक- अधिकांश संस्कृतकथाक अनुवाद वा स्वतंत्र रूपेण रचित ताही प्रकारक कथा। जकरा आधुनिक रीतिक कथा कहैत छिऐक, तकरहु तत्व यत्किंचित् 1930 ई.क पूर्वक कथासभमे भेटैत अछि। वस्तुतः उपन्यासक अतिरिक्त आन जे कथासाहित्य मैथिलीमे अछि, से आधुनिक गल्पक पूर्व-रूप कहल जा सकैत अछि आओर ओहि मध्य आधुनिक गल्पक मुख्य-मुख्य गुण भेटैत अछि यथा- कुतूहलता, विविधता, अद्भूतता, रोमांटिक भावना प्रभृति। आगाँ कथामे उपदेशात्मकताक बीज बेशी स्फूट भेल तथा अधिकांश गल्पक निकटक वस्तु छल हास्याव्यंग्यमूलक लोककथा, मुख्यतः गोनूझाक हास्यकथा, जकरा श्री नगेन्द्रकुमरक पिता कुशेश्वरकुमर संकलित कएल 'गोनूविनोद'क नामसँ। वीरबलक कथा सेहो एहि शताब्दीक तीन-चारि दशक धरि बेस कहल-सुनल जाइत छल।"[2]

मैथिलीक प्रमुख कथाकारमे प्रो० हरिमोहन झा, कॉचीनाथ झा 'किरण', मनमोहन झा, उमानाथ झा, योगानंद झा, सुधांशु शेखर चौधरी, गोविन्द झा, राधाकृष्ण झा, मणिपद्म, शैलेन्द्र मोहन झा, राजमोहन झा, रमानंद रेणु आदिक नाम आदरक संग लेल जाइत अछि।

"श्री रमानन्द रेणुक प्रवेश मैथिली साहित्यमे गीतकारक रूपमे भेलनि तखन ई आधुनिक कविताक निर्माण कर' लगलाह, फेर कथा विधामे धुरझार लिखय लगलाह आ उपन्यास लिखिक' ओहू विधामे अपनाकेँ स्थापित क' लेलनि। रेणु कवि, कथाकार आ उपन्यासकार- एहि सभ विधाक सशक्त रचनाकार छथि। एहि तीनू विधामे हिनक कृति प्रकाशित छनि, प्रशंसित भेल छनि। हिनक कृतिसभ हिनक बहुमुखी प्रतिभाक द्योतन करबामे सर्वथा समर्थ प्रमाणित भेल अछि। विभिन्न विधाक हिनका कृतिक नामावली एहि रुपक अछि- दूध-फूल (1967)- उपन्यास; कचोट (1969), त्रिकोण (1974), अन्तहीन आकाश (1982) - कथा-संग्रह; अन्ततः (1969), ओकरे नाम (1972) - कविता।

हिनक पूर्ण नाम थिकनि रमानन्द लालदास, जन्म भेल छनि 3 जनवरी 1934कँ दरभंगा जिलाक उसमामठ नामक गागमे। टेलीफोन एक्सचेंज, दरभंगामे कार्यरत छथि। हिन्दीमे एम० ए० छथि तथा मैथिली साहित्यक वहुविध सेवामे लागल रहैत छथि।"[3]

रमानंद रेणुक पहिल कृति अछि- 'दूध-फूल' उपन्यास। ई उपन्यास तेइस खंडमे अछि।

हिनक दोसर कृति अछि- ‘कचोट’ कथा संग्रह जाहिमे बारह गोट कथा संग्रहित अछि। एहि बारह गोट कथामे ‘कचोट’ आ ‘सन्नुक’ बहुचर्चित कथा अछि आ ‘जोंक’, ‘रंग, रेख आ रूप’, ‘करमीक फूल आ कनैलक बीया’, ‘एक चुरू नोर आ टघार’ चर्चित कथा अछि।

रमानंद रेणुक तेसर कृति अछि- अंततः कविता संग्रह जाहिमे नवीन शिल्प-शैलीक 45 गोट कविता अछि।

रमानंद रेणुक चारिम कृति अछि- ओकरे नाम (शोक काव्य)। ई दीर्घ-कविता अछि जकर निर्माण कवि अपन पुत्र कृष्ण कुमारक आकस्मिक निधनसँ करने छलाह।

रमानंद रेणुक पाँचम कृति अछि- त्रिकोण कथा संग्रह जाहिमे 18 गोट कथा संग्रहित अछि।
रमानंद रेणुक छठम कृति अछि- अन्तहीन आकाश कथा संग्रह जाहिमे 10 गोट कथा संग्रहित अछि।

रमानंद रेणुक सातम कृति अछि- समकालीन मैथिली कथाक मूल्यांकन। ई आलोचनात्मक संपादित पोथी थिक।

रमानंद रेणुक आठम कृति अछि- मालिकाना (उपन्यास)। ई उपन्यास पुस्तकाकार नहि आयल मुदा कर्णामृतक शारदीय अंक 1991 ई0मे प्रकाशित भेल छल।

रमानंद रेणुक नवम कृति अछि- मैथिलीक समकालीन उपन्यास। ई संपादित आलोचनाक पोथी अछि।

रमानंद रेणुक दसम कृति अछि- कतेक रास बात (कविता संग्रह)। एहि पोथीमे 35 गोट कविता संग्रहित अछि। एहि कृतिपर वर्ष 2000 ई0क साहित्य अकादेमी, दिल्लीक पुरस्कार भेटल छलनि।
रमानंद रेणुक एगारहम कृति अछि- उत्तर जनपद (उपन्यास)। ई उपन्यास उतरांचलक जन-जीवनसँ अनुप्राणित अछि।

रमानंद रेणुक बारहम कृति अछि- कालजयी (उपन्यास)। ई उपन्यास पोथीक रूपेँ पाठकक सोझा 2013 ई0मे आयल मुदा कर्णामृतक विभिन्न अंकमे पहिनहि प्रकाशित भेल छल।
रमानंद रेणुक तेरहम कृति अछि- अनन्या (उपन्यास)। ई विद्यापति सेवा संस्थान, दरभंगा द्वारा प्रकाशित अछि।
रमानंद रेणुक चउदहम कृति अछि- इत्यादि (लघु उपन्यास)। ई अप्रकाशित अछि।
रमानंद रेणुक पंद्रहम कृति अछि- पुनश्च कविता संग्रह। ई पोथीक रूपेँ पाठकक सोझा 2008 ई0मे आयल।

रमानंद रेणुकेँ विभिन्न संस्थानसँ पुरस्कार आ सम्मान भेटल छनि। ओ पुरस्कार आ सम्मान अछि-

1. “मैथिली साहित्य संस्थान, पटना-1972
2. फणीश्वरनाथ स्मृति पुंज, फारबिसगंज-1993
3. मैथिली सांस्कृतिक संगम, इलाहाबाद-1998
4. चेतना समिति, पटना द्वारा ताम्रपत्र-1999
5. साहित्य अकादमी, नई दिल्ली द्वारा अकादमी पुरस्कार-2000
6. नागरिक अभिनंदन, दरभंगा- 2000
7. मैथिली शिक्षक संगोष्ठी, मुजफ्फरपुर- 2001
8. मिथिलांचल विकास परिषद, लहेरियासराय- 2001
9. यूथ फोरम, लहेरियासराय- 2001
10. कर्ण कल्याण परिषद्, समस्तीपुर- 2001
11. साक्षर (दरभंगा) एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद्, कबिलपुर, लहेरियासराय- 2001
12. चेतना समिति, पटना-2001
13. बिहार पेंशनर समाज, दरभंगा- 2001
14. चित्रगुप्त सभा, दरभंगा- 2002
15. अन्तर्राष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन, चेन्नई द्वारा ‘मिथिला रत्न’ उपाधि- 2008।”[4]

रमानंद रेणु ओ हुनक साहित्य मैथिली साहित्यक भरण-पोषण करलक अछि। हिनक कृतिसँ मैथिली साहित्य समृद्ध भेल अछि। ई मैथिली साहित्य-जगतमे एक टा सशक्त प्रतिनिधि साहित्यकार छलाह।

“1966-67मे उपन्यास-साहित्यक नव उपलब्धि लए प्रकाशित भेल श्रीरमानन्दलाल ‘रेणु’क ‘दूधफूल’। एहि उपन्यासमे उपन्यासकार ग्राम्यजीवनक यथार्थ चित्र तँ अंकित करबे कएने छथि, जाहि मध्य जीवनक सूक्ष्म निरीक्षण ओ गम्भीर अन्तर्दृष्टि अछि, मुदा एकर महत्व मैथिलीमे नवरीतिक उपन्यासक दृष्टिएँ अधिक अछि। बाल्यावस्थासँ जीवनक मध्याह्न धरि एकर नायक रामसरन नियति द्वारा निर्दिष्ट जीवनप्रवाहमे बहैत रहैत अछि तथा भिन्न-भिन्न परिस्थिति भोगैत रहैत अछि। रेणुजी नायकक चरित्रांकन भिन्न-भिन्न परिस्थितिमे ओकरा राखि कएने छथि जे संयोगात्मक ओ आदर्शात्मक भेल अछि। रामसरनक बाबाजी होएबाक आ गाम घुरबाक प्रसंग बड़ नाटकीय भेल अछि। एहि कृतिक प्रमुख गुण थिक उपन्यासक निविष्ट घटना ओ ओहिसँ सम्बद्ध व्यक्ति वा परिस्थितिक सांगोपांग वर्णनः स्थान-स्थान पर मनोविश्लेषण सेहो बड मार्मिक रुपे उपनिबद्ध अछि। उपन्यासमे आद्यन्त ‘सस्पेन्स’ ओ रोचकता अनुवर्तमान अछि। वस्तुतः ‘दूधफूल’ मैथिली उपन्यास साहित्यमे एक नवीन दिशाकेँ इंगित करैत प्रतीत होइत अछि।”[5]

हिनक कथाक मूल विशेषताक प्रसंग मैथिली अकादमी द्वारा प्रकाशित कथा संग्रहमे कहल गेल अछि- "मिथिलाक निठट्ठ देहातसँ निम्नमध्यवर्गीय पात्र ल' ओकरे भाषामे, ओकर कथा कहब हिनका प्रिय छनि। पाखंड, जातिवाद, शोषण, गरीब आ सामाजिक रूढिमे पिसाइत जनसाधारणक पीड़ाकेँ अभिव्यक्ति देब हिनक कथाक उद्देश्य रहैत अछि। मोहभंग आ अनिर्णयक वातावरणमे बाट तकबाक अकुलाहटिमे जिबैत हिनक पात्र निम्नमध्यवर्गक प्रतीक जकाँ बनि गेल अछि।"[6]

हिनक कथा सभ अछि- "अँय विक्ख, अग्निजीवी, अग्निब्यूह, अनचिन्हार विड़होः अनभुआर काग, अन्तरगाथा, अन्तहीन आकाश, असमंजस, आगि!!, आतंक निवारण, उग्रास, उदास एक क्षण, उधबा उधिआइत गाम, उपसर्ग, एक-एक बात, एक चुरू नोर आ टधार, एकटा आर आकाश, एकटा आर हत्या, एकौँस नाहक बोझ, ओकर कानब, कचोट, कठघरा, करमीक फूलः कनैलक बीया, कहिया धरि, काँट, कीड़ा, कीर्तन, कोकनल गाछ, गाम सुनगि गेल, गिद्ध, गुलाम हाजिर, गौँआ, घट्ठर, घर कूही सन, छल, छोट-छोट पैघ बात, जानवर, जाल, जोंक, दुगरक जन्म, डकिनियाँ, ढाठ, तैयो, त्रिकोण, दरार फाटि गेल, दृष्टान्त, दोस्ती नहि, धुआँक धारी, परिक्रमा, पात्र परिचय, पुजारी जी, बदलैत नक्शाक बिन्दु, भरसाहा, मुँहपुरुष, मोना, युद्ध रङ रेख आ रूप, लल्ल, लहास बजै छै, लाक्षागृह, वंशधर, विवादास्पद, शवयात्रा, सजाय, सटका खोच आ विस्वाद जिनगी, सन्दूक, सूर्यग्रहण, स्वीकृत-अस्वीकृत, हाकिमनामा।"[7]

डा0 मेघन प्रसादक अनुसारेँ जाहि कथापर एक टा * अछि ओ कथा चर्चित आ जाहि कथापर दू टा * अछि ओ कथा वहुचर्चित अछि।

संदर्भ संकेत


1. श्रीश, डॉ. दुर्गानाथ झाः 1991, मैथिली साहित्यक इतिहास, प्रकाशक - भारती पुस्तक केन्द्र, टावर चौक, दरभंगा, पृष्ठ सं०- 337, 398
2. उपरोक्त पृष्ठ सं०-377
3. झा, डॉ० भीमनाथ, 1985, परिचारिका, प्रकाशक - भवानी प्रकाशन, पटना, पृष्ठ सं०-180
4. रेणु, रमानंदः 2013, कालजयी, कर्णगोष्ठी, कोलकाता, पृष्ठ सं०- अंतिम आवरण पृष्ठ
5. श्रीश, डॉ. दुर्गानाथ झाः 1991, मैथिली साहित्यक इतिहास, प्रकाशक - भारती पुस्तक केन्द्र, टावर चौक, दरभंगा, पृष्ठ सं०-
6. सं.- पाठक, डॉ. अमरेशः भारद्वाज मोहन, 2007, कथा-संग्रह, प्रकाशक- मैथिली अकादमी पटना, पृष्ठ सं०- 7,8
7ए प्रसाद, डॉ. मेधनः 1996, मैथिली कथा कोश, प्रकाशक - पूनम प्रकाशन, सिंधिया घाट, समस्तीपुर पृष्ठ सं०- 247

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2019 SHISRRJ | Volume 2 | Issue 4 | ISSN : 2581- 6306

# मैथिलीक प्रमुख कथाकारक कथामे दाम्पत्य-जीवन

श्रवण कुमार
शोधार्थी, मैथिली विभाग, ति0 मा0 भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर

''जे भाषा आइ 'मैथिली' नामे जानल जाइत तकर उल्लेख सर्वप्रथम यूरोपीय विद्वान कोलब्रुक द्वारा 1801 ई.मे भेल छल। डा. ग्रियर्सनक अनुसार कोलब्रुक अपन संस्कृत तथा प्राकृत संबंधी अनुसंधानात्मक विनिबंधमे मैथिलीक बंगलाक संग संबंधपर विचार कयने छथि तथा ओही क्रममे ईहो लिखने छथि जे जँ मैथिली भाषाक प्रयोग साहित्यमे नहि होइत अछि तँ एहि संबंधमे विशेष लिखब अनावश्यक अछि। एकर पश्चात सिरामपुरक मिशनरी लोकनि अपन सोसाइटीक 1816 ई.क 67म मेमाआयरमे अन्य आर्यभाषा सभक संग तुलना करैत मैथिलीक उल्लेख कयने छथि। मैथिलीक दोसर नाम 'तिरहुतिया' सेहो भेटैत अछि। एकर उल्लेख सन् 1771 ई०क बेलिगतीकृत 'अल्फाबेटुम ब्राह्मनिकम'क अम्दुजक भूमिकामे भेल अछि। एहिमे कतोक भाषाक संग तुरूतियन (Tourutians) अथवा 'तिरहुति'क उल्लेख सेहो भेटैत अछि। एकर अतिरिक्त फैलेन, हार्नले, केलोग तथा ग्रियर्सन सदृश भाषाशास्त्रक विद्वानलोकनिक स्वरचित ग्रंथ सभमे सेहो समय-समयपर एहि नाम सभक उल्लेख भेल अछि किन्तु एकर प्राचीनतम उल्लेख 'आइने अकबरी'मे भेटैत अछि जतय लेखक एकरा एक टा पृथक भाषाक रुपमे स्वीकार कयने छथि। मिथिलामे मैथिली भाषाक हेतु सर्वप्रथम विद्यापति 'देसिल बयना' शब्दक प्रयोग कयलनि-

देसिल बयना सब जन मिट्ठा।
तँ तइसन जम्पओ अवहट्ठा ।।

हिनक पश्चात् 17 शताब्दी लोचन अपन रागतरंगिनीमे विद्यापति पदावलीक भाषाक हेतु 'मिथिलापभ्रंश' शब्दक प्रयोग कयने छथि-

देश्यामपि स्वदेशीयत्वात् प्रथमं मिथिलापभ्रंशभाषया।
श्रीविद्यापति कवि निबद्धास्ता मैथिलीगीतगतयः प्रदर्श्यन्ते।।''[1]

SHISRRJ203513 | Received : 01 July 2019 | Accepted : 16 July 2019 | *July-August* 2019 [ 2 (4) : 72-78 ]

मैथिली भाषाक सभसँ प्राचीन उपलबध गद्य ग्रंथ थिक - कविशेखराचार्य ज्योतिरीश्वर ठाकुरक 'वर्णरत्नाकर'। एहि ग्रंथमे मैथिली भाषाक प्राचीनतम स्वरूप देखबामे अबैत अछि। मैथिल लोक द्वारा कथा लिखल सर्वप्रथम संस्कृत ग्रंथ 'पुरुष परीक्षा' अछि जकर कथाकार छथि - कविकोकिल महाकवि विद्यापति। आधुनिक कालमे सबसँ पहिने कवीश्वर चंदा झा 'पुरुष परीक्षा'कैँ मैथिलीमे अनुवाद क कथाक स्वरूपसँ परिचय करओलनि। एकर बाद संस्कृत ग्रंथक आख्यायिका सभकैँ मैथिलीमे अनुवाद करल जाय लागल। फेर दोसर भाषासँ सेहो मैथिलीमे अनुवाद करल जाय लागल जाहिमे ''अंगरेजीसँ इसोपक नीतिकथा (दुइगोट), शेक्सपियरक 'टेम्पेस्ट'क 'कमला', गोल्ड स्मिथक 'बेकफिल्ड पादरी' ओ जानशनक 'राजकुमार रसेलस' आदिक अनुवाद कएल रमानन्द ठाकुर, वैद्यनाथ चौधरी, डा. उमेशमिश्र, दीनानाथझा प्रभृति। तहिना बंगलासँ अनुदित भेल शिवनन्दन चौधरी द्वारा 'कपालकुण्डला' ओ 'मृण्मयी', काशीनाथझा द्वारा 'मायाशंकर', 'युगलांगुरीय' ओ 'राजपूतजीवन संध्या' ओ जीवछमिश्र द्वारा 'विचित्र रहस्य', छेदीझा द्वारा 'महाराष्ट्र जीवन-प्रभात' ओ 'सीतावनवास', सुमनजी द्वारा 'दर्पचूर्ण', 'निष्कृति' ओ 'युगलांगुरीय', भुवनजी द्वारा 'विषवृक्ष', श्रीव्यास जी द्वारा 'बाभनकबेटी' आदि आदि।''[2]

''1930 ई.क पूर्वक गल्पसाहित्य अछि मुख्यतः प्राचीन रीतिक- अधिकांश संस्कृतकथाक अनुवाद वा स्वतंत्र रूपेण रचित ताही प्रकारक कथा। जकरा आधुनिक रीतिक कथा कहैत छिऐक, तकरहु तत्व यत्किंचित् 1930 ई.क पूर्वक कथासभमे भेटैत अछि। वस्तुतः उपन्यासक अतिरिक्त आन जे कथासाहित्य मैथिलीमे अछि, से आधुनिक गल्पक पूर्व-रूप कहल जा सकैत अछि आओर ओहि मध्य आधुनिक गल्पक मुख्य-मुख्य गुण भेटैत अछि यथा- कुतूहलता, विविधता, अद्भूतता, रोमांटिक भावना प्रभृति। आगाँ कथामे उपदेशात्मकताक बीज बेशी स्फूट भेल तथा अधिकांश गल्पक निकटक वस्तु छल हास्याव्यंग्यमूलक लोककथा, मुख्यतः गोनूझाक हास्यकथा, जकरा श्री नगेन्द्रकुमरक पिता कुशेश्वरकुमर संकलित कएल 'गोनूविनोद'क नामसँ। वीरबलक कथा सेहो एहि शताब्दीक तीन-चारि दशक धरि बेस कहल-सुनल जाइत छल।"[3]

मैथिलीक प्रमुख कथाकारमे हरिमोहन झा, किरण जी, मनमोहन झा, योगानंद झा, व्यास जी आदिक नाम आदरक संग लेल जाइत अछि। ई लोकनि मैथिली कथाकैँ नव दिशा आ गति देबामे अपन महत्वपूर्ण योगदान देने छथि। मानव-जीवनकैँ गंभीर रुपसँ अध्ययन क' अपन-अपन कथामे चित्रण करलाह अछि। दाम्पत्य-जीवनक विभिन्न क्षणक बड मार्मिक, हृदय-स्पर्शी अभिव्यक्ति अपन-अपन कथामे करलाह अछि।

## हरिमोहन झाक कथामे दाम्पत्य-जीवन

हरिमोहन झाक “जन्म वैशाली जिलाक कुमर बाजितपुर गाममे 18 सितम्बर 1908 ई0कँ भेलनि। ई अत्यंत मेधावी छात्र छलाह तथा दर्शनशास्त्रमे एम. ए कऽ पहिने पटनाक बी. एन कॅालेज, पुनः पटना कॅालेज, तदान्तर पटना विश्वविद्यालयक स्नातकोत्तर विभागमे अध्यापन कयलनि। दर्शन-विभागाध्यक्षक पदसँ सेवा-निवृत्त भेलाक बादो पाँच वर्ष धरि विश्वविद्यालय-सेवा-आयोगक Research Professor रहलाह। हिनक निधन 23 फरवरी 1984कँ दरभंगामे भऽ गेलनि।

हिनक लेखन-कार्य कहियो रूकल नहि। मृत्युक समयसँ किछु दिन पूर्व धरि ई आत्मकथा लिखैत रहलाह जे पछति ‘जीवन यात्रा’क नामसँ प्रकाशित भेल। हिनक विशिष्ट मैथिली-सेवाक कारणेँ पटनाक मैथिल गोष्ठी द्वारा 1983 ई0मे एक गोट विशाल अभिनन्दन-ग्रंथ हिनका समर्पित कयल गेल अछि। दीर्घ आकरक 518 पृष्ठक ओहि अभिनन्दन-ग्रंथमे एकानबे रचनाकारक 106 गोट रचना संकलित अछि।

हिनक प्रकाशित कृति अछि- कन्यादान (1933), द्विरागमन (1943)- उपन्यास; प्रणम्य-देवता (1945), रंगशाला (1950)- कथा-संग्रह; खट्टर ककाक तरंग (1949)- व्यंग्य; चर्चरी (1960)- विविध; जीवन-यात्रा (1984)- आत्मकथा। एकर अतिरिक्त, संग्रहित असंग्रहित एगारह गोट बीछल कथाक संग्रह ‘एकादशी’क नामसँ सेहो प्रकाशित भेल अछि।”[4] हिनका मृत्युपरांत 1985 ई0मे भारतक सर्वोच्च साहित्यक पुरस्कार साहित्य अकादेमी, दिल्ली द्वारा ‘जीवन-यात्रा’ आत्मकथापर प्रदान करल गेल छलनि।

हरिमोहन झाक ‘पाँच-पत्र’ कथा दाम्पत्य-जीवनपर आधारित अछि। एहि कथाक नायक देवकृष्ण छथि आ नायिका हुनक प्राणेश्वरी। एहि कथाक नायक आ नायिकाक दाम्पत्य-जीवन सभ दिन विरहेमे बितलनि। बीच-बीचमे कहियो काल क मिलन होइत छलनि। नायक परदेशमे नोकरी करैत छलथिन। अर्थाभावमे जीवन बितैत छलनि। ‘आमदनी अठन्नी आ खर्चा रुपैया’ बाला बात छलनि।

दाम्पत्य-जीवनक प्रारम्भमे नायककँ नायिकाक प्रति अति आकर्षण छलनि। एहि आकर्षणक कारणेँ समाजक नियमकँ तोड़बाक साहस सेहो करने छलाह। जखन दाम्पत्य-जीवनक प्रारंभ करने छलाह तखन कोनो नोकरी-चाकरी नहि करैत छलाह। पिताक खर्चसँ पढ़ाइ करैत छलाह आ पढ़ाइक खर्चमेसँ टाका बचा पत्नीक लेल चन्द्रहार कीनने छलाह, सेहो घरक लोकसँ नुका क’।

पत्नीक कुशल-समाचार बुझबाक लेल पत्र लिखैत छलथिन। ओहि पत्रक जबावक लेल की व्यवस्था करैत छलथिन, से देखल जाय- “एहि पत्रक जबाव फिरती डाकसँ देब तँ लिफाफक भीतर लिफाफ पठा रहल छी। पत्रोत्तर पठयबामे एको दिन विलम्ब नहि करब। हमरा एक-एक क्षण पहाड़ सन बिति रहल अछि”।[5]

प्राचीन कालमे पति-पत्नीक गुरू सेहो कहबैत छलाह। ई बात ‘पाँच पत्र’क पहिल पत्र पढ़लाक उत्तर ज्ञात होइत अछि। कोना कोन बात पत्रक माध्यमसँ सिखबैत छलाह, से देखल जाय- “चिट्ठी दोसराकेँ छोड़क हेतु नहि देब। अपने हाथसँ लगायब। रातिगरे आँचरमे नुकौने जायब आ जखन क्यो नहि रहैक तँ लेटर बाक्समे खसा देबैक।”[6]

‘पाँच-पत्र’मे पाँचो पत्र विभिन्न अवस्थाक अछि आ पाँचो पत्रमे परिस्थिति भिन्न अछि मुदा पाँचो पत्रमे एक टा बातक समानता अछि जे पति-पत्नी एक-दोसरासँ भिन्न छथि।

पहिल पत्रमे पत्नीसँ मिलबाक लेल जतेक आतुर छथि ओतेक आतुर अन्य चारू पत्रमे नहि बुझना जाइत अछि।

दोसर पत्रसँ बुझना जाइत अछि जे गाममे पति-पत्नीक बीच भरिपोख गप्पो नहि होइत छलैक कारण पत्नीक स्वास्थ्य ठीक नहि छनि, से बात पत्र द्वारा कहैत छथिन। देखल जाय किछु पाँती- “अहूँकेँ एहि बेर गामपर बहुत दुर्बल देखलहुँ। जीरकादि पाक बनाक’ सेवन करू। जड़कालमे देह नहि जुटत तँ दिन-दिन आर ह्रस्त भेल जायब। ओहिठाम दूध अठौना लेल करू। कमसँ कम पाव भरि नित्य पिउल करब।”[7]

दोसर पत्रसँ ईहो बुझना जाइत अछि जे कथा-नायिका गाममे रहैत छथिन अपन सासुक संग आ कथा-नायक कतहु अन्तः इस्कुलमे नोकरी करैत छथि मुदा आर्थिक स्थिति ओतेक सुदृढ़ नहि छनि जे परिवारकेँ संग रखताह। मन त छलनि मुदा सामर्थ्य नहि छलनि।

**कांचीनाथ झा ‘किरण’क कथामे दाम्पत्य-जीवन**

कांचीनाथ झा ‘किरण’क “हिनक जन्म 28 दिसम्बर 1906 ई0केँ भेलनि। ई धर्मपुर (पो0 लोहना रोड, जि0 दरभंगा)क निवासी थिकाह। छात्रावस्थामे ई काशी चल गेलाह। ओतऽसँ मैथिली आन्दोलनमे अप्रतिम योगदान देलनि। काशी हिन्दु विश्वविद्यालयमे जे मैथिलीक स्वीकृति भेल

जाहिमे हिनक भूमिका बड़ महत्वपूर्ण अछि। ई बहुत दिन धरि सरिसब उच्च विद्यालयमे शिक्षक तथा बादमे ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालयमे मैथिलीक यशस्वी प्रधाध्यापक रहलाह।”[8]

किरण जीकेँ मैथिल आ मैथिली साहित्य ई दुनू कहियो बिसरि नहि सकैत कारण विद्यापति पर्व समारोहकेँ गाम-गाम धरि पहुँचयबामे हिनक योगदान अति महत्वपूर्ण अछि। ई जेहने आन्दोलनकर्त्ता तहने साहित्य-सृजनकर्त्ता छलाह। “हिनक प्रकाशित अछि- चन्द्रग्रहण (1932)- लघु उपन्यास; विजेता विद्यापति (1972)- नाटक; अभिमन्यु बालोपयोगी; जय जन्मभूमि (1953)- एकांकी। कथा-किरण (कथा-संग्रह), किरणक कवितावली, कतेक दिनक बाद (काव्य-संग्रह), पराशर (महाकाव्य), किरण निबंधावली (निबंध-संग्रह), वर्णरत्नाकरक काव्य शास्त्रीय अध्ययन (समीक्षा)। पराशरपर मृत्युपरांत साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त।”[9]

किरण जीक ‘मधुरिमनि’ कथा दाम्पत्य-जीवनपर आधारित अछि। एहि कथाक नायक ‘मोचन’ आ नायिका ‘मधुरमनि’ अछि। एहि कथाक शीर्षक नायिकाक नामपर अछि। एहि कथाक नायिका तामस करयबाली अछि आ नायक पितमरू लोक। जल्दी तामस नहि उठैत छैक। नायिका “बड़ मेहनतिया-जँधगरि तेहने। भरि दिन एहि आंगन ओहि आंगन नाचिते रहै।”[10] नायक “दरबज्जापर बैसल-बैसल जौड़ बाँटल करय आ कखनो-कखनो बाड़ी-झाड़ीमे खुरपी ल’ क’ कमाय-कोड़य।”[11]

नायिका आ नायकमे कखनो मारि-पीट नहि होइत छलैक कारण दुनूक अपन-अपन विवशता रहैक। नायकक बाम हाथ सुखायल सन छलैक। बोनि-बुत्ता किछु करबाक सामर्थ्य नहि छलैक मुदा नायिका नायकपर बाजिये भूकि क’ मारि पेट आगरह क’ क’ खुअबैत छलैक। दुनूमे बड्ड सिनेह छलैक।

एहि कथामे दाम्पत्य-जीवनक कटू-मधु क्षणक कथा कहल गेल अछि। मधुरिमनि आ मोचनक दाम्पत्य-जीवन कष्टमय जीवनमे सुखक खोज करैत देखाइत अछि। एक दिस नायिकाक बात सुनबाक हिस्स पड़ि गेल छलैक मुदा एक दिन नायिकाक बात सुनि, रुसि क, नायिकाकेँ बिनु कहने घर छोड़ि कलकत्ता जयबाक लेल विदा भ’ गेल छलैक।

एहि कथामे एक टा दोसरो दाम्पत्य-जीवनक झलक भेटैत अछि आ ओ अछि सतना मायक दाम्पत्य-जीवन। सतना मायक दाम्पत्य-जीवन भिन्न छलैक कारण सतना मायक दाम्पत्य-जीवनमे सतना छलैक जे मोचन-मधुरमनिक दाम्पत्य-जीवनमे नहि छलैक। दोसर जे मधुरमनिकेँ

मोचन कहियो एक चाट नहि मारलकैक आ “सतना-माइकेँ बुढ़ारियोमे बड़ मारैत छलैक घरबाला।”[12]

## मनमोहन झाक कथामे दाम्पत्य जीवन

मनमोहन झा सरिसब-पाही, मधुबनी निवासी छलाह। ई लक्ष्मीश्वर एकेडमी, सरिसब-पाहीमे अध्यापन करैत छलाह आ मैथिलीमे रचना करैत छलाह। हिनक प्रकाशित कृति सभ अछि- “अश्रुकण, वीर भोग्या, गंगापुत्र, कथायात्रा (कथा संग्रह), मिथिलाक निशापुर मे (गद्यकाव्य), संचयिता (सम्पादित) ।”[13] “बंगला कथाक कलात्मक भावुकताकेँ मैथिलीमे उत्कृष्ट रूप देबाक श्रेय श्री मनमोहन झाकेँ छनि। ‘रूना’, खिड़कीक गप्प’, ‘सुकेशी’, चम्पाकली, ‘सुवर्ण रेखाक तटपर’ आदि हिनक प्रसिद्ध कथा अछि। नव शिल्पक प्रयोग सेहो हिनक विशिष्टता रहल अछि, जे ‘बारह वर्ष बाद एक पत्रः एक प्रेरणा’ आदि कथामे देखल जा सकैत अछि। ऐतिहासिक पृष्ठभूमिपर लिखल गेल कथामे हिनक ‘मिनाक्षी’ एकटा उत्कृष्ट उदाहरण अछि।”[14]

‘झगड़ा’ कथामे ‘हम’ पात्रक बिआहक बादक कथा अछि। दाम्पत्य-जीवनमे प्रवेश करलाक बाद अधिकांश दिन हुनका झगड़ा निश्चित होइत छल। ई बात ओ स्वयं स्वीकार करैत कहैत छथि- “ओना तँ विवाहक बाद कोनो मास एहन नहि बीतल अछि- जाहिमे एक-दू दिन हुनकासँ झगड़ा नहि भेल हो, किन्तु कहियो-कहियो तँ लगातार दस दिन बीस दिन धरि झगड़ा होइते रहैत अछि। बात-बातमे मिलानो। कहिया कोन बात ल’ क’ झगड़ा भेल से यदि हमरा अखनो पूछब तँ समीचीन उत्तर द’ सकब की नहि ताहिमे संदेह अछि।”[15]

उपरोक्त पाँतीसँ बुझना जाइत अछि जे ‘झगड़ा’ कथाक नायक-नायिकाक बीच बेसी-काल झगड़ा होइते रहैत छल आ फेर मिलानो। पति-पत्नीमे झगड़ा होयबाक मुख्य कारण होइत अछि दुनूक विचारमे मिलान नहि होयब। अनावश्यक एक-दोसराकेँ अपना जकाँ बनयबाक प्रयास करब। दोसराक बातकेँ अनदेखी करब आदि।

एहि कथामे पति-पत्नीक बीच प्रेम, समर्पण आदि देखबामे अबैत अछि। एक-दोसराक विचारक टकराव सेहो देखबामे अबैत अछि। परिस्थिति एहन उत्पन्न होइत अछि जे दुनू दिस काज उपस्थित भ’ जाइत छैक आ दुनू दिस गेनाइ आवश्यक रहैत छैक मुदा पटना जायब दुनू काजमेसँ आवश्यक छलैक। नैहर जयबाक लेल ई आवश्यक त नहिये होइत छैक जे पति संगमे रहथि। पत्नीक हार्दिक इच्छा छलनि जे पतिक संगे नैहर जाथि मुदा ई संभव नहि छलैक कारण

हाइकोर्टमे तारीख छलैक। देखल जाय कथाकारक शब्दकेँ- “हमरा पटना अयबाक छल। हाइकोर्टमे एक मोकदमाक तारीख छल आ ओकर तीन दिनक बाद हुनक भाइक उपनयन छलनि। चारि रातिमेसँ एतबे बाग्युद्ध होइत छल जे हम पटना नहि जाइ आ हुनक संग हुनका गाम जाइ। ओत’ ब्रह्माक भारा छल। हुनक विवाहक बाद हुनका ओतय इएह कुरतेबता होइ छल आ ताहिमे ओ नहि जाथि से हुनका असाध्य छलनि। जखन पटना विदा होयबा लय तैयार भ’ हुनकासँ भेटँ कर’ गेलहुँ तहुखन ओ इएह प्रश्न क’ उठलीह- “की अहाँ हमर बात नहिए मानब?” हम कहलियनि- “अहाँ नहि बुझैत छिएक। मोकदमाबला बात थिकैक। यदि कनियो चूकि जायब, तँ जितबाक कोनोटा आशा नहि।” ओ कहल-“अहाँ एहिना हमरा गामक नामे लाथ ध’ आन ठाम चल जाइत छी।” हम कहलियनि- “से अहाकेँ हमरापर एतेक संदेह अछि तँ हम आदमी संग क’ दैत छी। कल्हुके गाड़ीसँ तमोरिया चलि जाउ, किन्तु यदि अहाँक कोनो खगता रहितैक तँ नैहरेसँ लेब’ अबितय ने।”[16]

संदर्भ संकेत


1. झा, डॉ. दिनेश कुमारः 2012; मैथिली साहित्यक आलोचनात्मक इतिहास; प्रकाशक- मैथिली अकादमी, पटना; पृष्ठ संख्या -9, 10
2. श्रीश, डॉ. दुर्गानाथ झाः 1991; मैथिली साहित्यक इतिहास; प्रकाशक - भारती पुस्तक केन्द्र, टावर चौक, दरभंगा; पृष्ठ सं०- 337, 338
3. उपरोक्त, पृष्ठ सं०- 377
4. झा, डॉ. भीमनाथः 1985; परिचायिका; प्रकाशक- भवानी प्रकाशन, पटना; पृष्ठ सं.-92
5. सं.- पाठक, डॉ. अमरेश, भारद्वाज मोहनः 2007; कथा-संग्रह; प्रकाशक- मैथिली अकादमी, पटना; पृष्ठ सं.- 7,8
6. उपरोक्त, पृष्ठ सं.-8
7. उपरोक्त, पृष्ठ सं.-81
8. उपरोक्त, पृष्ठ सं.- 8,9,10
9. झा, डॉ. भीमनाथः 1985; परिचायिका; प्रकाशक-भवानी प्रकाशन, पटना; पृष्ठ सं०-15
10. सं.- पाठक, डॉ. अमरेश, भारद्वाज मोहनः 2007; कथा-संग्रह; प्रकाशक- मैथिली अकादमी, पटना; पृष्ठ सं.- 13
11. उपरोक्त पृष्ठ सं०-13
12. उपरोक्त पृष्ठ सं०-14
13. उपरोक्त पृष्ठ सं०-34
14. उपरोक्त पृष्ठ सं०-34
15. उपरोक्त पृष्ठ सं०-35

16ए उपरोक्त, पृष्ठ सं०-35, 36

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2019 SHISRRJ | Volume 2 | Issue 4 | ISSN : 2581- 6306

# गरीबी का स्वरूप, उद्देश्य, शोध विधि : एक अध्ययन



डॉ.मनमोहन प्रसाद पाण्डेय
भूतपूर्व शोध छात्र,
वाणिज्य एवं व्यवसाय प्रशासन विभाग,
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद,
उत्तर प्रदेश,भारत।

**सारांश–** आँकड़ों से स्पष्ट होता है कि चयनित जनपदों में से इलाहाबाद में सर्वाधिक 32.26 प्रतिशत, जबकि अन्य जनपदों यथा चित्रकूट में 24.41 प्रतिशत, मथुरा में 12.69 प्रतिशत, तथा बाराबंकी में 12.8 प्रतिशत, कर्मकार कृषक कृषि कार्य में लगे हुये है। यदि प्रदेश स्तर पर परिवारिक कर्मकारों की स्थिति को देखा जाए तो कुल पारिवारिक कर्मकारों (0.87 प्रतिशत), का सर्वाधिक (6.4 प्रतिशत), इलाहाबाद जनपद में तथा (5.28 प्रतिशत) बाराबंकी, (3.73 प्रतिशत) मथुरा एवं सबसे कम (1.99 प्रतिशत) चित्रकूट जनपद में पारिवारिक कार्यो में लगे हुए हैं दूसरी ओर यदि अन्य कार्यो में लगे हुए कर्मकारों को देखा जाय तो प्रदेश में कुल (3.9 प्रतिशत) अन्य कार्यो में लगे हुए कर्मकारों का सर्वाधिक (43.34 प्रतिशत) मथुरा जनपद में लगे हुए है। बाराबंकी तथा सबसे कम (17.69 प्रतिशत) चित्रकूट जनपद में लगे हुए है। वही अगर सीमान्त कर्मकारों को देखा जाए तो प्रदेश के कुल (2.72 प्रतिशत) सीमान्त कर्मकारों का सर्वाधिक (33.7 प्रतिशत) इलाहाबाद जनपद में तथा (30.81 प्रतिशत) चित्रकूट, (30.19 प्रतिशत) मथुरा तथा सबसे कम (19.93 प्रतिशत) बाराबंकी जनपदों मे लगे हुए है।

मुख्य शब्द– गरीबी, जिला, राज्य, स्वरूप, विधि, कार्य, परिवारिक, कृषक।

देश के प्रथम पंचवर्षीय योजना 1952 से ग्रामीण विकास की जो प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी उसका मुख्य केन्द्र बिन्दु 'गरीब' लोग ही थे। कदाचित जमींदारी उन्मूलन, अनेक भूमि सुधार कार्यक्रम, सहकारी आन्दोलन तथा पंचायती राज संस्थाओं में लोगों की भागीदारी द्वारा अपेक्षा की गयी थी कि गरीबों की संख्या में कमी आयेगी और देश के सर्वाधिक कमजोर आय वर्ग (गरीब) के लोगो की आय बढ़ेगी। साथ ही यह भी माना गया था कि सार्वजनिक क्षेत्र, जो देश की अर्थ व्यवस्था में प्रभावशाली स्थान रखता है तथा इनके द्वारा जो आधार–भूत संरचना सृजित की जायेगी वह देश के गरीबों को रोज़गार के अवसर के साथ–साथ आय में मददगार सिद्ध होगें। किन्तु इन प्रयासों के पश्चात भी देश में वास्तविक गरीबों की संख्या लगातार बढ़ती गयी। ऐसी स्थिति में यह महसूस किया जाने लगा कि उच्च

विकास दर प्राप्त करने के बाद भी गरीबी अन्ततः बनी हुयी है तथा इसी दौरान मुख्य दो कारणों से गरीबी पर सीधे प्रहार की रणनीति बनाई गयी जिससे गरीबी की समस्या का हल किया जा सके। ये दो मुख्य कारण निम्नवत है–

1 विकास की प्रक्रिया भविष्य में गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगो को ध्यान नही दे पायेगी क्योंकि विकास प्रभावशाली माँग पर निर्भर करती है और लोगो की मांग में क्रय क्षमता विद्यमान रहता है।

2 गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले बहुसंख्य लोगों का अनुपात विकास की प्रक्रिया को स्वतः पीछे खींच देगें और विकास अपने उच्च स्तर पर नही आ सकेगा।

गरीबी उन्मूलन के लिए जो प्रयास किया गया उसमें जहां एक ओर गरीबों की क्रय शक्ति में वृद्धि हुयी वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी परिसम्पतियों की स्थापना के साथ–साथ गरीबों में नियमित आय एवं रोज़गार के अवसरों में भी वृद्धि हुयी। उक्त के कारण परोक्ष रूप से गरीबों को सामाजिक सुरक्षा भी प्रदान किया गया। गरीबी उन्मूलन हेतु संचालित कार्यक्रमों को मुख्यतः चार कोटि में विभाजित किया जा सकता है–

1 मजदूरी एवं रोज़गार सृजित करने वाले कार्यक्रम

2 उत्पादजनित परिसम्पतियों द्वारा पूरक स्वरोज़गार सृजित करने वाले कार्यक्रम

3 उक्त दोनों कारणों के मिश्रण पर आधारित ग्रामीण परिसम्पतियों के विकास को सृजित करने वाले कार्यक्रम

4 सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम

यद्यपि लम्बी अवधि तक इन कार्यक्रमों के प्रयोग के बाद भी गरीबी उन्मूलन की दिशा में इन कार्यक्रमों की उपलब्धि बहुत कम स्तर पर पायी गयी है। सामान्यतः यह देखा गया कि गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों की वास्तविक उपलब्धि कम हो जाती है यदि इसके साथ निम्न सूचकांक आधारित साक्षरता, स्वास्थ्य सुरक्षा, बालश्रम, शुद्ध पेयजल, स्वच्छता जैसे कार्यक्रमों को जोड़ दिया जाय अर्थात गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों की प्रभावकारिता में और भी कमी आ जाती है और वांछित सन्तोषजनक उपलब्धि नहीं प्राप्त हो पाती है। यद्यपि सभी गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम अपने सार्थक उद्देश्यों एवं समरूपता के साथ देश में संचालित किए गये जिससे निम्न प्रकार के गरीब परिवार को मदद किया जा सके किन्तु ये कार्यक्रम गरीबों की स्थिति को नहीं बदल सके जिसका मुख्य कारण पात्र लाभार्थियों के चयन में असफलता को माना जा सकता है। सरकारी एवं गैर–सरकारी स्तर पर कराये गये अनेक मूल्यांकन अध्ययन स्पष्ट करते हैं कि विभिन्न योजनाओं में राजनैतिक एवं आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न वर्ग के लोगों को योजना का लाभ अधिक दिया गया तथा वास्तविक गरीबों को योजना से उपेक्षित कर दिया गया। इस प्रकार योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं वास्तविक लाभार्थियों की उपेक्षा के कारण गरीबों तक ऐसे कार्यक्रमों की पहुँच कमजोर हो गयी और योजनाएं अपने वास्तविक उद्देश्यों से भटक गयी। गरीबों की संख्या, गरीबों का चिन्हांकन एवं उसके कारणों पर विभिन्न अर्थशास्त्रियों के विचारों का समीक्षात्मक विश्लेषण निम्नवत है–

**पावर्टी एण्ड इकानामिक्स डेवलपमेंट, प्रो0 अमर्त्य सेन, राज्यपाल एण्ड सन्स, कश्मीरीगेट, नई दिल्ली, 1997,** में कहा है कि गरीब कोई एक आर्थिक वर्ग नहीं होता बल्कि गरीबी बहुत सी आर्थिक परिस्थितियों का परिणाम है। इन्होंने गरीबी को मापने व गरीबों की वास्तविक संख्या का पता लगाने के लिए प्रति व्यक्ति आय को आधार माना

है। इनका मानना है कि गरीबी का अनुमान लगाते समय गरीबों की वास्तविक स्थिति पर ध्यान दिया जाना चाहिए अर्थात् गरीब परिवारों की आर्थिक स्थिति कितनी खराब है और एक खराब स्थिति दूसरी खराब स्थिति से कितनी भयावह है। इस प्रकार इनका मानना है कि भारत में गरीबी मापने के लिए जो प्रयास किए गए है उनमें गरीबों की संख्या पर ही ध्यान दिया गया है उनकी आर्थिक स्थिति पर नहीं।

**कैलोरी डिप्राइवेशन इन रुरल इण्डिया, (लेखपत्र), श्री जी0वी0, मिनाक्षी व वृन्दा विश्वनाथन, 1983,** में सरकार द्वारा निर्धारित गरीबी रेखा पर फिर से विचार करने के साथ–साथ ग्रामीण क्षेत्र के गरीब परिवारों को न्यूनतम कैलोरी मात्रा की प्राप्ति कम लागत पर तथा ग्रामीण क्षेत्र के गरीब परिवारों के स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास और सुरक्षित पर्यावरण की आवश्यकता पर बल दिया जो गरीबी निवारण की दिशा में महत्वपूर्ण है।

**गरीबी की प्रकृति, श्री एच0एम0 कोठारी, 1993,** में गरीबी के पूर्णतावादी एवं सापेक्षवादी दृष्टिकोण का विश्लेषण प्रस्तुत किया है। पूर्णतावादी दृष्टिकोण के अन्तर्गत गरीबी की माप का आधार गरीब परिवारों के आय स्तर को माना है वहीं सापेक्षवादी दृष्टिकोण के अन्तर्गत गरीबी की माप करने के लिए गरीब परिवारों के जीवन–यापन के लिए आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता पर बल दिया है।

**इण्डियन इकॉनमी सिन्स इनडिपेन्डेन्स, श्री उमा कपिला, अकेडमिक फाउण्डेशन, 2005,** में गरीबी के लिए आय एवं धन के असमान वितरण को उत्तरदायी मानते हैं। इन्होंने न्यूनतम आवश्यक आवश्यकताओं को दो भागों में विभाजित कर के पूरा करने पर बल दिया है। पहला रोटी, कपड़ा और मकान, दूसरा शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति तथा स्वच्छ पर्यावरण की आवश्यकता पर बल दिया है।

**रिसेन्ट ट्रेन्ड इन पावर्टी इन इनइक्वलटी, (लेखपत्र), श्री हिमांशु, 2007,** ने ग्रामीण क्षेत्र में गरीबी का मुख्य कारण क्षेत्रीय असमानताओं को मानते हैं। इनका मानना है कि क्षेत्रीय विषमताओं के बढ़ने से गरीबी में वृद्धि होगी तथा क्षेत्रीय विषमताएं कम होने से गरीबी अनुपात में कमी आयेगी। इन्होंने खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी करने तथा गरीब परिवारों को सस्ते मूल्य पर आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया है।

**द पॉवर्टी क्योंशच्न, में गरीब कौन है?, श्री योगेश अटल, 2002,** ने इस सन्दर्भ में तीन प्रकार के गरीबों को चिन्हित किया है प्रथम–ऐसे गरीब परिवार जो अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं कर पाते, द्वितीय–ऐसे गरीब परिवार जो समाज की मुख्य धारा से कटे हुए हैं एवं  तृतीय–ऐसे गरीब परिवार जो दूसरों की तुलना में अपने को अधिक अभिवंचित मानते हैं।

**गरीबी का रूझान (उत्तर प्रदेश के विशेष सन्दर्भ में लेखपत्र), प्रो0 ए0के0 सिंह, 2007,** में माना है कि गरीबी के कई आयाम हैं जो उसके मापन के लिए उत्तरदायी है जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, मानवीय क्षमताओं का सीमित उपयोग, सामाजिक बहिष्कार, जोखिम, इत्यादि। उन्होंने माना है कि आम तौर पर गरीबी का आंकलन आय के स्तर से लिया जाता है जिसे बहुत अधिक महत्वपूर्ण स्थान नहीं दिया जाना चाहिए।

**गरीबी एवं भुखमरी, (रिपोर्ट), संयुक्त राष्ट्र संघ, 1994,** में प्रकाशित अपने रिपोर्ट में स्वीकार किया है कि 'विश्व की लगभग 20 प्रतिशत जनसंख्या गरीबी, भुखमरी, बीमारी और निरक्षरता से ग्रसित है, इन समाजिक बीमारियों को हल किये बिना वास्तविक विकास को सुनिश्चित नहीं किया जा सकता। अतः सम्भावित विकास के प्रयासों के वितरण में इन क्षेत्रों को सम्मिलित किया जाना अत्यन्त आवश्यक है। विश्व की सर्वोच्च संस्था ने यह

स्वीकार किया है कि अनसुलझी समस्याओं को नए तरीके से प्राथमिकता क्रम में सुनियोजित करने की आवश्यकता है क्योंकि गरीबी उन्मूलन हेतु विकास के अनेक प्रयासों के बाद भी विश्व में 1.3 विलियन लोग इस समस्या का दंश झेल रहे हैं। विश्व के विकासशील देशों में अनेक बच्चे कुपोषण के कारण रोज मर रहे हैं। आज समाज में गरीबी, बेरोज़गारी, सामाजिक अलगाववाद और सीमान्तीकरण की समस्या से दुनिया के अनेक महाद्वीपों के देश जूझ रहे हैं, जिसका मुख्य कारण सम्बन्धित देशों की पुरानी नीतियों का असफल हो जाना है।'

**अल्पविकसित देशों में गरीबी का स्तर, (रिपोर्ट), विश्व बैंक, 2000–2001,** में माना गया है कि ''विश्व में 1990 के पश्चात् गरीबी के स्तर में कमी आयी है किन्तु इस उपलब्धि का वितरण समान स्तर पर नहीं है। जहाँ विश्व के अनेक क्षेत्रों एवं देशों के समूहों में त्वरित प्रगति दर्ज की गयी वहीं अल्पविकसित देशों में गरीबी के स्तर ज्यों का त्यों बना रहा या वृद्धि की प्रवृति अवलोकित किया गया है। इस अन्तर का एक मुख्य कारण आर्थिक वृद्धि का परिणाम है जो यह विभेदता को प्रकट करता है।''

**उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट, (रिपोर्ट), 2001,** में रेखांकित किया गया है कि प्रदेश की 65 प्रतिशत कार्यशील जनसंख्या कृषि क्षेत्र में कार्यरत है इनमें से अधिकांश लोग गरीबी रेखा के नीचे के हैं। कृषि क्षेत्र में किये गये विकास एवं सुधार अपनी वांछित सफलता से कोसों दूर है तथा 90 के दशक के दौरान प्रदेश में कृषि विकास दर 2. 3 प्रतिशत वार्षिक थी जो राष्ट्रीय विकास दर से बहुत कम थी। रिपोर्ट बताती है कि गरीबों की जनसंख्या का बड़ा भाग भूमिहीन है साथ ही सामान्यतः औसत भूमि जोत स्वामित्व 0.1 हेक्टेयर से भी कम है।' इस प्रकार देखा जाए तो गरीब जनसंख्या का बड़ा भाग भूमिहीन होने के बावजूद भी कृषि क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भर है।

**पावर्टी एण्ड सस्टनेबुल डेवलपमेण्ट, डॉ0 के0 रामचन्द्रन, 2005,** के अध्याय 11 'पॉवर्टी ऑफ इण्डिया' में कहा है कि ''मानवीय मूल्यों को अर्जित करने में गरीबी एक मुख्य कारक है, उन्होने माना है कि गरीब व्यक्ति केवल नारकीय जीवन ही व्यतीत नहीं करता बल्कि वह अपनी आधारभूत आवश्यकताओं को प्राप्त करने में अक्षम होता है तथा नैतिकता का स्तर भी निम्न कोटि का होता है। जहाँ वह स्वयं सामान्य मानवीय व्यवहारों को करने में अक्षम होता है वहीं वह सामाजिक दृष्टि से हीन भावना से ग्रसित हो जाता है। भारतीयों के बारे में उन्होंने कहा है कि ये बहुत ही अन्धविश्वासी होते है तथा अपनी किस्मत पर ज्यादा भरोसा करते हैं, ऐसे में वे गरीबी का दंश उच्च्य स्तर पर झेलते रहते हैं, ऐसी स्थिति में वे मानते हैं कि पूर्व जन्मों के कर्मो के कारण उनका यह हाल है।'' डॉ.रामचन्द्रन ने माना है कि इसमें कोई सन्देह नहीं कि आज भारत की सरकार एवं लोग गरीबी की गम्भीर समस्या से परिचित हो गए हैं और लम्बे समय से सभी स्तर से इसे कम करने के लिए गम्भीर प्रयास किए जा रहे है किन्तु फिर भी देश में गरीबी बनी हुयी है। यद्यपि इसका आशय यह नही लगाना चाहिए कि देश के नियोजक एवं सरकार थक–हार कर बैठ गई है बल्कि और संगठित होकर गरीबी की समस्या को हल करने हेतु संघर्षरत है जिसमें देश की राजनीतिक स्थिरता महत्वपूर्ण योगदान कर सकती है।''

**रिड्यूशिंग पावर्टी एण्ड सस्टेनिंग द इनवायरोमेंन्ट के शीर्षक 'द पॉलिटिक्स ऑफ लोकल इन्गेजमेंट, श्री स्टेफन बॉस एवं श्री हन्नाह राइड, 2005,** ने अपनी पुस्तक में यह निष्कर्ष निकाला है कि ''गरीब व्यक्ति अपने आर्थिक निवेश का मूल्य राष्ट्रीय हितों के सन्दर्भ में नहीं लेता है जिसके कारण उसके अनेक प्रकार की

आवश्यकताएं एवं चिन्ताएं होती है ऐसे निवेश में व्यक्तिगत लाभ भी इस कारण खंडित हो जाता है क्योंकि राष्ट्रीय आय की संम्पप्ति के लिए उसके निवेश को महत्वपूर्ण स्थान नहीं दिया जाता है।''

**माइक्रो फाइनेन्स एण्ड पावर्टी इन इण्डिया, (लेखपत्र), श्री राजेश कुमार शास्त्री, (www.acadeicjournal.org), 2005,** में माना कि 'गरीब व्यक्ति अपने विकास के लिए जो कर्ज लेते हैं उसमें अनेक प्रकार की कठिनाइयां व्याप्त हैं। अपनी अल्पआय के कारण औपचारिक वित्तीय संस्थाएं इन्हें कर्ज देने में अनेक प्रकार के अवरोध पैदा करती हैं। अधिकांश मामले में औपचारिक वित्तीय संस्थाएं स्थायी आय स्रोत वाले परिवारों को ही कर्ज देने में तत्पर रहती हैं। ऐसे में लम्बे समय तक इन अवरोधों से संघर्ष करने के पश्चात गरीब परिवार हार जाते हैं। साथ ही इस ऋण प्राप्ति की प्रक्रिया में उसका वर्तमान जीवन स्तर प्रत्यक्ष या परोक्ष रुप से प्रभावित हो जाता है और उसका जीवन हाशिये पर आ जाता है। श्री शास्त्री का मानना है कि स्वरोज़गार के अवसरों को सृजित करके बेरोज़गारी और गरीबी के निवारण हेतु एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। देश में लगभग 24 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा के नीचे अपना जीवन–यापन कर रहे हैं जिन्हें गरीबी रेखा से उपर लाने के लिए वित्तीय सहायता विशेष मदद कर सकती है जिससे ऐसे लोगों को स्वरोज़गार के अवसरों में वृद्धि के साथ–साथ मूल्यवान साख प्रणाली का लाभ मिल सकता है।

**पावर्टी इन इण्डिया, वी0एम0 दाण्डेकर एण्ड नीलकण्ठ रथ, इंडियन स्कूल आफ पोलिटिकल अकॅानामी, 1971,** ने अपनी पुस्तक में गरीबी को दूर करने के लिए आर्थिक विकास की दर में कमी व जनसंख्या में तीब्र गति से वृद्धि तथा निम्न उत्पाद को उत्तरदायी मानते हैं। इनका मानना है कि कुल जनसंख्या में वृद्धि होने से ग्रामीण क्षेत्र में भी गरीबों की कुल संख्या में वृद्धि होगी जिसके परिणामस्वरूप गरीब परिवारों का जीवन स्तर गिरने से गरीबों का स्वस्थ्य और भी भयंकर हो जाएगा। दूसरी ओर इनके रोज़गार की गारण्टी का अभाव गरीबी की स्थिति को बनाए रखने का मुख्य कारण होगी।

**कृषि अर्थशास्त्र, विकास पब्लिकेशन, आर0एन0 सोनी, 2007,** ने अपनी पुस्तक, पृष्ठ संख्या 456 से 462 तक में ग्रामीण क्षेत्र में गरीबी को दूर करने के लिए अनेक रोज़गार परक कार्यक्रमों को लागू करने पर बल दिया है साथ ही सर्वाधिक गरीब परिवारों की पहचान के लिए कुछ मापदण्डों को निश्चित करने पर बल दिया है इनका मानना है कि आर्थिक विकास का अधिक से अधिक लाभ सबसे अधिक गरीब परिवार को देने से ही इन परिवारों के जीवन स्तर में सुधार होगा। इन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले व्यक्तियों की रूप–रेखा को निर्धारित करने के लिए गरीबी रेखा के सही निर्धारण पर जोर दिया है।

**गरीबी एवं ऋणग्रस्तता, (रिपोर्ट), अखिल भारतीय ग्रामीण साख सर्वेक्षण समिति, 1954,** में सम्पत्तियां स्पष्ट करती हैं कि 'व्यापक संख्या में ग्रामीण गरीब परिवार कर्ज से ग्रसित हैं तथा उनकी पहुँच बहुत सीमित स्तर पर औपचारिक वित्तीय संस्थाओं तक सीमित है।' इस परिणाम के पश्चात् 1955 में गरीब लोगों को मदद करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक को नियुक्त किया गया साथ ही 1969 में 14 वाणिज्य बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया गया। इसके साथ–साथ 1982 में राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण बैंक (एन.ए.बी.ए.आर.डी.) की स्थापना की गयी। प्रत्येक बैंकों को गरीबी उन्मूलन के क्षेत्रों में विशेष योगदान करने के लिए नामित किया गया। किन्तु इन सब प्रयासों के बाद भी इस दिशा में वांछित उपलब्धि नहीं प्राप्त की जा सकी।

**इनवेस्मेंट, सिन्स कैपिबिल्टी एप्रोच, रिजनल डेवलपमेंट एण्ड पावर्टी रिडक्शन, (लेखपत्र), प्रो0 हैदर ए0 खान, 2005,** में माना कि गरीबी उन्मूलन में असफलता का एक मुख्य कारण यह है कि ग्राम स्तर पर विकास कार्यो में लगे कार्यकर्ता बहुत योग्य नहीं हैं, बिना उन्हें दक्ष किये तथा कौशल के स्थानान्तरण के बिना, गरीबी के लिए बनायी गयी योजनाओं तथा उनके उद्देश्यों का सकारात्मक परिणाम नहीं प्राप्त किया जा सकता है। यदि ऐसा न हुआ तो नियोजकों द्वारा बनाए गये सारे सिद्धांत प्रयोगविहीन हो जायेगें। ''

**एन्टी पावर्टी प्रोग्राम इन उत्तर प्रदेश : ऐन इवैल्युवेशन, (रिपोर्ट), (www.planningcommission.nic.in) प्रो0 रवि श्रीवास्तव, 2001,** में माना है कि 'गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम के लिए व्यय की जाने वाली धनराशि का लगभग आधा से अधिक भाग लक्षित जनसंख्या तक पहुँचने से पहले ही भ्रष्ट नौकरशाहों एवं कर्मचारियों की जेबों में चला जाता है। उन्होंने माना है कि राज्य में क्रियान्वित संस्थाओं की कार्य पद्धति एवं व्याप्त भ्रष्टाचार एक केन्द्रीय कारण है कि जो गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के उद्देश्यों को असफल करने में महत्वपूर्ण योगदान करता है।'

गरीबी उन्मूलन एवं विकास के सन्दर्भ में उपरोक्त विद्वानों के विचारों का विश्लेषण स्पष्ट करता है कि गरीबों की पहचान पर विभिन्न विद्वानों के विचारों में समरूपता नहीं है। देश में अलग–अलग विकास सूचकांको को आधार मान कर विभिन्न विधियों से गरीबों की मात्रात्मक मूल्यों के आकलन के कारण गरीबों की संख्या में भी विचलन दिखाई देता है। किन्तु अधिकांश विद्वानों ने गरीबी के जिन कारणों को चिन्हित किया है उसमें समरूपता स्पष्ट दृष्टिगोचर होती है। यद्यपि आजादी के पश्चात् देश में गरीबी उन्मूलन के लिए पंचवर्षीय योजनाओं द्वारा व्यापक स्तर पर प्रयास किया गया है। किन्तु देश की भौगोलिक विषमताएं, क्षेत्र स्तर पर समस्या का विभिन्न स्वरूप, राज्यों के अस्थिर सरकारें, तीव्र जनसंख्या वृद्धि, लचीली एवं भ्रष्ट प्रशासनिक संरचना तथा गरीब परिवारों की कमजोर सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति के कारण उनके लिए बनाई गई योजनाएं अपने उद्देश्यों से भटक जाती है, जिसके कारण गरीबी उन्मूलन की दिशा में वांछित उपलब्धि आजादी के छः दशक बाद भी नहीं प्राप्त किया जा सका है।

## 2.2 अध्ययन क्षेत्र की भौगोलिक विषमताएं

देश की कुल जनसंख्या का 16.62 प्रतिशत लोग उत्तर प्रदेश में निवास करते हैं। भौगोलिक आधार पर प्रदेश को चार क्षेत्रों में बाँटा जा सकता है, पूर्वी, पश्चिमी, मध्य एवं बुन्देलखण्ड। पश्चिमी उत्तर प्रदेश जहां उन्न्तशील एवं आधुनिक खेती के कारण सम्पन्न है वहीं बुन्देलखण्ड सिंचाई की सुविधा के अभाव में सूखा का दंश अक्सर झेलता रहता है, प्रदेश का पूर्वी क्षेत्र में बाढ़ की समस्या लगभग प्रत्येक वर्ष बनी रहती है साथ ही परम्परागत खेती के कारण कृषि क्षेत्र कमजोर है, मध्य क्षेत्र में भी खेती की स्थिति अच्छी नही है। उत्तर प्रदेश में औद्योगिकरण अत्यधिक अल्प स्तर पर होने के कारण यहाँ की ग्रामीण जनसंख्या का बड़ा भाग कृषि आश्रित है। कृषि की स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण यहाँ के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजी–रोटी की समस्या विकराल होती जा रही है जिससे गरीबी में आशातीत सुधार नहीं हो पा रहा है। वर्ष 2002 में जहाँ भारत की लगभग 26 प्रतिशत जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने को अभिशप्त थी वही प्रदेश में गरीबों का प्रतिशत अनुपात 31.15 था।

उपरोक्त स्थिति प्रेरित करती है कि आखिर प्रदेश में समस्या का यह स्तर क्यों है? क्या हमारे कार्यक्रमों में कोई खामियॉ है या फिर उनके क्रियान्वयन का पक्ष ही कमजोर है? पर्याप्त खाद्यान्न उत्पादन के बाद भी प्रदेश में भुखमरी क्यों व्याप्त है, इन कठिन प्रश्नों का उत्तर ढूढ़ने हेतु आवश्यक है कि इस सन्दर्भ में एक व्यवस्थित अध्ययन किया जाए। इसके लिये देश के अन्य प्रदेशों की तुलना में उत्तर प्रदेश का अध्ययन सर्वथा उपयुक्त प्रतीत होता है क्योंकि गरीबी रेखा के नीचे रहने वाली आबादी का सर्वाधिक हिस्सा इसी प्रदेश में निवास करती है और वे सभी तत्व जो गरीबी को प्रभावित कर सकते हैं यहां विद्यमान हैं।

## 2.3 अध्ययन का उद्देश्य

विगत साठ वर्षों में भारत सरकार द्वारा गरीबी उन्मूलन के लिये विभिन्न योजनाओं को चलाये जाने के बावजूद भारत में गरीबी रेखा के नीचे रहने वालों का प्रतिशत कुछ कम तो अवश्य हुआ है किन्तु अभी भी देश में 26 करोड़ आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन व्यतीत करने को अभिशप्त है। ऐसी स्थिति में यह एक शोचनीय विषय हो जाता है कि क्या भारत सरकार द्वारा प्रारम्भ किये गये गरीबी उन्मूलन के लिए अपनायी गई रणनीतियों एवं कार्यक्रमों में कोई कमी है? अथवा इन गरीबों के कार्यक्रमों का क्रियान्वयन समुचित ढंग से नहीं हो रहा है।

उपरोक्त परिपेक्ष्य में प्रस्तुत शोध अध्ययन का उद्देदश्य इसी सत्य का पता लगाना है। शोध अध्ययन से प्राप्त परिणामों का विश्लेषण सरकार द्वारा चलायी गयी विभिन्न गरीबी निवारण योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के सन्दर्भ में सुझावनात्मक समाधान प्रदान करेगा। प्रस्तुत शोध अध्ययन का उद्देश्य निम्नवत है–

1. आजादी के बाद सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर गरीबी उन्मूलन के लिये उठाये गये कदमों एवं क्रियान्वयन का समीक्षात्मक अध्ययन।
2. गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम का ग्रामीण अंचलों में प्रभाव एवं उसके दूरगामी प्रभावों का आलोचनात्मक अध्ययन।
3. गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम अपने उद्देश्यों को पाने में कहाँ तक सफल हो सके हैं, एक अध्ययन।

## 2.4 शोध अध्ययन हेतु सूचना स्रोत

वर्तमान शोध अध्ययन चार स्रोतों से सूचनाओं को संकलित किया गया है:–

**द्वितीयक आँकड़े**

1. प्रकाशित एवं अप्रकाशित आँकड़े, रिपोर्ट, शोध–प्रबन्ध, शोध प्रपत्र व पुस्तकें।
2. शोध क्षेत्र में लगी संस्थाओं व विशेषज्ञों, अध्ययनकर्ताओं आदि के अनुभव का प्रयोग।

**प्राथमिक आँकड़े**

3. चयनित क्षेत्र से प्राथमिक आँकड़ों का संकलन।
4. क्षेत्र अध्ययन के दौरान व्यक्तिगत प्रेक्षण

**1. प्रकाशित एवं अप्रकाशित आँकड़े, रिपोर्ट, शोध–प्रबन्ध, शोध प्रपत्र व पुस्तकें**

इसके अन्तर्गत विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं, आर्थिक सर्वेक्षणों, सरकार द्वारा संचालित विभिन्न गरीबी उन्मूलन योजनाओं, सांख्यिकीय अभिलेख, शासन द्वारा गरीबी उन्मूलन योजनाओं से सम्बन्धित प्रगति रिपोर्ट गरीबी निवारण योजनाओं के सन्दर्भ में जारी विभिन्न रिपोर्ट इत्यादि को अध्ययन के अन्तर्गत सम्मिलित किया गया है।

**2. शोध क्षेत्र में लगी संस्थाओं व विशेषज्ञों, अध्ययनकर्त्ताओं आदि के अनुभवों का प्रयोग**

इसके अन्तर्गत विभिन्न शोध संस्थाएं यथा गोविन्द बल्लभ पन्त सामाजिक विज्ञान संस्थान, झूँसी, इलाहाबाद, गिरि शोध संस्थान, अलीगंज, लखनऊ, अर्थशास्त्र विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, विभिन्न पुस्तकालयों यथा केन्द्रीय पुस्तकालय, राज्य पुस्तकालय व शोध के क्षेत्र में लगी अनेक संस्थाओं के विशेषज्ञों से व्यक्तिगत परिचर्चा व उनके अनुभवों को इस शोध अध्ययन में सम्मिलित किया गया है।

**3. चयनित क्षेत्र से प्राथमिक आँकड़ों का संकलन**

प्राथमिक आंकड़ों को संकलित करने के उद्देश्य से शोधार्थी ने उत्तर प्रदेश को चार भौगोलिक भागों यथा पूर्वी, पश्चिमी, मध्य एवं बुन्देलखण्ड में बाँट कर प्रत्येक भौगोलिक क्षेत्र से एक–एक जनपद तथा प्रत्येक जनपद से दो–दो विकास खण्ड तथा प्रत्येक विकास खण्ड से दो–दो ग्राम तथा प्रत्येक ग्राम सभा से गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले दस–दस परिवरों का किया गया है। परिवारों के सामाजिक व आर्थिक स्थिति की जानकारी प्राप्त करने के लिये विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत साक्षात्कार किया गया। प्रत्येक परिवारों से किए गये व्यक्तिगत साक्षात्कार के अन्तर्गत उनकी वर्तमान सामाजिक, आर्थिक शैक्षिक स्थिति के बारे में जानकारी ली गई साथ ही सरकार द्वारा संचालित विभिन्न गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों के वास्तविक प्रभावों को आकलन भी किया गया।

**4. प्राथमिक आँकड़ों के संकलन के दौरान क्षेत्र अनुभव**

प्राथमिक आँकड़ों के संकलन के दौरान शोधार्थी के समक्ष अनेक ऐसी सूचनाएं परिलक्षित हुई जिनसे अनेक गरीबी निवारण कार्यक्रमों की प्रभावशीलता और उनके क्रियान्वयन में लगी संस्थाओं की क्षमता का आकलन करने में मदद मिली। उन सूचनाओं को फील्ड डायरी में यथा स्थान उल्लिखित किया गया है।

## 2.5 अध्ययन हेतु उपकरण

प्रस्तुत शोध अध्ययन के प्राथमिक आँकड़ों के संकलन हेतु दो प्रकार की अनुसूची तैयार की गयी जिसमें पहली अनुसूची गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले परिवारों से से व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिये बनायी गयी, जिसमें परिवार की सामाजिक–आर्थिक स्थिति के आकलन के साथ–साथ योजनाओं से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं पर पर्याप्त प्रश्न रखे गये, दूसरी अनुसूची ग्राम पंचायत स्तर के लिये बनायी गयी है जिसमें गाँव की आधारभूत संरचना के साथ योजनाओं से सम्बन्धित प्रमुख बिन्दुओं पर चर्चा हेतु कुछ प्रश्न बनाये गये। यह अनुसूची ग्राम प्रधान या पंचायत सदस्य, प्रबुद्ध व्यक्तियों आदि से साक्षात्कार द्वारा सूचनाओं को संग्रहित किया गया है। लाभार्थी एवं ग्राम अनुसूची के अन्तर्गत निम्नांकित क्षेत्रों पर प्रश्नों की रचना की गई है जो निम्नवत दिये गये हैं।

**लाभार्थी अनुसूची**

- सामाजिक–आर्थिक, शैक्षिक स्थिति

- विकास कार्यक्रमों से लाभ एवं प्रभाव
- विकास कार्यक्रमों में स्थानीय पंचायतों की भूमिका
- योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका
- योजनाओं के क्रियान्वयन में व्याप्त भ्रष्टाचार
- पारिवारिक समस्याएं एवं उनके हल हेतु परिवारों का सुझाव

**ग्राम पंचायत अनुसूची**

- गांव की आधारभूत सुविधाएं
- स्थानीय संसाधनों की स्थिति
- जनसंख्या का सामाजिक विवरण
- विकास योजनाओं से लाभान्वित परिवार
- गांव की समस्या एवं सुझाव

इसके अतिरिक्त शोधार्थी ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान लाभार्थी व पंचायत अनुसूची भरते समय या ग्राम प्रवास के दौरान महत्वपूर्ण अनुभवों को प्रेक्षण के रूप लिपिबद्ध किया गया है।

## 2.6 अध्ययन क्षेत्र का चयन

प्रस्तुत शोध अध्ययन हेतु ग्रामों के चयन के लिए 'स्तरानुकूल रैण्डम सैम्पलिंग विधि' का प्रयोग किया गया। चयन के विभिन्न सोपानों के क्रम मे ंक्रमशः जनपद, विकास–खण्ड तथा ग्रामों का चयन किया गया है। विभिन्न स्तर के इकाईयों के चयन विधि निम्नवत दिये गए हैं–

**जनपद :–** उत्तर प्रदेश का सम्पूर्ण क्षेत्र मुख्यतः चार भौगोलिक क्षेत्रों मे बँटा हुआ है जिनको क्रमशः पूर्वी, पश्चिमी, मध्य एवं बुन्देलखण्ड के नामों से जाना जाता है। प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र में जहाँ सर्वाधिक 27 जनपद वहीं बुन्देलखण्ड क्षेत्र में सबसे कम 7 जनपद अवस्थित हैं। इसी प्रकार प्रदेश के पश्चिम क्षेत्र में 26 जनपद तथा केन्द्रीय क्षेत्र में 10 जनपद अवस्थित हैं। प्रस्तुत शोध अध्ययन में प्रदेश के सभी चारों भौगोलिक क्षेत्रों को सम्मिलित किया गया है और अध्ययन हेतु प्रदेश के प्रत्येक भौगोलिक क्षेत्र से एक–एक जनपद का 'चयन उद्‌देश्य पूर्ण प्रतिचयन विधि' द्वारा किया गया है। जनपदों का उद्‌देश्यपूर्ण प्रतिचयन के मुख्य आधार निम्नलिखित हैं–

- व्यक्तिगत सुविधा
- क्षेत्र के समतुल्य भौगोलिक संरचना
- गरीबी का परिमाण
- गरीबी उन्मूलन कार्यक्रमों का संचालन एवं आच्छादन

इस प्रकार उपरोक्त आधारों को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र से जनपद इलाहाबाद, पश्चिम क्षेत्र से मथुरा, मध्य क्षेत्र से बाराबंकी तथा बुन्देलखण्ड क्षेत्र से जनपद चित्रकूट का चयन किया गया।

**विकास–खण्ड :–** प्रस्तुत शोध अध्ययन हेतु चयनित प्रत्येक जनपदों से दो–दो विकास–खण्डों का चयन 'व्यवस्थित रैण्डम सैम्पलिंग विधि' के द्वारा किया गया है। विकास खण्डों के चयन के लिए गरीबी रेखा के नीचे (बी0पी0एल0) जीवन यानप करने वाले परिवारों के प्रतिशत को मुख्य आधार रखा गया। विकास खण्डों के चयन के पूर्व चयनित जनपदों मे अवस्थित सभी विकास खण्डों को गरीबी रेखा के नीचे (बी0पी0एल0) रहने वाले परिवारों के प्रतिशत को आधार मान कर सभी विकास खण्डों को अवरोही क्रम में सूचिबद्ध किया गया, तत्पश्चात सबसे अधिक बी0पी0एल0 प्रतिशत वाले विकास खण्डों को अध्ययन हेतु ले लिया गया। इस प्रकार शोध अध्ययन हेतु सम्पूर्ण प्रदेश से आठ (8) विकास खण्डों का चयन किया गया।

**ग्राम :–** प्रस्तुत शोध अध्ययन हेतु चयनित प्रत्येक जनपदों के चयनित विकास खण्डों से ग्रामों का चयन 'व्यवस्थित रैण्डम सैम्पलिंग' विधि के द्वारा किया गया। ग्रामों के चयन हेतु चयनित विकास खण्डों मे अवस्थित सभी आबाद ग्रामों को क्रमानुसार वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया गया और तत्पश्चात टीपैड टेबुल की मदद से प्रत्येक चयनित विकास खण्डों से दो (2) ग्रामों का चयन किया गया। इस प्रकार एक जनपद से कुल चार (4) गाँव तथा सम्पूर्ण प्रदेश से कुल सोलह (16) ग्रामों को शोध अध्ययन हेतु चयनित किया गया है।


**परिवार :–** प्रस्तुत शोध अध्ययन हेतु परिवारों के चयन के लिए 'व्यवस्थित रैण्डम सैम्पलिंग विधि' का प्रयोग किया गया तथा इस हेतु गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को मुख्य आधार माना गया। चयनित विकास खण्डों के चयनित ग्रामों में गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले परिवारों की सूची सम्बन्धित विकास–खण्ड कार्यालयों से प्राप्त की गई, तत्पश्चात टीपैड टेबुल की मदद से प्रत्येक चयनित ग्रामों से दस (10) परिवारों का चयन किया गया। इस प्रकार एक विकास–खण्ड से बीस (20) परिवारों तथा सम्पूर्ण प्रदेश से एक सौ साठ (160) परिवारों का चयन अध्ययन हेतु किया गया है। क्षेत्र अध्ययन के दौरान चयनित परिवारों के अनुपलब्धता की सम्भावना को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक गाँव से कुछ अतिरिक्त परिवारों का चयन भी किया गया जिससे प्रतिदर्श की क्षतिपूर्ति इन अतिरिक्त चयनित परिवारों से किया जा सके।

## 2.7 प्रतिदर्श का आकार

प्रस्तुत अध्ययन को पूर्ण करने के लिये उत्तर प्रदेश के चार जनपदों का चयन उद्देश्य पूर्ण विधि से किया गया जो कि उत्तर प्रदेश के चारों भौगोलिक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं। जिसमें पूर्वी उत्तर प्रदेश से इलाहाबाद, पश्चिमी उत्तर प्रदेश से मथुरा, मध्य उत्तर प्रदेश से बाराबंकी व बुन्देलखण्ड से चित्रकूट जनपद का चयन उद्देश्य पूर्ण विधि से किया गया। जिसमें प्रत्येक जनपद से दो–दो विकास खण्ड और प्रत्येक विकास खण्ड से दो–दो ग्राम तथा प्रत्येक ग्राम से 10–10 लाभार्थियों का चयन किया गया। अध्ययन हेतु प्रतिदर्श का आकार एवं स्वरूप निम्नवत है–

| क्षेत्र | जनपद | विकास–खण्ड | ग्राम | बीपीएल परिवार |
|---|---|---|---|---|
| पूर्वी | 1 | 2 | 4 | 40 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पश्चिमी | 1 | 2 | 4 | 40 |
| मध्य | 1 | 2 | 4 | 40 |
| बुन्देलखण्ड | 1 | 2 | 4 | 40 |
| योग | 4 | 8 | 16 | 160 |




## 2.8 अध्ययन क्षेत्र का स्वरूप

**सारणी 2.1: जनपदवार एवं लिंगवार जनसंख्या तथा साक्षरता दर**

| विवरण | लिंग | भारत | उत्तर प्रदेश (हजार में) | इलाहाबाद | चित्रकूट | मथुरा | बाराबंकी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जनसंख्या | पुरूष | 532,223,090 | 87565 | 2626448 | 409178 | 1127512 | 1651908 |
| | स्त्री | 496,514,346 | 78633 | 2309657 | 357047 | 947004 | 1479711 |
| | योग | **1,028,737,436** | **166198** | **4936105** | **766225** | **2074516** | **3131619** |
| साक्षरता दर | पुरूष | 75.3 | 68.80 | 75.81 | 77.61 | 76.47 | 68.78 |
| | स्त्री | 53.7 | 42.20 | 46.38 | 49.93 | 43.43 | 46.10 |
| | योग | **64.8** | **56.30** | **62.11** | **64.83** | **61.46** | **58.08** |

**स्रोत :** सांख्यिकीय पत्रिका, 2006&07

उपरोक्त सारणी में दिये गये आंकड़ों से स्पष्ट है कि चयनित सभी जनपदों की साक्षरता दर प्रदेश की औसत साक्षरता दर (56.3 प्रतिशत) से अधिक है। उल्लेखनीय है कि चित्रकूट जनपद की साक्षरता दर चयनित सभी जनपदों की तुलना में अधिकतम 64.83 प्रतिशत तथा बाराबंकी जनपद की साक्षरता दर अन्य सभी जनपदों की तुलना में न्यूनतम 55.08 प्रतिशत है। इसी प्रकार इलाहाबाद तथा मथुरा की साक्षरता दर क्रमशः 62.11 प्रतिशत व 61.46 प्रतिशत है। जबकि पुरूष एवं महिला साक्षरता दर में चित्रकूट सभी जनपदों में प्रथम स्थान है जबकि इलाहबाद जनपद महिला साक्षरता दर में द्वितीय एवं पुरूष साक्षरता में तृतीय  स्थान रखता है। बाराबंकी जनपद पुरूष साक्षरता में चतुर्थ एवं महिला साक्षरता में तृतीय स्थान तथा मथुरा जनपद पुरूष साक्षरता में द्वितीय एवं महिला साक्षरता में प्रथम स्थान है रखता।

**सारणी 2.2: जनपदवार भूमि उपयोग (2006–07)**

| विवरण | उत्तर प्रदेश (हजार हेक्टेयर) | इलाहाबाद (हेक्टेयर) | चित्रकूट (हेक्टेयर) | मथुरा (हेक्टेयर) | बाराबंकी (हेक्टेयर) |
|---|---|---|---|---|---|
| कुल प्रतिवेदित क्षेत्रफल | 24170 | 557012 | 338897 | 330141 | 464578 |
| वन | 1657 | 21455 | 59731 | 1587 | 54898 |
| ऊसर एवं कृषि अयोग्य भूमि | 507 | 16630 | 22173 | 5295 | 4278 |
| कृषि के अतिरिक्त अन्य उपयोग में आने वाली भूमि | 2729 | 77988 | 29335 | 36518 | 54206 |
| कृषि योग्य बंजर भूमि | 440 | 12363 | 10355 | 5399 | 3977 |
| स्थायी चारागाह एवं अन्य चराई की भूमि | 64 | 1652 | 48 | 1270 | 462 |
| अन्य वृक्षों एवं झाड़ियों की भूमि | 373 | 9821 | 26343 | 1059 | 2976 |
| वर्तमान परती | 1285 | 76060 | 13481 | 4463 | 4550 |
| अन्य परती | 542 | 25359 | 5207 | 3506 | 3400 |
| शुद्ध बोया गया क्षेत्रफल | 16573 | 315684 | 172224 | 271044 | |
| एक बार से अधिक बोया गया क्षेत्रफल | 8841 | 184347 | 14700 | 125759 | |

**स्रोत** : सांख्यिकीय पत्रिका, उत्तर प्रदेश, 2006&07

उपरोक्त आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि चयनित जनपदों में इलाहाबाद जनपद की फसल सघनता (158.2 प्रतिशत) प्रदेश की औसत फसल सघनता (153.3 प्रतिशत) से अधिक है अर्थात यहां के कृषक अन्य जनपदों की अपेक्षा बेहतर उत्पादन कर लेते है। जबकि अन्य जनपदों की सघनता क्रमशः मथुरा में 146.1 प्रतिशत, बाराबंकी में 127.3 प्रतिशत, एवं चित्रकूट में 108.1 प्रतिशत है। इस प्रकार चयनित जनपदों में इलाहाबाद में (पूर्वी उत्तर प्रदेश) कृषि कार्य अन्य जनपदों की तुलना में सर्वाधिक उपयुक्त पाया गया वहीं चित्रकूट जनपद की स्थिति (बुन्देलखण्ड क्षेत्र) सर्वाधिक अनुपयुक्त पायी गयी। चयनित जनपदों में कृषि योग्य बंजर भूमि का प्रतिशत अनुपात चित्रकूट में 2.9 प्रतिशत व इलाहाबाद में 2.1 प्रतिशत है जो प्रदेश के 1.8 प्रतिशत अनुपात के लगभग बराबर है। इसी प्रकार बाराबंकी 0.6 प्रतिशत जनपद के कृषि योग्य बंजर भूमि का प्रतिशत अनुपात सबसे कम है अर्थात् यहां पर कृषि योग्य बंजर भूमि की संभावनाएं सीमित है जबकि अन्य तीन जनपदों में कृषि योग्य बंजर भूमि का विकास कर कृषि एवं कृषकों की दशा में सुधार लाया जा सकता है।

इसी प्रकार चित्रकूट (6.54 प्रतिशत) जनपद मे ऊसर एवं कृषि योग्य अयोग्य भूमि का प्रतिशत उत्तर प्रदेश (2.09 प्रतिशत) के प्रतिशत अनुपात से अधिक है जबकि इलाहाबाद जनपद (2.98 प्रतिशत) का प्रतिशत अनुपात प्रदेश के लगभग बराबर हैं जबकि मथुरा जनपद (1.61 प्रतिशत) का कम है जबकि बाराबंकी जनपद (0.92 प्रतिशत)

में सबसे कम ऊसर भूमि एवं कृषि आयोग्य भूमि पायी जाती है। इस प्रकार से चित्रकूट जनपद में ऊसर एवं कृषि अयोग्य भूमि का विकास कर गरीब कृषकों की दशा में सुधार लाया जा सकता है।

**सारणी 2.3: जनपदवार विभिन्न साधनों द्वारा वास्तविक सिंचित क्षेत्रफल**

**(2006—07)**

| विवरण | उत्तर प्रदेश (हजार हेक्टेयर) | इलाहाबाद (हेक्टेयर) | चित्रकूट (हेक्टेयर) | मथुरा (हेक्टेयर) | बाराबंकी (हेक्टेयर) |
|---|---|---|---|---|---|
| नहर | 2614 | 107350 | 11391 | 103527 | 13806 |
| राजकीय नलकूप | 373 | 20094 | 87 | 0 | 4273 |
| निजी नलकूप | 9129 | 101771 | 16293 | 156999 | 185653 |
| कूंऐं | 986 | 7099 | 10466 | 0 | 106348 |
| तालाब | 149 | 3832 | 6565 | 0 | 0 |
| अन्य | 62 | 376 | 156 | 0 | 0 |
| योग | 13315 | 240522 | 44958 | 260526 | 310080 |

**स्रोत** : सांख्यिकीय पत्रिका, उत्तर प्रदेश, 2006—07

उपरोक्त आंकड़ों से स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश मे कुल सिचित क्षेत्रफल (55.08 प्रतिशत) का 37.77 प्रतिशत निजी नलकूप, 10.82 प्रतिशत नहर, 4.08 प्रतिशत कुएं, 1.54 प्रतिशत राजकीय नलकूप, 0.67 प्रतिशत तालाब व 0.26 प्रतिशत अन्य साधनों द्वारा सिंचाई किया जाता है। यदि इस स्थिति को जनपद स्तर पर देखा जाए तो सर्वाधिक सिंचित जनपद मथुरा (78.77 प्रतिशत) की कुल सिंचित प्रतिशत का 44.55 प्रतिशत निजी नलकूप तथा 31.36 प्रतिशत नहरों द्वारा सिचाई की जाती हैं जबकि बाराबंकी जनपद में कुल सिचिंत क्षेत्रफल (66.81 प्रतिशत) की तुलना में 39.96 प्रतिशत निजी नलकूप से, 22.89 प्रतिशत कुओं से, 2.97 प्रतिशत नहरों से तथा 0.92 प्रतिशत राजकीय नलकूपों द्वारा सिंचाई की जाती है। प्रदेश के इलाहाबाद जनपद मे कुल सिंचित क्षेत्रफल (43.08 प्रतिशत) का 19.27 प्रतिशत नहर से, 18.27 प्रतिशत निजी नलकूप, 3.61 प्रतिशत राजकीय नलकूप से, 1.27 प्रतिशत कुओं से, 0.68 प्रतिशत तालाब से तथा 0.67 प्रतिशत अन्य साधनों द्वारा सिंचाई की जाती है। चित्रकूट जनपद के कुल सिंचित क्षेत्रफल (13.01 प्रतिशत) का 4.81 प्रतिशत निजी नलकूप, 3.36 प्रतिशत नहर, 3.088 प्रतिशत कुओं से, 1.94 प्रतिशत तालाब, 0.046 प्रतिशत अन्य तथा 0.025 प्रतिशत राजकीय नलकूपों द्वारा सिंचाई की जाती है। इस प्रकार से सिंचित क्षेत्रफल के प्रतिशतता के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि चयनित जनपदों में पश्चिम उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में सिंचाई सुविधाओं का विकास अधिक हुआ है। जबकि बुन्देलखण्ड के चित्रकूट जनपद में सिंचाई के संसाधनों का अत्यधिक अभाव है। इस प्रकार प्रदेश व जनपद स्तर पर सर्वाधिक सिंचाई निजी नलकूपों द्वारा की जाती है।

**सारणी 2.4: संख्या एवं क्षेत्रफल के अनुसार जनपदवार क्रियात्मक जोतों का वर्गीकरण (कृषि गणना 2000–01)**

| आकार वर्ग हेक्टेयर | | भारत | उत्तर प्रदेश (क्षेत्रफल हजार हे0) | इलाहाबाद | चित्रकूट | मथुरा | बाराबंकी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0.5 हेक्टेयर से कम | संख्या | NA | NA | 328799 | 48338 | 41543 | 136361 |
| | क्षेत्रफल (हे0) | NA | NA | 83375 | 12785 | 10893 | 34541 |
| 0.5 से 1.0 हेक्टेयर | संख्या | 76122 | 16658.9 | 103636 | 34553 | 26596 | 71486 |
| | क्षेत्रफल (हे0) | 30088 | 6647.7 | 78422 | 24443 | 19379 | 50996 |
| 1.0 से 2.0 हेक्टेयर | संख्या | 22814 | 3087.1 | 61711 | 27466 | 32949 | 61693 |
| | क्षेत्रफल (हे0) | 32260 | 4365.8 | 87466 | 38324 | 47780 | 88147 |
| 2.0 से 4.0 हेक्टेयर | संख्या | 14087 | 1427.1 | 28203 | 14727 | 26176 | 35594 |
| | क्षेत्रफल (हे0) | 38305 | 3905.6 | 76837 | 40385 | 74199 | 97357 |
| 4.0 से 10.0 हेक्टेयर | संख्या | 6568 | 463.0 | 9393 | 7650 | 12072 | 11641 |
| | क्षेत्रफल (हे0) | 38125 | 2579.9 | 54015 | 45695 | 67868 | 62520 |
| 10 हे0 एवं उससे अधिक | संख्या | 1230 | 32.1 | 1373 | 1663 | 847 | 536 |
| | क्षेत्रफल (हे0) | 21124 | 484.3 | 21944 | 26974 | 12463 | 10361 |
| **कुल जोत** | **संख्या** | **120821** | **21668.2** | **533115** | **134397** | **140183** | **317311** |
| | **क्षेत्रफल** (हे0) | **159902** | **17983.3** | **402059** | **188606** | **232582** | **343922** |

**स्रोत** : सांख्यिकीय पत्रिका, 2006&07

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट होता है कि प्रदेश के (76.88 प्रतिशत) कृषकों के पास 17983.3 हजार हेक्टेयर भूमि है, अर्थात इनके पास कुल कृषि योग्य भूमि का मात्र (36.9 प्रतिशत) हिस्सा ही कृषि कार्य हेतु उपलब्ध है। दूसरी ओर यदि जनपद स्तर पर देखा जाए तो मथुरा जनपद में जोतों का आकार व क्षेत्रफल 1 हेक्टेयर से कम हैं जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद जनपद में छोटी जोतों का आकार 1 हेक्टेयर से अधिक हैं जो चयनित जनपदों में सर्वाधिक हैं। अर्थात् पूर्वी उत्तर प्रदेश में कृषि योग्य भूमि छोटी जोतों में बंटी हैं।

**सारणी 2.5: जनपदवार प्रति व्यक्ति निवल उत्पाद**

**(रुपये में)**

| विवरण | वर्ष | उत्तर प्रदेश | इलाहाबाद | चित्रकूट | मथुरा | बाराबंकी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1999–00 के भावों पर | 1999&00 | 9405 | 9452 | 6047 | 12558 | 8319 |
| | 2004&05 | 10224 | 9808 | 6342 | 13785 | 10089 |
| | 2005&06 | 10637 | 10517 | 6560 | 14884 | 9577 |
| प्रचलित भावों पर | 1999&00 | 9405 | 9452 | 6047 | 12558 | 8319 |
| | 2004&05 | 11941 | 11117 | 7340 | 15997 | 12426 |
| | 2005&06 | 13262 | 12715 | 8009 | 18749 | 12920 |

**स्रोत :** सांख्यिकीय पत्रिका, उत्तर प्रदेश, 2008

उपरोक्त सारणी में दिये गये आंकड़ो के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि वर्ष 1999–2000 व 2005–06 के मध्य चयनित जनपदों क्रमशः मथुरा में 18.5 प्रतिशत, बाराबंकी में 1.15 प्रतिशत, इलाहाबाद में 11.6 प्रतिशत, तथा चित्रकूट जनपद में प्रचलित भावों पर प्रति व्यक्ति निवल उत्पाद में बढ़ोत्तरी हुयी। अतः यह कहा जा सकता है कि वर्ष 1999 व 2005 के मध्य पश्चिमी उत्तर प्रदेश मे लोंगों के जीवन स्तर में सर्वाधिक एवं बुन्देलखण्ड के लोगों के जीवन स्तर में सबसे कम सुंधार हुआ।

**सारणी 2.6: जनपदवार जनसंख्या का आर्थिक वर्गीकरण (2001)**

| विवरण | उत्तर प्रदेश | इलाहाबाद | चित्रकूट | मथुरा | बाराबंकी |
|---|---|---|---|---|---|
| कृषक | 22168000 | 399468 | 147147 | 231407 | 213.684 |
| कृषि श्रमिक | 13401000 | 156549 | 40101 | 53477 | 1707.40 |
| पारिवारिक | 3031000 | 100902 | 6782 | 20038 | 34.455 |
| अन्य कर्मकार | 15384000 | 449679 | 41739 | 233245 | 268.386 |
| कुल मुख्य कर्मकार | 39338000 | 1106598 | 235829 | 538167 | 708.265 |
| सीमान्त कर्मकार | 14646000 | 564751 | 104995 | 232751 | 176.216 |
| कुल कर्मकार | 53984000 | 1671349 | 340824 | 770918 | 884.481 |

**स्रोत :** सांख्यिकीय पत्रिका, उत्तर प्रदेश, 2008

सन्दर्भ–

1.सांख्यिकीय पत्रिका, उत्तर प्रदेश, 2008

2.सांख्यिकीय पत्रिका, उत्तर प्रदेश, 2008

3.सांख्यिकीय पत्रिका, 2006&07

4.मार्गनिर्देशिका, 2000, पृष्ठ–20, निदेषालय समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार।

5. मूल्यांकन निर्देषिका, 2000, पृष्ठ–25, सामाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेष सरकार लखनऊ।

6.भारत (वार्षिक सन्दर्भ ग्रंथ), 2005, पृष्ठ–311, सूचना प्रसारण मंत्रलाय, भारत सरकार नयी दिल्ली।

7.भारत (वार्षिक सन्दर्भ ग्रंथ), 2005, पृष्ठ–312, सूचना प्रसारण मंत्रलाय, भारत सरकार नयी दिल्ली।

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2019 SHISRRJ | Volume 2 | Issue 4 | ISSN : 2581- 6306

# वैष्णव धर्म में दशावतार : एक अनुशीलन

**जितेन्द्र कुमार यादव**
शोध–छात्र, इतिहास अध्ययनशाला, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म०प्र०)।

अवतारवाद एक आधारभूत वैष्णवीय संकल्पना है, जो भगवत नारायण के नायक देवता वासुदेव कृष्ण के साथ एकीकरण से विकसित हुआ प्रतीत होता है। इस एकीकरण के फलस्वरूप ही कृष्ण नारायण के नरावतार माने जाते लगे थे। विष्णु के अवतार भागवत धर्म की मुख्य भित्ति है। पुराणों में दशावतार का उल्लेख अनेकशः हुआ है। कुछ पुराणों में उनके कार्यों का उल्लेख भी मिलता है। पारम्परिक लोकधारणा में भगवान विष्णु के चौबीस अवतारों की चर्चा है, जिसमें दशावतार भी शामिल किये जाते हैं। पांचरात्रागमों में इसकी संख्या चालीस बताई गयी है।[1] भागवत पुराण की प्रथम सूची में बाइस नामों तथा दूसरी में चौबीस का जिक्र है। द्वितीय सूची में प्रथम के बीस अवतार शामिल हैं। पुराणों में भगवान विष्णु के अवतारों की संख्या चालीस तक बताई गयी है किन्तु प्रख्यात अवतारों की संख्या दस मानी गयी है जो इस प्रकार हैं– 1. मत्स्य, 2. कूर्म, 3. वराह, 4. नृसिंह, 5. वामन, 6. परशुराम, 7. श्रीराम, 8. श्रीकृष्ण, 9. बुद्ध और 10. कल्कि। यह सर्वस्वीकृत अभिधात्मक दशावतार है। यदि बलराम को अलग अवतार मान लिया जाय तो यह संख्या ग्यारह हो जाती है।

**मत्स्यावतार –**

भगवान विष्णु के दशावतारों में प्रथम अवतार मत्स्यावतार है। इस अवतार के विषय में बताया गया है कि जलप्लावन में वेद समेत जब सारी सृष्टि अपार जलराशि में निमज्जित हो गयी तो मत्स्य रूपी भगवान विष्णु ने वैवस्वत मनु का उद्धार किया, साथ ही अपार जलराशि से वेदों को भी बचाया। मत्स्यावतार की कथा में ऐतिहासिक सत्य निहित है। इस कथा का सम्बन्ध प्राचीन समय में, सारस्वत प्रदेश में हुए जलप्लावन की घटना से है।

जलप्लावन की घटना का उल्लेख ऋग्वेद में नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि ऋग्वेद के प्रणयन के पश्चात् ही यह घटना घटित हुई होगी। भारतीय साहित्य की बात करें तो जल प्लावन की इस घटना का उल्लेख सर्वप्रथम अथर्ववेद में हुआ है। इस कथाक्रम की श्रृंखला में इस घटना पर प्रकाश डालने वाला द्वितीय ग्रन्थ शपतपथ ब्राह्मण है। जलप्लावन की घटना कब हुई? इसकी समय–सीमा क्या थी? यह एक ज्वलन्त प्रश्न है। सुमेरी मान्यता के अनुसार जल–प्लावन का समय ख्रिस्तपूर्व 3100 वर्ष के लगभग रहा।[2] अनुसंधानों से पता चलता है ऋग्वेद के

प्रणयन के पश्चात् ही सुमेरी देवतन्त्र का विकास हुआ। जलप्लावन से ऋग्वैदिक (सारस्वत) सभ्यता को आघात लगा किन्तु ऋग्वैदिकों की संततियों ने उसे पुनः नये सिरे से विकसित किया। जिसके पुरातात्विक अवशेषों को हड़प्पा–सभ्यता के नाम से जाना जाता है। यह वास्तव में उत्तर सारस्वत सभ्यता है। डॉ० रामविलास शर्मा ने 'पश्चिमी एशिया और ऋग्वेद'[3] में भाषा वैज्ञानिक एवं समाजशास्त्रीय तथ्यों के आधार पर देवतन्त्र के विकास का एक ठोस एवं बहुआयामी प्रमाण–प्रस्तुत किया है।

शर्मा जी के अनुसार हमारा ऋग्वेद हड़प्पा–सभ्यता से ही नहीं वरन् मिस्र एवं सुमेर की सभ्यता से भी प्राचीन है। मार्शल ने हड़प्पा–सभ्यता का विकास काल खिस्तपूर्व 3250–2750 वर्ष माना है। इस आधार पर जलप्लावन का समय और ऋग्वेद का प्रणयन–काल और भी पहले मानना संगत होगा।[4] सम्भावना है कि सुमेरियनों ने ऋग्वेद के प्रणयनकाल के बाद ही किसी समय जल प्लावन की कथा ऋग्वैदिकों की संततियों (सम्भवतः मत्स्यों अर्थात् मत्स्य जनपदवासी बहिर्गामी आर्यों) से पायी होगी।[5] विश्व के अन्य देशों में देवतन्त्र के विकास एवं जलप्लावन की कथा सुमेरिया से फैली होगी।

**कूर्मावतार –**

भगवान विष्णु के प्रख्यात दशावतारों में द्वितीय कूर्मावतार है। भागवत–निर्दिष्ट बाइस अवतारों की अनुक्रमणिका में यह ग्यारहवें स्थान पर आसीन है। पुराख्यानकों के अनुसार अमृत की प्राप्ति हेतु जब देवासुर मिलकर नागराज वासुकी को रस्सी बनाकर समुद्र–मंथन की घटना को अंजाम दिये उस समय भगवान विष्णु ने कूर्म–रूप धारण कर मन्दराचल पर्वत को अपनी पीठ पर धारण किया था। पुराणों[6] में कूर्म को भगवान विष्णु का अवतार कहा गया है। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार कूर्म प्रजापति का रूपान्तरण है। प्रजापति ने अपत्यों की सृष्टि करते समय कूर्म रूप धारण किया था– स यत् कूर्मो नाम। एतद्वै रूपं कृत्वा प्रजापतिः प्रजाः असृजत।[7] 'कूर्म' को स्पष्ट करते हुए कहा गया है– यदसृजत अकरोत् तत् यद करोत् तस्मात् कूर्मः। कश्यपो वै कूर्मः। तस्मादाहुः सर्वाः प्रजाः काश्यत्य इति।[8] कूर्म का दूसरा नाम कश्यप है। इसी कारण सारी प्रजा कश्यप की सन्तान कहलायी। पाश्चात्यों के अनुसार भी कूर्मावतार का यही स्रोत है।[9]

तस्य यदधरं कपालम्। अयं सः लोकः। तत्प्रतिष्ठितमिव भवति।
प्रतिष्ठित इव हययं लोकः।[10]

तैत्तिरीय आरण्यक में इसी विषय से सम्बन्धित एक घटना का जिक्र है। एक बार कूर्म और प्रजापति में बहस हो गयी। प्रजापति ने कहा– 'तू मेरी त्वचा और मांस से उत्पन्न हुआ है। इस कारण पुरुष मैं हूँ।' प्रतिवाद करते हुए कूर्म ने कहा– 'मैं तुमसे भी पहले था, इस कारण मैं 'पुरुष' हूँ। अन्ततः प्रजापति को कूर्म की महत्ता स्वीकार करनी पड़ी। प्रजापति कूर्म की महत्ता स्वीकार कर उनसे अपत्य–सृष्टि हेतु आग्रह करते हैं।' तदुपरान्त कूर्म सृष्टि करता है–

....स तपोऽतप्यत। स तपस्तप्त्वा। शरीरमधूनुतातस्य यन्मां समासीत।। ....... यो रसः। सोऽयाम्। अन्तरतः कूर्म भूतं सर्पन्तम् तमब्रवीत्। पूर्वमेवाहमिहासमिति। तत् पुरुषस्य पुरुषत्वम्। स सहस्रशीर्षा पुरुषः। सहस्राक्षः सहस्रपात। भूत्वोदतिष्ठत्। तमब्रवीत्। त्वं वे पूर्वं समभूत त्वमिदं कुरुष्वेति।[11] निश्चित रूप से कूर्म द्वारा अपत्य–सृष्टि एक महत्वपूर्ण घटना है। कूर्म को प्राणतत्व अर्थात् प्राणियों की चेतनाशक्ति भी घोषित किया गया है।

**वराह अवतार –**

भगवान विष्णु के प्रख्यात अवतारों में तीसरा और भागवत–निर्दिष्ट बाइस अवतारों में दूसरा[12] वराह अवतार है। कहा गया है कि रसातलगता पृथ्वी को लोककल्याण हेतु ऊपर निकाल लाने के विचार से यज्ञेश (प्रजापति ब्रह्मा/विष्णु) ने वराह रूप ग्रहण किया।[13] यह अवतार–कला हमें वैदिक साहित्य में प्राप्त होता है। वैदिक साहित्य के अनुसार मत्स्य और कूर्म की तरह वराह भी प्रजापति का ही रूपान्तरण है। वराह के स्वरूप को यज्ञमय माना गया है। इसी कारण इसकी सामान्य संज्ञा 'यज्ञवराह' से दी गयी है। कई पुराणों में यज्ञमय वराह द्वारा पृथ्वी के उद्धार की कथा के साथ हिरण्याक्ष–वध का भी जिक्र मिलता है। शतपथ ब्राह्मण[14] में वराह को लोककल्याण में रत परम सामर्थ्यशाली शक्ति एवं पृथ्वीपति कहा गया है। इस सन्दर्भ में तैत्तिरीय संहिता में कहा गया है कि सृष्टिपूर्व सब जलमग्न था। सर्वत्र अपार जलराशि विचरण करती थी। एक दिन प्रजापति वायुरूप धारण कर भ्रमण के लिए निकले। उनकी नजर जलमग्न पृथ्वी पर पड़ी। पृथ्वी की कष्टदायी दशा उनसे देखी न गयी। अतः उन्होंने वराहरूप धारण कर उसे ऊपर उठाया। पुनः विश्वकर्मा रूप धारण कर उसे अच्छी तरह से पोंछा और दबाया। दबाये जाने की वजह से पृथ्वी थोड़ी चपटी हो गयी। आपो वा इदमग्रे सलिलमासीत्। तस्मिन् प्रजापतिः वायुः भूत्वा अचरत्। सा इमामपश्यत्। तां वराहो भूत्वा अहरत्। तां विश्वकर्मा भूत्वा व्यमार्तृ। सा अप्रथत्। सा पृथिव्यभवत्। तत् पृथिव्यै पृथिवित्वम्।[15] तैत्तिरीय ब्राह्मण[16] और तैत्तिरीय आरण्यक[17] में इस कथा को और अधिक विस्तार मिला है। तैत्तिरीय आरण्यक में पृथ्वी के उद्धारक वराह के सौ हाथों की संकल्पना की गयी है–

उद्धृतासि वराहेण कृष्णेन शतबाहुना।[18]

अपने सैकड़ों हाथों का प्रयोग कर वराह ने पृथ्वी को अपार जलराधि से अविलम्ब बाहर निकाला। उसे पोंछा और दबाया पुनः अपत्यों की सृष्टि की।

**नृसिंह अवतार –**

भगवान विष्णु के प्रख्यात अवतारों में चौथे स्थान पर आसीन एवं भागवत–निर्दिष्ट बाइस अवतारों में चौदहवें स्थान पर विराजमान नृसिंह अवतार का विशेष महत्व है। इसकी कथा भी काफी रोचक है। कहा जाता है, कश्यप नामक ऋषि एवं उनकी पत्नी दिति को दो पुत्र हुए जिनमें से एक का नाम 'हिरण्याक्ष' तथा दूसरे का 'हिरण्यकशिपु' था। हिरण्याक्ष को भगवान विष्णु ने पृथ्वी की रक्षा हेतु वराह रूप धरकर मार दिया था। अपने भाई की मृत्यु से दुखी और क्रोधित हिरण्यकशिपु ने भाई की मृत्यु का प्रतिशोध लेने के लिए अजेय होने का संकल्प लिया।

सहस्रों वर्ष तक उसने कठोर तप किया। उसकी तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मा जी ने उसे अजेय होने का वरदान दिया। ब्रह्मा जी से ऐसा वरदान पाकर हिरयण्कश्यप ने प्रभुभक्तों पर अत्याचार करना शुरू कर दिया, लेकिन भक्त प्रह्लाद के जन्म के बाद हिरण्यकश्यप उसकी भक्ति से भयभीत हो जाता है, उसे जान से मार देना चाहता है। भक्त पर हो रहे अत्याचार से दुखी भगवान विष्णु ने नृसिंह का रूप धारण कर उसका सीना वैसे ही चीर डाला, जैसे चटाई बनाने वाला सींक को चीर डालता है।[19] मत्स्य एवं वायु पुराण में उनके जन्म लेने के संकेत मिलते हैं। कहा गया है कि चौथे तामस मन्वन्तर में देवताओं के विपत्तिग्रस्त होने पर हिरण्यकशिपु का वध करने के लिए समुद्र–तट पर नृसिंह सम्भूत हुए।[20] हॉपकिन्स के अनुसार नृसिंह शब्द पहले विष्णु के पराक्रम की श्रेष्ठता का बोधक विशेषण भर था, जिससे कालान्तर में विष्णु के नृसिंह अवतार की कल्पना विकसित हुई।

**5. वामन अवतार –**

भगवान विष्णु के प्रख्यात अवतारों में पाँचवां और भागवत–वर्णित बाइस अवतारों में पन्द्रहवाँ वामन अवतार माना गया है। यह भगवान विष्णु का मानव रूप अवतार है। इनको दक्षिण भारत में उपेन्द्र के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक आख्यानों में कहा गया है कि एक बार दैत्यराज बलि ने इन्द्र को परास्त कर स्वर्ग पर अधिकार कर लिया। पराजित इन्द्र की दैनिक स्थिति को देखकर उनकी माँ अदिति बहुत दुःखी हुई। उन्होंने अपने पुत्र के उद्धार के लिए भगवान विष्णु की आराधना की। भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु प्रकट हुए और अदिति से बोले – देवी! चिन्ता मत करो। मैं तुम्हारे पुत्र के रूप में जन्म लेकर इन्द्र को उसका खोया राज्य दिलाऊँगा। समय आने पर उन्होंने आदिति के गर्भ से वामन रूप में अवतार लिया।

एक दिन उन्हें पता चला कि राजा बलि स्वर्ग पर स्थायी अधिकार जमाने के लिए अश्वमेध यज्ञ कर रहा है। यह सुनकर वामन वहाँ पहुँचे। उनके तेज से यज्ञशाला प्रकाशित हो उठी। बलि ने उन्हें एक उत्तम आसन पर बिठाकर उनका सत्कार किया और अन्त में उनसे भेंट माँगने के लिए कहा। पर वामन चुप रहे। लेकिन जब बलि उनके पीछे पड़ गया तो उन्होंने अपने कदमों के बराबर तीन पग भूमि भेंट में माँगी। बलि ने उनसे और अधिक माँगने का आग्रह किया, लेकिन वामन अपनी बात पर अड़े रहे। इस पर बलि ने हाथ में जल लेकर तीन पग भूमि देने का संकल्प ले लिया। संकल्प पूरा होते ही वामन का आकार बढ़ने लगा और वे वामन से विराट हो गये। उन्होंने एक पग से पृथ्वी और दूसरे से स्वर्ग नाप लिया। तीसरे पग के लिए बलि ने अपना मस्तक आगे कर दिया। वह बोला–प्रभु, सम्पत्ति का स्वामी सम्पत्ति से बड़ा होता है। तीसरा पग मेरे मस्तक पर रख दें। सब कुछ गंवा चुके बलि को अपने वचन से न फिरते देख वामन प्रसन्न हो गये। उन्होंने ऐसा ही किया और बाद में उसे पाताल का अधिपति बना दिया और देवताओं को उनके भय से मुक्ति दिलाई।[21] वामन अवतार का स्रोत वैदिक साहित्य है। वैदिकोत्तर साहित्य में वर्णित वामन–अवतार कथा की बुनावट में तीन मुख्य तथ्य हैं– देवों की सहायता करना, वामन का विराट बनना और तीन पगों से सम्पूर्ण लोक का आच्छादन कर लेना। ये तीनों वैशिष्ट्य ऋग्वेद–वर्णित विष्णु में प्राप्त हैं।

**परशुराम अवतार –**

भगवान विष्णु के प्रख्यात अवतारों में छठां और भागवत–निर्दिष्ट बाइस अवतारों में सोलहवाँ[22] अवतार परशुराम अवतार है। परशुराम त्रेतायुग में एक ब्राह्मण ऋषि के यहाँ पैदा हुए। पौराणिक वृत्तान्तों के अनुसार उनका जन्म महर्षि भृगु के पुत्र महर्षि जमदग्नि द्वारा सम्पन्न पुत्रेष्टि यज्ञ से प्रसन्न देवराज इन्द्र के वरदान स्वरूप पत्नी रेणुका के गर्भ से वैशाख शुक्ल तृतीया को मध्य प्रदेश के इन्दौर जिला में ग्राम मानपुर के जनापाव पर्वत पर हुआ। वे भगवान विष्णु के आवेशावतार हैं। पितामह भृगु द्वारा सम्पन्न नामकरण संस्कार के अनन्तर राम कहलाये। वे जमदग्नि का पुत्र होने के कारण जामदग्न्य और शिवजी द्वारा प्रदत्त परशु धारण किये रहने के कारण परशुराम कहलाये। आरम्भिक शिक्षा महर्षि विश्वामित्र एवं ऋचीक के आश्रम में प्राप्त होने के साथ ही महर्षि ऋचीक से शरङ्ग नामक दिव्य वैष्णव धनुष और ब्रह्मर्षि कश्यप से विधिवत अविनाशी वैष्णव मन्त्र प्राप्त हुआ। तदनन्तर कैलाश गिरिश्रृंग पर स्थित भगवान शंकर के आश्रम में विद्या प्राप्त कर विशिष्ट दिव्यास्त्र विधुदभि नामक परशु प्राप्त किया। शिवजी से उन्हें श्रीकृष्ण का त्रैलोक्य विजय कवच, स्तवराज स्त्रोत एवं मन्त्र कल्पतरु भी प्राप्त हुए। चक्रतीर्थ में किये कठिन तप से प्रसन्न हो भगवान विष्णु ने उन्हें त्रेता में रामावतार होने पर तेजोहरण के उपरान्त कल्पान्त पर्यन्त भूलोक पर

तपस्यारत रहने का वर दिया। वे शास्त्रविद्या के महान गुरु थे। उन्होंने भीष्म, द्रोण व कर्ज को शस्त्रविद्या प्रदान की थी। उन्होंने कर्ण को अभिशाप भी दिया था। वे पुरुषों के लिए आजीवन एक पत्नीव्रत के पक्षधर थे। उन्होंने अत्रि की पत्नी अनसूया, अगस्त्य की पत्नी लोपामुद्रा व अपने प्रिय शिष्य अकृतवण के सहयोग से विराट नारी—जागृति—अभियान का संचालन भी किया था।

उनके संदर्भ में यह भी कहा जाात है कि जब क्षत्रिय आर्य—मर्यादा का उल्लंघन करने लगे। ब्राह्मण—द्रोही हो गये। साथ ही पृथ्वी के लिए कण्टक साबित हुए, तब भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में अवतीर्ण होकर अपने तीक्ष्ण परशु से इक्कीस बार उनका संहार किया।[23] मत्स्यपुराण की गणना में भी ये छठें अवतार सिद्ध हुए हैं, जो उन्नीसवें त्रेता युग में हुए थे तथा विश्वामित्र इनके यज्ञ—पुरोहित थे—

एकोनविंश्यां त्रेतायां सर्वक्षत्रान्तकृद् विभुः।
जामदग्न्यस्तथा षष्ठो विश्वामित्र पुरः सरः।।[24]

भारतीय मान्यता के अनुसार परशुराम, राम, कृष्ण, बुद्ध आदि की तरह एक ऐतिहासिक पुरुष है। हमारा वैदिक साहित्य उन्हें मान्यता प्रदान करता है।

**राम अवतार —**

भगवान विष्णु के प्रख्यात अवतारों में सातवाँ और भागवत—निर्दिष्ट बाइस अवतारों में अट्ठारहवाँ अवतार रामावतार माना गया है। रामायण में वर्णन के अनुसार अयोध्या के सूर्यवंशी राजा, चक्रवर्ती सम्राट दशरथ ने पुत्र की कामना से यज्ञ कराया जिसके फलस्वरूप उनके पुत्रों का जन्म हुआ। श्रीराम का जन्म देवी कौशल्या के गर्भ से अयोध्या में हुआ था। श्रीराम जी चारो भाईयों में सबसे बड़े थे। हर वर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को श्रीराम जयन्ती या रामनवमी का पर्व मनाया जाता है। श्रीराम का जीवनकाल एवं पराक्रम महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित संस्कृत महाकाव्य रामायण के रूप में वर्णित हुआ है। रामायण में सीता की खोज में श्रीलंका जाने के लिए 48 किलोमीटर लम्बे और 03 किलोमीटर चौड़े पत्थर के सेतु का निर्माण करने का उल्लेख प्राप्त होता है, जिसको रामसेतु कहते हैं।

देवकार्य सम्पन्न करने की इच्छा से विष्णु ने राम रूप में अवतरित हो सेतु—बन्धन, रावण—वध आदि शौर्यपूर्ण कार्य किये।[25] भारतीय मनीषा राम को इक्ष्वाकुवंशीय ऐतिहासिक पुरुष स्वीकार करती है। उनका समय मोटे तौर पर साढ़े चार हजार वर्ष खिस्तपूर्व स्वीकार किया जाता है।[26] इसके विपरीत भारत में अद्यावधि उपलब्ध पुरातात्विक साक्ष्यों और साहित्यिक सन्दर्भों के आधार पर यूरोपीय पण्डितगण एवं उनके द्वारा बनायी गयी लीक का अनुसरण कर अध्ययन को नयी दिशा देने वाले आधुनिक भारतीय अध्येताओं के शोध—निष्कर्ष राम की ऐतिहासिक सत्ता को खिस्तपूर्व प्रथम सहस्राब्दी से पूर्व मानने में अक्षम सिद्ध होते रहे, पर अब स्थिति परिवर्तित होती दिख रही है।[27] वैदिक साहित्य में रामकथा के कई प्रमुख पात्रों के नाम मिलते तो हैं, पर उनमें पारम्परिक सम्बन्ध स्थापित नहीं किया जा सकता है। पुनः असन्दिग्ध रूप से यह भी नहीं कहा जा सकता कि वैदिक काल में राम सम्बन्धी गाथा लोक में प्रचलित थी[28] किन्तु गीता के प्रणयन काल[29] तक राम की शौर्यपूर्ण गाथाएँ इतनी अधिक लोकप्रियता प्राप्त कर चुकी होंगी कि वेद बाह्य परम्परा के साहित्य में भी उनके लिए कतिपय पृष्ठ सुरक्षित होने लगे थे। राम

इक्ष्वाकुवंशीय थे। अतः अनुमान करना असंगत नहीं होगा कि राम सम्बन्धी गाथा की उत्पत्ति इक्ष्वाकुवंश से हुई होगी और वह इस वंश के गाथा–गायकों (सूतों) द्वारा ही सर्वप्रथम गेय बनी होगी। इसकी पुष्टि रामायण से भी होती है–

इक्ष्वाकूणामिदं तेषां राज्ञां वंशे महात्मनाम्।
महदुत्पन्नमाख्यानं रामायणमिति श्रुतम्।।[30]

वे गाथाएँ कुशीलवों द्वारा प्रचारित हुई होंगी। गीता[31] के प्रणयनकाल तक उसे पर्याप्त लोकप्रियता मिल चुकी थी। उनकी प्रसिद्धि के साक्ष्य यूरोपीय देशों में भी प्राप्त हुए हैं।

**कृष्ण/बलराम अवतार –**

विष्णु के प्रख्यात अवतारों में आठवें (प्राचीन उल्लेखों में नौवें) और भागवत–निर्दिष्ट बाइस अवतारों में बलराम उन्नीसवें तथा कृष्ण बीसवें स्थान पर आसीन हैं। दोनों ही भगवान विष्णु के अवतार माने गये हैं। कहा जाता है कि भगवान विष्णु बलराम और कृष्ण के रूप में अवतार लेकर पृथ्वी का भार उतारा।[32] बलराम और कृष्ण, दोनों भगवान विष्णु के क्रमशः सफेद और काले केशावतार कहे गये हैं। ये विष्णु पुराण में अन्यत्र भी वासुदेव के अंश कहे गये हैं[33] – भगवद्वासुदेवांशों द्विधा पाऽप व्यवस्थितः।[34] पाचरात्र शास्त्रों के अनुसार बलराम वासुदेव के व्यूह या स्वरूप हैं। उनको श्रीकृष्ण का अग्रज और शेष का अवतार माना जाता है। जैन धर्म के अनुसार उनका सम्बन्ध तीर्थंकर नेमिनाथ से है। भारतीय समाज में इनका पूजन बहुत पहले से चला आ रहा है।

महाभारत के मोक्ष धर्म–पर्व में भीष्म ने युधिष्ठिर को बताया है कि श्रीकृष्ण नारायण के चतुर्थांश हैं और अपने उस चतुर्थांश से ही तीनों लोकों की रचना करते हैं।[35] उपर्युक्त तथ्यों से ऐसा प्रतीत होता है कि प्रारम्भ में कृष्ण का परिगणन अंशावतार के रूप में ही होता था, किन्तु भागवत–निर्दिष्ट अवतारों की प्रथम सूची में समस्त अवतारों के वर्णन के उपरान्त इक्कीस अवतारों को अंशावतार एवं कृष्णावतार को पूर्णावतार कहा गया है–

एते चांशकलाः पुंसः कृष्णस्तु भगवान स्वयम्।[36]

वृष्णिवंशियों में विलक्षण व्यक्तित्व वाले कृष्ण को पहले अंशावतार कहा गया किन्तु सोलहों कलाओं से परिपूर्ण होने के नाते बाद में पूर्णावतार स्वीकारा गया। निश्चय ही यह परिवर्तन अतीव महत्वपूर्ण है।

**बुद्ध अवतार –**

भगवान बुद्ध विष्णु के दशावतारों में नवें और भागवत निदिष्ट बाइस अवतारों में इक्कीसवें अवतार माने जाते हैं। कहा गया है कि कलियुग के आने पर 'कीकट' क्षेत्र में देवता–द्वेषी दैत्यों को मोहित करने के लिए जिनके पुत्र (जिनसुतः, पाठान्तर– 'अजनसुतः') रूप में बुद्ध का अवतार होगा। भागवत पुराण की दूसरी सूची में बुद्ध को उपधर्म का प्रचारक कहा गया है।[37]

मत्स्य पुराण के अनुसार धर्म की विशेष रूप से स्थापना और असुरों का विनाश करने के लिए विष्णु नवें अवतार में बुद्ध नाम से अवतीर्ण हुए। उनके नेत्र कमल के समान थे। सुन्दर उनके सहचर रूपवान थे। द्वैपायन उनके पुरोहित थे।[38] गरुड़ पुराण में बुद्ध अवतार का प्रयोजन देवों के शत्रु दैत्यों को मोहित कर देवों की रक्षा और अधर्म का नाश करना बताया गया है।[39] उन्हें पाखण्डों के संघात से रक्षा करने वाला बताया गया है।[40] अग्निपुराण[41] में बुद्धावतार के वर्णन में कहा गया है कि देवासुर संग्राम में देवता पराजित हो गये। राक्षस उग्रह होते जा रहे थे। देवताओं के पास कोई विकल्प शेष नहीं था। अतः वे सब 'रक्षा करो', 'रक्षा करो' चिल्लाते हुए विष्णु की शरण में

गये। ईश्वर ने माया—मोह रूप में शुद्धोधन—पुत्र बनकर उनके कष्ट दूर करने का आश्वासन दिया। वचनानुसार भगवान विष्णु बुद्ध नाम से अवतरित हुए। उन्होंने दैत्यों को मोहित कर वैदिक धर्म से विमुख कर दिया। भविष्य पुराण[42] में भी उनके सन्दर्भ में यही कहा गया है।

भारतीय समाज में भगवान बुद्ध के जीवन—वृत्त की एक रोचक कथा विद्यमान है। कहा जाता है कि इनका जन्म इक्ष्वाकु वंशीय क्षत्रिय शाक्य कुल के राजा शुद्धोधन के घर में हुआ था। उनकी माँ का नाम महामाया था, जो कोलीय वंश से थी, बुद्ध के जन्म के सात दिन बात उनका निधन हो गया। उनका पालन बुद्ध की छोटी मौसी महाप्रजापति गौतमी ने किया। 29 वर्ष की आयु में सिद्धार्थ का विवाह हुआ। कुछ दिन पश्चात् पुत्र राहुल का जन्म हुआ। संसार से उदास भगवान बुद्ध शिशु राहुल और धर्मपत्नी यशोधरा को त्यागकर संसार को जरा, मरण एवं दुखों से मुक्ति दिलाने के मार्ग तथा सत्य दिव्य ज्ञान की खोज में अर्द्धरात्रि में राजपाट का मोह त्यागकर वन की ओर चले गये। वर्षों की कठोर साधना के पश्चात् बोधगया (बिहार) में बोधि वृक्ष के नीचे उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई और वे सिद्धार्थ गौतम से भगवान बुद्ध बन गये। उनका मानना था सभी प्राणी दण्ड से डरते हैं और सबको जीवनप्रिय है। इसलिए सबको अपने समान समझकर न किसी की हिंसा करें और न किसी को हिंसा के लिए प्रेरित करें।

**कल्कि अवतार –**

भगवान विष्णु के प्रख्यात अवतारों में दसवां और भागवत–निर्दिष्ट अवतारों में बाइसवाँ अवतार कल्कि अवतार माना गया है। कल्क का शाब्दिक अर्थ दम्भ, पाप इत्यादि है अर्थात् भगवान विष्णु का यह स्वरूप दम्भ, पापदि का विनाशक है। इस अवतार का सर्वप्रथम वर्णन हमें महाभारत में मिलता है। भगवान विष्णु के समस्त अवतारों में यह सर्वथा भिन्न है। सम्प्रति इसकी पूजा–उपासना कहीं नहीं होती।

अवतार–कथाओं[43] में सर्व सहमति है कि कल्कि अवतार भविष्य में होने वाला है। कहा गया है कि कलियुग का अन्तिम समय उपस्थित होने पर जब राजा लुटेरे हो जायेंगे, जब अधर्म चरमसीमा पर होगा, तब जगत्पति लोक हितार्थ कल्कि रूप में अवतरित होंगे। उनका वर्ण हरित–पिंगल (हरा और भूरा) होगा। अवतरित होने का स्थान संभल नामक ग्राम (मुरादाबाद जिला?) उल्लिखित है।[44] कई कथाओं में विष्णुपशा कल्कि के पिता कहे गये हैं[45]– किन्तु वायुपुराण एवं मत्स्यपुराण में कल्कि 'पाराशर्य' अर्थात् पराशर के पुत्र माने गये हैं।[46] कई कथाओं में विष्णुपशा कल्कि को ही कहा गया है।[47] कल्कि के पुरोहित याज्ञवल्क्य कहे गये हैं।[48] कतिपय विद्वानों के अनुसार वायु और मत्स्यपुराणों में उल्लिखित पराशर भी कल्कि के पुरोहित ही हैं, पिता नहीं। उनके घोड़े का नाम देवदत्त है।[49] वैसे तो कल्कि अवतार का वर्णन कई पुराणों में मिलता है, किन्तु कल्कि–उपपुराण।[50] इस पर सर्वाधिक प्रकाश डालता है। उसमें यह कथा उन्नीस अध्यायों में वर्णित है।

## सन्दर्भ सूची


1- शेषाद्रि आर०के०— एबाइडिंग ग्रेस, पृ0 111—12.

2- इतिहास दर्शन — रामविलास शर्मा, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ0 19—20.

3- पश्चिमी एशिया और ऋग्वेद — डॉ० रामविलास शर्मा, हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय दिल्ली, पृ0 165—67.

4- मार्शल — श्री लक्ष्मी, पृ0 194.

5- हड़प्पा सभ्यता और वैदिक साहित्य — भगवान सिंह, राधाकृष्ण प्रकाशन, नई दिल्ली, खण्ड—2, पृ0 20.

6- विष्णु पुराण — 1/9/75—91, अग्नि पुराण—3/1—8; गरुड़ पुराण — 1/142/2—4.

7- शतपथ ब्राह्मण — 7/5/1/5.

8- शतपथ ब्राह्मण — 7/5/1/5.

9- कीथ — रिलीजन एण्ड फिलासफी, भाग—01, पृष्ठ—112, मैकडॉनल — जर्नल ऑफ रॉयल एशियाटिक सोसायटी, भाग—27 (1897), पृ0 166—168.

10- शतपथ ब्राह्मण — 7/5/1/2.

11- तैत्तिरीय आरण्यक — 1/23/2—4

12- भागवतपुराण—2/7/1.

13- भागवतपुराण—1/3/7, गुरुड़ पुराण—1/1/15.

14- शतपथब्राह्मण— 14/1/2/11.

15- तैत्तिरीय संहिता — 7/1/5/14.

16- तैत्तिरीय ब्राह्मण — 1/1/3/5.

17- तैत्तिरीय आरण्यक — 1/1/30.

18- पद्मपुराण — 1/20/156.

19- भागवतपुराण— 1/3/18, गरुड़ पुराण 1/1/26, मत्स्य पुराण—47/46.

20- मत्स्य पुराण— 47/238—39.

21- भागवत पुराण—1/3/19, गरुड़ पुराण— 1/1/27.

22- भागवत पुराण— 1/3/20, गरुड़ पुराण—1/1/28.

23- भागवतपुराण—2/7/22.

24- मत्स्य पुराण—47/244.

25- गरुड़ पुराण—1/1/30.

26- शर्मा, रामविलास— भारतीय संस्कृति और हिन्दी प्रदेश, जिल्द—02, पृ0 653.

27- ठाकुर प्रसाद वर्मा— अयोध्या एवं श्रीराम जन्मभूमि : एक सिंहावलोकन, श्रीराम विश्वकोश, प्रथम खण्ड, पृ0—726.

28- ऋग्वेद — 10/93/14.

29- एस० राधाकृष्ण – इण्डियन फिलॉसफी, वाल्यूम–01, पृ0 522–25.

30- रामायण – 1/5/3.

31- गीता, पृ0–14.

32- भागवतपुराण– 1/3/23, गरुड़ पुराण–1/1/31.

33- महाभारत– 1/196/31–31; विष्णु पुराण–5/1/60–61; भागवतपुराण– 2/7/26.

34- विष्णु पुराण – 5/17/26.

35- महाभारत 12/280/62.

36- भागवतपुराण–1/3/28.

37- भागवतपुराण– 2/7/37.

38- मत्स्यपुराण – 47/247.

39- गरुड़ पुराण– 1/145/40–41.

40- गरुड़ पुराण – 1/196/11.

41- अग्नि पुराण–16/1–4.

42- भविष्य पुराण – 4/12/26–29.

43- महाभारत – 3/190/93–97; हरिवंशपुराण – 1/41/164–169; मत्स्यपुराण 47/248–55; ब्रह्मपुराण 213/164–65

44- ब्रह्मपुराण – 213/164; हरिवंशपुराण – 1/41/164; भागवत्पुराण 12/2/18.

45- अग्निपुराण – 19/8; भागवतपुराण – 1/3/25.

46- वायुपुराण – 98/104, मत्स्यपुराण – 47/248.

47- महाभारत – 31/190/93; हरिवंशपुराण –'1/41/164.

48- अग्निपुराण – 16/8, मत्स्यपुराण – 47/248, हरिवंशपुराण– 1/41/165.

49- भागवतपुराण – 12/2/19.

50- कल्कि उपपुराण – 3/1/19.

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2019 SHISRRJ | Volume 2 | Issue 4 | ISSN : 2581- 6306

# बाल श्रम प्रतिषेध अधिनियम का विश्लेषणात्मक अध्ययन



डॉ0 संदीप कुमार
असि0 प्रोफेसर, समाजशास्त्र,
इं0 सि0 स्व0 सं0से0 राजकीय महाविद्यालय, पचवस
बस्ती, उत्तर प्रदेश, भारत।

**सारांश–** कानून को इस युक्तियुक्त आधार वाक्य पर बनाया गया था कि, क्योंकि निर्धनता के मूल कारण को रातोंरात मिटाया नहीं जा सकता तो (उसका व्यवहारिक उपागम यह है कि, 'बाल श्रम' के व्यवसाय का नियंत्रित कर दिया जाए। इसके अनुसार 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों को संगठित खण्ड के चुनिन्दा क्षेत्रों में नौकर रखने की अनुमति प्रदान कर दी गई और उसके साथ–साथ उनकी 'शिक्षा' एवं 'मनोरंजन' की सुविधाओं का भी प्रावधान किया गया।

**मुख्यशब्द–** कानून,बाल, श्रम, प्रतिषेध, अधिनियम, आधार, व्यवसाय, निर्धनता, श्रमिक, कल्याण।

बाल नियोजन अधिनियम–1938' में 'बाला – श्रमिकों' के कल्याण के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किया गया था (उन्हें प्राप्त नहीं किया जा सका। उक्त अधिनियम कों 1986 में समाप्त कर दिया गया और उसके स्थान पर 'बाल श्रम (प्रतिषेध एवंविनियमन) अधिनियम–1986' पारित किया गया जिसका उद्देश्य यह रखा गया कि, कुछ उद्योगों में बच्चों की नियुक्ति स्वीकार करते हुए, उनमें 'श्रमिकों' की दशाओं को व्यवस्थित एवं नियमन कर दी जाय। क्योंकि अधिनियम में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि, इस अधिनियम के अन्तर्गत जो भी नियमावली बनायी गयी है वे 'कारखाना अधिनियम–1948' एवं 'बाजार श्रम अधिनियम–1952' के अतिरिक्त हैं। इस अधिनियम के मुख्य प्रावधान निम्लिखित है–

1. यह अधिनियम प्रशिक्षण केन्द्र तथा ऐसे उद्योगों पर लागू नहीं होता जिसे एक ही परिवार के सदस्य मिलकर चला रहे हैं।
2. इस अधिनियम के अन्तर्गत एक 'श्रम तकनीकी सलाहकार समिति' कीस्थापना की व्यवस्था की गयी है जिनका उद्देश्य इस अधिनियम की सूची में न दिये गये हो। परन्तु इसके लिए राज्य सरकार जनसाधारण को कम से कम तीन माह पूर्व नोटिस अवश्य देगी।

3. 14 वर्ष से कम उम्र का श्रमिक 'बाल–श्रमिक' कहलायेगा।

4. इस अधिनियम के अनुसार किसी भी 'बाल–श्रमिक' से प्रतिदिन 6 घण्टे से ज्यादा काम नही लिया जा सकता और इस कार्य अवधि में भी प्रथम 3 घण्टे के पश्चात् एक घण्टे का मध्यान्तर होगा और सप्ताह में एक दिन का अवकाश रखा जायेगा।

5. किसी भी 'बाल–श्रमिक' से शाम को 7 बजे के पश्चात् एवं प्रातः 8:00 बजे से पूर्व कार्य नहीं लिया जा सकता, और न ही किसी 'बाल–श्रमिक' से ओवर–टाईम कराया जा सकता है। 'राज्य सरकार' को 'बाल–श्रमिकों' के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के संबंध में नियमावली बनाने की शक्ति प्रदान की गई है।

6. इस अधिनियम के किसी भी प्रावधान का उल्लेघन करने की दशा में 3 माह से एक वर्ष तक की सजा एवं 20,000 हजार रूपये तक के जुर्माने के दण्ड का प्रावधान है। अधिनियम के खण्ड ख में जो अनुसूची दी गयी है उसमें भवन निर्माण से संबधित उद्योग को भी जोड़ दिया गया है।

7. अधिनियम की धारा–3 के अनुसार निम्नलिखित पेशे में 'बाल–श्रमिक' को नियोजत नही किया जा सकेगा–

- यात्री तथा सामान का परिवहन तथा रेलवे मेल।
- रेलवे परिसर के अन्तर्गत राख की भराई, सफाई एवं भवन निर्माण कार्य।
- रेलवे स्टेशन पर किसी जलपान गृह में नियोजन जिसके अन्तर्गत 'वेन्डर कर्मचारी' तथा प्रतिष्ठा के कर्मचारी द्वारा विक्रय के लिए एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर आना–जाना हो।
- रेलवे स्टेशन पर बनाये जाने से सम्बंधित कार्य या कोई ऐसा कार्य जो लाईन के बीच में किया जा रहा हो, किसी पोर्ट की सीमा में किसी पोर्ट प्राधिकारी के अन्तर्गत कोई कार्य।

अधिनियम की धारा–3 के अनुसुसार किसी ऐसे कार्यशाला में 'बाल–श्रमिक' को नहीं लगाया जा सकता जहाँ निम्न कार्य हो रहा हो

1. बीड़ी बनाया जाना।
2. दरी की बुनाई।
3. सीमेण्ट का निर्माण तथा उसे बोरे में भरा जाना।
4. कपड़े की छपाई, धुलाई एवं बुनाई।
5. माचिस का निर्माण या अन्य कोइ बारूद का कार्य।
6. अभ्रक की कटाई एवं उसकी कुटाई।
7. लाख का निर्माण।
8. साबुन का निर्माण

9. चर्मकारी।

10. लकड़ी की सफाई।

11. भवन एवं निर्माण उद्योग।

धारा–3 अधिनियम की अनुसूची भाग 'ए' व 'बी' में उल्लिखित व्यवसायों/प्रक्रियाओं में बच्चों का नियोजन 'वर्जित' है। जबकि अनुसूची के भाग 'ए' व 'बी' के अतिरिक्त नियोजनों में उनकी कार्यदशाओं को विनियमित करता है। भारत सरकारकी अद्यतन, अधिसूचना के अनुसार 'ए' में अब 13 व्यवसाय तथा अनुसूची 'बी' में कुल 57 प्रक्रियाओं में 'बाल श्रम' का उपयोग 'वर्जित' है। जबकि 'बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम–1986' (1986 का 6) की अनुसूची में आगे संशोधन करने में सम्बन्धित प्रस्ताव के प्रारूप को 'बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम–1986' (1986 का 61) की धारा–4 की अपेक्षानुसार भारत के राजपत्र आसाधारण, भाग 1 खण्उ–3– उपखण्ड–1 में दिनांक 10 जुलाई, 2006 को भारत सरकार के 'श्रम और रोज़गार मंत्रालय' की दिनांक 10 जूलाई, 2006 की अधिसूचना संख्या का. आ. 1029 (अ) के अन्तर्गत प्रकाशित किया गया था। जिसमें उन सभी व्यक्तियों, जिनके इससे प्रभावित होने की संभावना है से उक्त अधिसूचना से संबधित सरकारी राजपत्र की प्रतियां आम जनता का उपलब्ध करवाये जाने की तारीख से तीन माह की अवधि के भीतर आपत्तियां और सुझाव मांगे गये थे। और जबकि उक्त राजपत्र आम जनता को 10 जुलाई 2006 को उपलब्ध

करवा दिया गया थ। और जबकि उक्त अधिसूचना के संबध में आम जनता को तीन माह की
उक्त अवधि के भीतर कोई आपत्तियाँ अथवा सूझाव प्राप्त नहीं हुए हैं।

अतः अब 'बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम–1986' (1986 का 61) की धारा–4 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए, 'केन्द्रीय सरकार', 'बाल श्रम' तकनीकी सलाहकार समीति की सिफारिशों पर एतद् द्वारा उक्त अधिनियम की अनुसूची में आगे संशोधन करने के लिए निम्नलिखित संशोधन करती है, तथा निर्देश देती है कि, वे 'सरकारी राजपत्र' में उनके प्रकाशन की तारीख से प्रवर्तन में आयेंगे।

## संशोधन

'बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम–1986' (1986 का 61) की
अनुसूची में भाग–क में व्यवसाय शीर्षक के अंतर्गत–
पद (13) के पश्चात् तथा उससे संबधित प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित
मदें तथा प्रविष्टि जोड़ी जायेगी अर्थात
पद (14) घरेलू श्रमिकों अथवा नौकरों के रूप में नियोजन
पद (15) ढ़ाबों और सड़कों के किनारे खान–पान के ठिकानों, रेस्त्रांओं,
होटलों, मोटलों, स्पा तथा अन्य मनोरंजन केन्द्रों में बच्चों का नियोजन।[27]

दण्ड : धारा–3 के उल्लंघन हेतू न्यूनतम 3 मास का कारावास अधिकतम् 1 वर्ष का कारावास या/और न्यूनतम् 10,000/– रूपये व अधिकतम् 20,000/– रूपये का जुर्माना।

1. उल्लघंन की पुनरावृत्ति पर यह दण्ड न्यूनतम् 6 माह का कारावास, अधिकतम् 2 वर्ष का कारावास।

2. अधिनियम के अन्य प्रावधानों के उल्लघन पर एक मास तक की सजा या और 1000/– रूपये तक जुर्माना।

विशेष :

1. बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम–1986 के अन्तर्गत श्रम विभाग में तैनात 'श्रम प्रवर्तन अधिकारी', 'सहाय/उपनिदेशक कारखाना', 'सहायक/उप/अपर श्रम आयुक्त', 'निरीक्षक' घोषित हैं। उक्त के अतिरिक्त समस्त 'परगना मजिस्ट्रेट' 'समस्त तहसीलदार', 'नायब तहसीलदार', समस्त 'खण्ड विकास अधिकारी', समस्त बेसिक शिक्षा अधिकारी' तथा समस्त 'सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी' भी उनकी अधिकारिता की सीमा के भीतर 'निरीक्षक' घोषित हैं।

2. उत्तर प्रदेश शासन की अधिसूचना दिनांक 18 मार्च 1997 के अनुसार, जिलाधिकारी (कलेक्टर) द्वारा गठित 'टोली' के सदस्यों को 'निरीक्षक' के अधिकार प्रदत्त हैं।

3. 'बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम–1986' की धारा–16 (1 के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति, पुलिस अधिकारी या इंस्पेक्टर सक्षम न्यायालय में मुख्य न्यायिक मलिस्ट्रेट न्यायालय परिवाद दायर कर सकता हैं बशर्ते उसके पास समुचित साक्ष्य होने चाहिए। महत्वपूर्ण : सर्वोच्च न्यायालय का ऐतिहासिक निर्णय 10.12. 1996 रिट 465/86–एम0सी0 मेहता बनाम तमिलनाडु राज्य व अन्य

## निर्णय/व्यवस्थायें

1. वर्जित व्यवसायों/ प्रक्रियाओं में 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को नियोजित करने वाले नियोजकों के विरूद्व) अभियोजन की कार्यवाही।

2. ऐसे नियोजकों से प्रति 'बाल–श्रमिक' रूपये 20,000 की दर से क्षतिपूर्ण की धनराशि वसूल कर 'बाल श्रम पुनर्वास एवं कल्याण निधि' में जमा कराना।

3. ऐसे 'बाल–श्रमिकों' को, विद्यालयों में प्रवेश कराना तथा निधि से अर्जित ब्याज दिया जाना।

4. ऐसे 'बाल–श्रमिकों' के परिवारों को रोज़गारपरक योजना से जोड़ना/लाभान्वित करना।

5. गैर वर्जित व्यवसायों/प्रक्रियाओं में कार्यरत बच्चों के सम्बन्ध में कार्य के घण्टे 4–5 सीमित करना उनकी 2 से 4 घण्टे की शैक्षिक व्यवस्था व शिक्षा व्यय का वहन नियोजक द्वारा करना। इस प्रकार अधिनियम द्वारा 'बाल–श्रमिकों' की सुरक्षा एवं उनके जीवन के सुधार कर बेहतर बनाने के लिए बड़े ही सजगता से इस अधिनियम के रूप में उपाय किये गये है। 'बाल श्रम (निषेध और नियमन) कानून–1986' ख्बीपसक संइवनत (च्तवीपइपजपवद ंदक त्महनसंजपवद ।बजए 1986), बनाने के बाद यह आशा जाग्रत हुई कि,

'बाल–श्रमिकों' के हालात व भाग्य सुधरेगें परन्तु इसने 'राज्य सरकारों' या 'केन्द्र सरकार' को सीमित रूप से भी किसी प्रकार का 'उद्देश्योन्मुखी' कार्य करने के लिए प्रेरित नही किया। इस उदासीनता को 'श्रम मंत्रालय' द्वारा अगस्त, 1987 में घोषित कार्य योजना का दुर्भाग्यपूर्ण परिणाम करता है, जबकि इस कार्य योजना को 'श्रम मंत्रालय' ने 'बाल श्रम की राष्ट्रीय नीति' का एक अत्यावश्यक अंग माना था। इस कानून को लागू करने के लिए बनाई गई योजना के अन्तर्गत दस परियोजना बनायी गई थी जिनमें फिरोज़ाबाद का 'काँच उद्यम' और शिवाकाशी का 'माचिस' बनाने का उद्यम जैसे अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में कल्याण के निवेशों को उपलब्ध कराना था। उनमें से केवल एक प्रायोगिक आधार पर आरम्भ किया गया है। यह मानते हुए कि, 'माचिस उद्योग' में ही यह अकेली परियोजना जारी है जिसे कार्य योजना से जोड़ दिया गया है, यह कहना उपयुक्त होगा कि इस नीति की घोषणा ने 'राज्य' और 'केन्द्र' सरकार के उत्तरदायित्व को प्रस्तुत करने से अधिक, कोई उपलब्धि प्राप् नही की है। यदि इस 'पायलट परियोजना', जो लगभग 1.75 करोड़ के 'बाल श्रम के केवल 30,000 को लाभान्वित करने के लिए बनाई गई थी, का यह भाग्य है तो इस कानून के अन्तर्गत शेष आने वाले 'बाल–श्रमिकों' का भाग्य 'असंगठित क्षेत्र' में 'अल्प वेतन पर परिश्रम कर रहे संख्या में, इनसे कहीं अधिक 'श्रमिकों' के भाग्य से कोई अधिक अच्छा नहीं होगा। उपरी तौर से इस कार्य योजना के बनाने के पीछे यह विचार था कि, ऐसे क्षेत्रों में जहाँ 'बाल श्रम' प्रचालित है, नये कानून और दूसरे कानूनों के संबधित प्रावधनों को जो बच्चों को प्रभवित करते हैं, कार्यान्वित करके एक शुरूआत की जाए। अब इन परियोजनाओं की असफलता से ऐसा लगता है कि, 'निर्धनता–विरोधी' कार्यक्रमों को समाज के उन खण्डों तक ले जाना, जहाँ से अधिकांश 'बाल–श्रमिकों' आते हैं की, योजना भी सफल नहीं हो पायेगी।

इन सीमा तक कानून का बनना अप्रभावी हो सकता है कि, वह उन बच्चों को सुरक्षा प्रदान नहीं कर पाया जो बढ़ती हुई ग्रामीण दरिद्रता और शहरी क्षेत्रों में जीवन संघर्ष करनें के कारण कमाई करनें के लिए बाध्य होते हैं। कानून को इस युक्तियुक्त आधार वाक्य पर बनाया गया था कि, क्योंकि निर्धनता के मूल कारण को रातोंरात मिटाया नहीं जा सकता तो (उसका व्यवहारिक उपागम यह है कि, 'बाल श्रम' के व्यवसाय का नियंत्रित कर दिया जाए। इसके अनुसार 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों को संगठित खण्ड के चुनिन्दा क्षेत्रों में नौकर रखने की अनुमति प्रदान कर दी गई और उसके साथ–साथ उनकी 'शिक्षा' एवं 'मनोरंजन' की सुविधाओं का भी प्रावधान किया गया, परन्तु इस कानून में एक बड़ी कमी 'प्रवर्तन मशीनरी' से सम्बधित थी जिसकी ढ़िलाई के कारण 'बाल–श्रमिकों के नियोक्ता तथा दुकान मालिकों ने कानून के प्रवाधानों का निडर होकर अवहेलना की। यद्यपि नये कानून के उल्लंघन के लिए सजा को और अधिक सख्त का दिया गया है, फिर भी बच्चों द्वारा मुहैया काराया गया सस्ता, नमनशील एवं 'अपरिवादी श्रमिक' वर्ण इस प्रथा को जारी रखने में निहित स्वार्थ को उत्पन्न करता है।

**सन्दर्भः**


1.मुकर्जी, रविन्द्र नाथ, 2005 'सामाजिक शोध एवं सांख्यिकी', विवेक प्रकाशन जवाहर नगर, दिल्ली।

2.सिंह निशांत, 2006 'सामाजिक न्याय और सतत् विकास', राधा पब्लिकेशन, नई दिल्ली।

3.अर्चना श्रीवास्तव, 'मानवता के नाम पर कलंक' योजना मई, 2008।

4.अखिलेश आर्येन्दु, 'बालश्रमिकों की स्थिति, समस्या एवं समाधान', कुरुक्षेत्र, नई दिल्ली।

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2019 SHISRRJ | Volume 2 | Issue 4 | ISSN : 2581- 6306

# महात्मा बुद्ध की शिक्षा: वर्तमान परिवेश में कितनी प्रासंगिक?

**डॉ. पूनम सिंह**
**नेट पी–एच.डी. राजनीतिशास्त्र**

सामान्यतया यह माना जाता है कि व्यक्ति के विचारों पर तदयुगीन सामाजिक,आर्थिक, राजनीतिक एवं धार्मिक परिवेश का व्यापक प्रभाव होता है। तथा व्यक्ति के विचार समय युगीन होते हैं, किंतु जब किसी व्यक्ति के विचार काल की सीमाओं को पार कर जाते हैं तो उसे महान पुरुष या महात्मा कहा जाता है तथा ऐसे व्यक्ति के विचार समय की सीमा को चीर कर चिर कालिक हो जाया करते हैं ऐसे ही महान व्यक्तियों में महात्मा बुद्ध की शिक्षाएं जितनी प्रासंगिक उनके समय में थी उससे कहीं ज्यादा प्रासंगिक आज प्रतीत होती हैं। जिस 'आविद्या' और 'दु:ख' से सतँप्त मानवता को बुद्ध ने अपनी शिक्षा के द्वारा समाप्त करने का बीड़ा उठाया था उसी काली छाया में आज भी मानवता कराह रही है। तब धर्म की अंधता ने मनुष्य को अंधा बनाया था तो आजधर्म के साथ-साथ अर्थ , विज्ञान, राजनीति एवं अन्य सामाजिक,राजनीतिक व्यवस्थाओं ने ऐसी विषमता पैदा कर दी है कि मनुष्य पीड़ा से कराह रहा है। कभी-कभी चारों तरफ अंधेरा नजर आता है और व्यक्ति प्रकाश की खोज में इधर-उधर भटकता रहता है।

वास्तव में सभी समस्याओं की जड़ में क्या है? और बुद्ध की शिक्षाएं उन समस्याओं के समाधान में कहां तक सहायक है? इतना समझ कर ही हम बुद्ध कि आज के समय में प्रासंगिकता का आकलन कर सकते हैं।

यहां हमारा उद्देश्य समस्याओं की गणना करना नहीं है अपितु उनका मूल कारण खोजना है। सामान्यतः सभी समस्याओं के मूल में व्यक्तिवादी अवधारणा को रेखांकित किया जा सकता है। संसार की अधिकांश समस्याओं को जननी 'मैं' यानी 'अहम' को माना जा सकता है। प्राय: यह देखा जाता है कि 'अहम' की तुष्टि ना होने पर व्यक्ति दु:खी हो जाता है। शायद इसीलिए महात्मा बुद्ध ने अपने प्रथम आर्य सत्य में घोषणा की थी कि सर्व□□ □□□□ □ यानी संसार दु:ख मय है। यह सत्य जितना बुद्ध के समय में प्रासंगिक था उतना ही आज भी है। किसी न किसी रूप में आज भी संपूर्ण संसार में □□□व्याप्त है। बुद्ध ने अपनेप्रथम आर्य सत्य में बताया था कि संसार में सभी प्राणियों का जीवन दु:ख मय है। जन्म, वृद्धावस्था,मृत्यु,इच्छित वस्तु का प्राप्त ना होना, प्राप्त सुख का नष्ट हो जाना □□□□□□ वस्तुओं व व्यक्तियों के साथ संपर्क प्रिय वस्तुओं एवं व्यक्तियों का वियोग आदि सभी दु:ख पूर्ण हैं। महात्मा बुद्ध केवल वक्ता नहीं थे वह केवल यह कहकर चुप नहीं रहे कि संसार दु:खमय है बल्कि अपने द्वितीय आर्य सत्य में उन्होंने दुख

के कारण को भी खोज निकाला बुद्ध की यह दृष्टि की प्रत्येक कार्य का कोई न कोई कारण अवश्य होता है, आज के वैज्ञानिक युग में अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए हैं| बुद्ध के द्वितीय आर्य सत्य को दु:ख समुदय कहा जाता है बुद्ध ने दु:ख के कारण की एक श्रंखला बताई है जिसमें उन्होंने दु:ख के मूल कारण के रूप में अज्ञान की पहचान की है| आज के इस वैज्ञानिक युग में जब हम Knowledge is Power की बात करते हैं, तो साथ ही साथ यह भी मानते हैं कि अज्ञान हमारी सारी समस्याओं का मूल कारण है| यहां भी बुद्ध के विचार हमारा मार्गदर्शन करते प्रतीत होते हैं| बुद्ध का तीसरा आर्य सत्य है दु:ख निरोध| इसमें महात्मा बुद्ध ने बताया है कि दु:ख निरोध संभव है| इसे बौद्ध दर्शन में निर्वाण कहा गया है| निर्वाण की व्याख्या विविध रूप में की गई है किंतु सरल भाषा में निर्वाण शब्द का प्रयोग दु:ख का अंत के रूप में की जाती है|

बुद्ध ने केवल यह नहीं बताया कि दु:ख निरोध ही निर्वाण है बल्कि उन्होंने इसका उपाय भी बताया जो सर्वाधिक महत्वपूर्ण है| बुद्ध ने अपने चतुर्थ और आर्य सत्य में दुख से मुक्ति का मार्ग भी बताते हैं| इसे अष्टांगिक मार्ग कहा जाता है जो आज भी हमारे लिए अपना महत्व रखता है|

1. **सम्यक दृष्टि**- सम्यक का अर्थ है उचित रीति से दृष्टि का अर्थ है देखना| बुद्ध ने अपने समय में इसका प्रयोग जिस भी रूप में किया है किंतु आज इसकी सर्वाधिक आवश्यकता है| यदि हम उचित रीति से यानी नियम अनुसार यथार्थ का ग्रहण करें तो कई समस्याओं में से अपने आप बच सकते हैं| किसी भी चीज को देखने का नजरिया हमारा अपना होता है उसमें अपने हित( व्यक्ति अथवा राष्ट्र के स्तर पर)की चासनी लगी होती है| इस प्रकार हमारी दृष्टि मिथ्या हो जाती है परिणाम स्वरूप हम दुख के दलदल में फंस जाते हैं अतः आज सम्यक दृष्टि की सहज आवश्यकता प्रतीत होती है|
2. **सम्यक संकल्प**- बुद्ध का मानना था कि केवल ज्ञान से ही कोई लाभ नहीं हो सकता| जबकि तक उनके अनुसार जीवन बिताने का संकल्प न लिया जाए| वास्तव में सम्यकसंकल्प की हमारे जीवन में आज नितांत अभाव है| ज्ञान के प्रसार में हमसे से कई व्यक्ति जानबूझकर गलत कार्य करते हैं| क्योंकि हमें संकल्प का अभाव है| सामान्य व्यक्ति ही नहीं बल्कि समाज के पथ-प्रदर्शको में भी दृढ़ संकल्प का अभाव देखा जा सकता है| यह जानते हुए कि दलबदल कराना गलत है, दलबदल करवाया जाता है| क्योंकि सत्य मार्ग पर चलने का ज्ञान तो है किंतु संकल्प नहीं है इसी प्रकार के अनेक उदाहरण दिए जा सकते हैं अतः सम्यक संकल्प का आधुनिक जीवन में महत्व और भी बढ़ गया है|
3. **सम्यक वाक**- अप्रिय वचनों ☐☐सर्वथा त्याग को सम्यक वाक कहा जाता है| अर्थात हमें मिथ्यवादीता, निंदा अप्रिय वतन तथा वाचलता से बचाना चाहिए| बुद्ध का यह संदेश आज भी प्रासंगिक है|
4. **सम्यक कर्मान्त**- सम्यक संकल्प को केवल वचन में नहीं अपितु कर्म में भी परिणत करना चाहिए**|** प्राय: यह देखा जाता है कि हम सोचते बहुत अच्छे हैं परंतु उसे कर्म में परिणत नहीं कर पाते| इससे हमारे विचार का कोई महत्व नहीं रह जाता| अतः बुद्ध का यह संदेश आज भी अनुकरणीय है|

5. **सम्यक जीव**-केवल उचित व न्यायपूर्ण उपायों द्वारा ही जीविकोपार्जन करना चाहिए| मेरे विचार से बुद्ध के उपदेशों में यह सर्वाधिक महत्वपूर्ण विचार है| यदि हम सभी केवल इसी मार्ग का अनुसरण करें तो अनेक समस्याएं स्वतः समाप्त हो जाएंगी|
6. **सम्यक व्यायाम**- मन में उत्पन्न होने वाली समस्त दुर्भावना का दामन करके उनके स्थान पर अच्छे विचारों का उत्पन्न करने का प्रयास करना|
7. **सम्यक स्मृति**- वस्तुओं के वास्तविक स्वरूप का स्मरण करना|
8. **सम्यक समाधि**-हर्ष -विवाद राग-द्वेष आदि सभी प्रकार के सांसारिक द्वंद से मुक्त होकर चित्त का पूर्ण एकाग्रता को प्राप्त करना वास्तव में 'समाधि' का महत्व धार्मिक और दार्शनिक माना जाता है| किंतु यदि ध्यान से देखा जाए तो इसे जीवन के लक्ष्य के रूप में माना जाना चाहिए| बुद्ध के इस संदेश से चित्त पूर्ण एकाग्रता आवश्यक है आज भी इस अर्थ में अपना महत्व बनाए हुए हैं कि जब तक हम एकाग्रचित

होकर कोई कार्य नहीं करेंगे कार्य को सफलता संदिग्ध होगी| संक्षेप में हम कह सकते हैं कि अष्टांगिक मार्ग का महत्व आज भी बना हुआ है|

भगवान बुद्ध की शिक्षा का सार है शील, समाधि एवं प्रज्ञा| सर्व पाप से विरति 'शील' है| शिव( शुभ) मैं निरंतर नियति 'समाधि' है ईष्ट-अनिष्ट से परे संभव से रति 'प्रज्ञा' है| ' शील' अपने आप में वजनी शब्द है| अन्य भाषाओं में इसका स्थानापन् शब्द खोजने से नहीं मिलता| यह भारतीय आचार- मीमांसा के गायत्री है| राम-कृष्ण, बुद्ध और महावीर इसलिए पुरुषोत्तम है कि शील उनका स्वभाव है| शील के बिना सारे गुण वैसे ही निश्चित है जैसे पुतली के बिना नेत्र| वाणी, कर्म और जीविका भी शुचिता में शील की पहचान होती है| प्रिय सत्य बोलने से वाणी पवित्र होती है| वाणी में अमृत भी है और विषभी| जब वाणी पर विष हावी होता है तो वह प उपद्रव बनकर सामने खड़ी हो जाती है जबकि अमृतमय वाणी सबके हृदय को शीतल कर देती है| संयुक्त- निकाय में बुद्ध का विचार है' "शील शासन की मूल भित्ति है और आत्मविजय" का प्रस्थान बिंदु है| जिसने अपने को जीत लिया उसने सारे संसार को जीत लिया|

केवल वचन वागविलास है| उसे कर्म में उतरना चाहिए| कथनी और करनी में संपूर्णता को बुद्ध ने 'सम्यक कर्म' कहा है तुम जो भी कर्म करते हो उसमें इंद्र-मन-बुद्धि के साथ मौजूद भी रहो| सत्कर्मों का पुंज ही चरित्र है और चरित्र महापुरुष का जीवित स्मारक| भूखे को ना खिला कर स्वयं खा लेना शील का तिरस्कार है| श्रम करके जीविका चलाना सृष्टि के विधान का अनुपालन है| चित्त को खचाखच सद्‌गुणों से भर देने के विकास उसे कंपित नहीं कर पाते| बुद्ध ने 'समाधि' को ' शासन का मध्य' कहां है| ' प्रज्ञा' शासन का गंतव्य बिंदु है| शील और समाधि का पर्यवसान प्रज्ञा में ही होती है| बुद्ध को अर्हत(निर्वाण) की यात्रा रास नहीं आई|वे व्यक्तिगत मुक्ति के स्थान पर सर्वगत मुक्ति चाहते थे| उनकी साधना यात्रा प्रज्ञापारमिता या बोधिसत्व तक जाती हैं, जहां पहुंचने पर सर्वगत मुक्ति का मार्ग प्राप्त होता है|

बोधिसत्व  के चरित्र में हम लोग कल्याण की भावना का उत्कर्ष पाते हैं श्री शांति देव बोधिसत्व की सेवा भावना के सवव्‍या का बड़े मनोरम शब्दों में वर्णन करते हैं, "मैं अनाथो का नाथ बनूंगा, यात्रियों का सार्थवाह बनूंगा, पार जाने वाले के लिए नाव बनूंगा|  दीपक चाहने वालों के लिए दीपक बनूंगा  जिन्हें दास की आवश्यकता है उनके लिए दास बनूंगा, इस प्रकार मैं सब प्राणियों की सेवा करूंगा| आज इसी सेवा भावना की आवश्यकता सबसे अधिक है|

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि शताब्दियों पूर्व महात्मा बुद्ध ने जिन सिद्धांतों व आदर्शों का प्रतिपादन किया वह आज के वैज्ञानिक युग में भी अपनी महत्ता बनाए हुए हैं तथा संसार के देश उन्हें कार्यान्वित का प्रयास कर रहे हैं|भारत ने अपने राज्य चिन्ह के रूप में बौद्ध प्रतीक को ही ग्रहण किया है तथा वह शांति एवं सह अस्तित्व का पोषक बना हुआ है| पंचशील का सिद्धांत बौद्ध धर्म की ही देन है|

सरकार का नारा बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय' अक्षरशः  महात्मा आधुनिक संघर्षशील युग में यदि हम बुद्ध के सिद्धांतों का अनुसरण करें तो नि:संदेह शांति एवं सद्भाव स्थापित हो सकता है- आओ हम  संकल्प लें- बुद्धं शरणम् गच्छामि|

## संदर्भ सूची


1. नीति शास्त्र के मूल सिद्धांत- वेद प्रकाश वर्मा पृ.356|
2. प्राचीन भारत का इतिहास एवं संस्कृति- के. सी. श्रीवास्तव पृ. 826
3. भारतीय दर्शन- बद्रीनाथ सिंह पृ.167
4. भारतीय दर्शन- दत्ता एवं चटर्जी पृ.146
5. दैनिक जागरण- 5 फरवरी 2011

Shodhshauryam
International Scientific Refereed Research

Publisher
Technoscience Academy
Website : www.technoscienceacademy.com
Email: info@technoscienceacademy.com

Email: editor@shisrrj.com